सूर्योदय 5:55 सूर्यास्त 6:47

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 14.2 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 17.2 न्यू | 27.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76734.89 |
| निफ्टी | 23328.55 |
| सोना 95,130 | चांदी 97,775 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मुंबई इंडियंस की रणनीति पर पड़ रहा रोहित शर्मा के खराब फॉर्म का असर: अंजुम

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 16 अप्रैल 2025 | 4 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 107, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs राजस्थान रॉयल्स

समयः रात 7:30 बजे (दिल्ली)

## न्यूज शॉर्ट्स

### गुरुग्राम जमीन घोटाले में रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ



**नई दिल्ली।** कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने मंगलवार को हरियाणा भूमि सौदे से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ की और बयान दर्ज किए। ईडी की पूछताछ को 'राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से प्रेरित' बताते हुए वाड्रा ने कहा कि पहले भी ईडी उनसे घंटों पूछताछ कर चुकी है, हजारों पन्ने साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन मंगलवार से शुरू हो गई है। श्रद्धालु ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन फीस 220 रुपए रखी गई है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 600 से ज्यादा बैंकों में किया जा सकता है। इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त (रक्षाबंधन) तक (39 दिन) चलेगी। यात्रा दो रूट पहलगाम (अनंतनाग) और बालटाल (गांदरबल) से होगी और लगभग 6 लाख श्रद्धालु यात्रा पर आ सकते हैं।

### दिग्विजय ने बाबा रामदेव के खिलाफ दर्ज करवाई शिकायत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने योग गुरु बाबा रामदेव के खिलाफ भोपाल के टीटी नगर थाने में मंगलवार को शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा रामदेव ने अपने उत्पादों के प्रचार के दौरान ऐसी टिप्पणी की है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। बाबा रामदेव ने हाल ही में अपने एक शरबत के प्रचार के लिए देश के एक प्रतिष्ठित शरबत ब्रांड पर यह कहते हुए टिप्पणी की थी कि उस ब्रांड को खरीदने से देश में मदरसे बनेंगे।

### पूजा खेडकर को राहत गिरफ्तारी पर रोक बढ़ाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से संरक्षण देने के अपने अंतरिम आदेश को बढ़ा दिया है। पूजा पर 2022 संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए पात्रता प्राप्त करने के लिए अपने दस्तावेजों में जालसाजी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई 21 अप्रैल को तय की है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- 42000 स्क्वायर फुट में बनेगा 5 मंजिला स्पोर्ट्स कांप्लेक्स -पेज 2
- शिरगुल देवता के दर्शन के लिए वसूला जाएगा शुल्क -पेज 12
- संशोधित वक्फ अधिनियम मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं: रिजिजू -पेज 13
- सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे सिंधू-सेन -पेज 14

# पांगी की महिलाओं को एकमुश्त 4500-4500 रुपए की सौगात

## हिमाचल दिवस पर बोले सीएम सुक्खू- कर्मचारियों को जून में जारी होगा 3 प्रतिशत डीए

**अनंत ज्ञान टीम, चंबा/भरमौर**

**चंबा** जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी के किलाड़ में मंगलवार को आयोजित राज्यस्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महिलाओं को बड़ी सौगात दी है।

उन्होंने 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना' के तहत पांगी की 1,926 महिलाओं को अप्रैल, मई और जून महीने की तीन किस्तों के रूप में प्रति लाभार्थी 4,500 रुपए जारी किए। इस योजना के तहत कुल 86.67 लाख रुपए की राशि वितरित की गई। वहीं, कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाने की घोषणा की। यह डीए की अतिरिक्त किस्त जून माह में जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि पांगी घाटी की सभी पात्र महिलाएं, जो अब तक योजना से वंचित हैं, उन्हें भी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने पर लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक जनवरी, 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाली महिलाएं और घरेलू सहायिकाएं भी इस योजना के दायरे में लाई जाएंगी।



**बोले- जो महिलाएं अभी योजना से वंचित उन्हें भी मिलेगा लाभ**

### बिलासपुर सदर और ऊना का महिला पुलिस थाना प्रदेशभर में सर्वश्रेष्ठ

**मुख्यमंत्री** ने वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस थानों को भी सम्मानित किया। सभी मूल्यांकन के बाद बिलासपुर का सदर थाना पहले स्थान पर रहा। मंडी के बीएसएल कॉलोनी थाने को दूसरा और नूरपुर के डमटाल थाने को तीसरा स्थान मिला। महिला थाना ऊना को महिला अपराधों की संवेदनशील हैंडलिंग और सामुदायिक संपर्क में बेहतर काम के लिए राज्य का सर्वश्रेष्ठ महिला थाना चुना गया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इन थानों के प्रभारियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। थानों का चयन कई महत्वपूर्ण मानकों पर किया गया। इनमें अपराध नियंत्रण, एनडीपीएस और आबकारी जैसे कानूनों का प्रवर्तन, वारंट की तामीली और साइबर अपराध की रोकथाम शामिल थे। इस साल एनडीपीएस मामलों पर विशेष फोकस रहा। खासकर बड़े मामलों में कार्रवाई, निरोधात्मक डिटेंशन और 220 लाख या उससे अधिक की संपत्ति की कुर्की पर जोर दिया गया।

### उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारी किए सम्मानित

**मुख्यमंत्री** ने सरकारी सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। जेबीटी शिक्षक देवी चरण फिंडपार स्कूल, कुलाल स्कूल के जेबीटी शिक्षक सुरिंद्र कुमार, नागरिक अस्पताल किलाड़ के सर्जन डॉ. विशाल शर्मा, किलाड़ स्कूल के प्रधानाचार्य भगवान दास चौहान, पांगी के तहसीलदार शांता कुमार, पांगी कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला देवी और पुलिस थाना पांगी के एसएचओ जोगिंदर सिंह को सम्मानित किया।

### जौ के लिए 60 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने की घोषणा

**सीएम** सुक्खू ने पांगी को हिमाचल का पहला प्राकृतिक खेती उपमंडल बनाने और इसके लिए 5 करोड़ रुपए के रिवोलविंग फंड प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने जौ के लिए 60 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने और पांगी में 10 हजार लीटर क्षमता वाला दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने की घोषणा की। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार पांगी घाटी में बिजली आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए 62 करोड़ की परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। तांदी और शौर तक 11 केवी लाइन पर 5 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने थिरोट से किलाड़ तक 33 केवी लाइन बिछाने के लिए 45.50 करोड़ रुपए की घोषणा की। उन्होंने साच को उपतहसील का दर्जा देने और महिला मंडल भवनों के निर्माण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

## सुप्रीम कोर्ट की इलाहाबाद हाईकोर्ट को हिदायत

# रेप केस में विवादित टिप्पणी करने से बचें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने 20 दिन में दूसरी बार इलाहाबाद हाईकोर्ट को हिदायत दी कि उसे किसी भी केस में विवादित टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को रेप के आरोपी को जमानत देते वक्त कहा था कि पीड़ित लड़की ने खुद मुसीबत बुलाई। रेप के लिए वही जिम्मेदार है।

सुप्रीम कोर्ट इलाहाबाद हाईकोर्ट की 19 मार्च को की गई एक और टिप्पणी 'स्तन दबाना और पायजामे की डोरी तोड़ना रेप की कोशिश नहीं मानी जा सकती' पर सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की 10 अप्रैल की टिप्पणी का जिक्र किया। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट जज का जमानत के बारे में फैसला केस से जुड़े फैक्ट्स के आधार पर करना चाहिए।

पीड़ित लड़की के खिलाफ गैरजरूरी टिप्पणी से बचना चाहिए। जस्टिस गवई ने कहा कि केस में जमानत दी जा सकती है, लेकिन यह क्या बात हुई कि पीड़ित ने खुद ही मुसीबत बुलाई। जज को ऐसी टिप्पणी करते वक्त सतर्क रहना चाहिए। इस पर एसजी तुषार मेहता ने कहा कि न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि दिखाई भी देना चाहिए। इस तरह के आदेश को आम आदमी किस नजरिए से देखेगा, यह भी सोचना चाहिए।



### नीतीश कटारा हत्याकांड में यूपी और दिल्ली सरकार को फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी विकास यादव की मां के इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड गठन में देरी करने पर उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में अफसरों को कहा कि हमारी नरमी का गलत फायदा न उठाएं। राज्य को ऐसे मामलों में निष्पक्ष होना चाहिए। नीतीश कटारा हत्या मामले में 25 साल की सजा काट रहे विकास ने बीमार मां की देखभाल के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने हैरानी जताई कि दो अप्रैल के आदेश के बावजूद गाजियाबाद के यशोदा अस्पताल में भर्ती उनकी मां की स्थिति की जांच के लिए मेडिकल बोर्ड गठित करने में 10 दिन लग गए।

# हिमाचल में 18 से फिर बिगड़ेगा मौसम ओलावृष्टि और तेज अंधड़ का अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम के कड़े तेवर देखने को मिलेंगे। मौसम विभाग ने राज्य में 18 से 20 अप्रैल तक तेज बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़ का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिलों में 18 और 19 अप्रैल को भारी बारिश हो सकती है, जबकि 19 अप्रैल को मंडी समेत कुछ अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में भी मौसम बिगड़ सकता है। शिमला जिले में कुछ स्थानों पर 18 और 19 अप्रैल को ओलावृष्टि होने की आशंका जताई है और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने बताया कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ प्रवेश कर रहा है। मंडी, कांगड़ा और शिमला जिलों में भी कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं। हमीरपुर, सोलन, सिरमौर और बिलासपुर जिलों में भी कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।



### राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

**इलाहाबाद।** श्रीराम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी राम मंदिर ट्रस्ट को ई-मेल से दी गई है। धमकी में लिखा कि बढ़ा लो मंदिर की सुरक्षा। ट्रस्ट की ओर से तुरंत इस मेल की जानकारी अयोध्या पुलिस को दी गई। इसके बाद अयोध्या ही नहीं, यूपी के कई जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया और पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। वहीं, अयोध्या के अलावा बाराबंकी और चंदौली के जिलाधिकारियों को भी इसी तरह का धमकी भरा मेल आया है। इन मेले में भी धमकियां दी गईं कि संबंधित जिलों में बम धमाके हो सकते हैं। इसके बाद पुलिस-प्रशासन हरकत में आया और तुरंत सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा शुरू की।

### नेशनल हेराल्ड केस में ईडी ने दाखिल की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** ईडी ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट में सैम पित्रोदा का भी नाम शामिल है। ईडी ने राऊज एवन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट ने इस मामले में आरोपों पर संज्ञान लेने की सुनवाई की तारीख 25 अप्रैल तय की है। चार्जशीट में सुमन दुबे और अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। वहीं, सांसद राहुल गांधी के खिलाफ चल रहे मानहानि मामले में मंगलवार को सुनवाई होनी थी, लेकिन वादी की तरफ से गवाह पेश न होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई 28 अप्रैल को तय की है।

## शेयर बाजार में तेजी, निफ्टी भी 500 अंक चढ़कर 23,329 पर पहुंचा

# सेंसेक्स में 1578 अंक का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में मंगलवार को बड़ी तेजी रही। सेंसेक्स 1578 अंक (2.10 फीसदी) चढ़कर 76,734.89 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 500 अंक (2.19 फीसदी) से ज्यादा की तेजी रही। यह 23,328.55 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी रही।

इंडसइंड बैंक में 6.70 फीसदी, टाटा मोटर्स में 4.61 फीसदी, लार्सन एंड टुब्रो में 4.50 फीसदी, एक्सिस बैंक में 4.23 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स में 4.13 फीसदी की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडाइसेज में सबसे ज्यादा तेजी रियल्टी में 5.64 फीसदी, ऑटो में 3.39 फीसदी, फाइनेंशियल सर्विसेज में 3.28 फीसदी, मेटल में 3.20 फीसदी और मीडिया में 2.97 फीसदी की रही।

अमेरिका का डाउ जोन्स 312 अंक (0.78 फीसदी), नैस्डेक कंपोजिट 7 अंक (0.64 फीसदी) चढ़कर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 285 अंक (0.84 फीसदी) चढ़कर 34,267 पर बंद। कोरिया के कोस्पी में 0.88 फीसदी (21 अंक) की तेजी रही और यह 2,477 पर बंद हुआ।



# सोलन-शिमला के बीच फोरलेन की डंपिंग साइट में बनेंगे पार्क

## पर्यटकों का बढ़ेगा आकर्षण, स्थानीय लोगों को भी मिलेगा रोजगार



**आर मोहन चौहान, सोलन**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**चंडीगढ़** से प्रदेश की राजधानी शिमला को जोड़ने वाले फोरलेन में बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए डंपिंग साइड में ईको फ्रेंडली पार्क बनाए जाएंगे। इससे पर्यटक यहां की आबोहवा का मजा लेंगे। वहीं, स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर मिलेंगे।

एनएचएआई ने नेशनल हाईवे-5 में चंबाघाट से कैथलीघाट फोरलेन निर्माण के बीच डेवलप हुई डंपिंग साइट में ईको फ्रेंडली पार्क बनाने की योजना तैयार की है। योजना के अनुसार, मिट्टी के डंपिंग स्थानों पर पार्क का निर्माण करवाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण वन विभाग के साथ मिलकर यह कार्य करवाएगा। गौर रहे कि चंबाघाट से कैथलीघाट तक दूसरे चरण में फोरलेन निर्माण कार्य चला हुआ है। यहां पर एरिफ कंपनी कार्य कर रही है। कंपनी की ओर से करीब 80 फीसदी कार्य पूरा कर दिया है। फोरलेन निर्माण कार्य के दौरान पहाड़ों की कटिंग की है और काफी मिट्टी निकली है। इसे डंप करने के लिए प्वॉइंट बनाए गए हैं। अब इन डंपिंग प्वॉइंट को सुधारने का काम किया जाएगा। इससे भू-स्खलन भी रुक जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### कोटी में सेल्फी प्वॉइंट भी बनाया

**फोरलेन** के पहले आई लव हिमाचल पार्क के कोटी में सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। यहां वीकेंड में पर्यटकों की पार्क में काफी भीड़ लगी रहती है, लेकिन अब दूसरे चरण में हो रहे निर्माण कार्य को और सुविधाजनक बनाने के लिए एनएचएआई योजना बना रही है। पहले चरण में एनएचएआई व वन विभाग ने पांच पार्कों का निर्माण किया है।

### डंपिंग स्थानों का विकास होने से बढ़ेगी सुंदरता

**मिट्टी** के डंपिंग स्थानों का विकास होने से सुंदरता भी बढ़ेगी। साथ ही वाहन चालकों को भी सुविधा मिलेगी और यहां कुछ देर तक आराम भी कर सकेंगे। इससे पहले परवाणू से सोलन के बीच मिट्टी के डंपिंग साइट पर पार्कों का निर्माण किया गया है। ये पार्क बनकर तैयार हो गए हैं। फोरलेन के पहले चरण में पांच पार्क एनएचएआई ने वन विभाग के साथ मिलकर तैयार किए हैं।

> **राष्ट्रीय** राजमार्ग प्राधिकरण से अभी मिट्टी की साइट को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं आया है। यदि यहां पर पार्क बनाने की योजना है, तो उसके लिए पहले प्रस्ताव आएगा। इसके बाद साइट का निरीक्षण कर रिपोर्ट दी जाएगी।
>
> **-एचके गुप्ता, वन मंडल अधिकारी, सोलन।**

> **चंबाघाट** से कैथलीघाट तक निर्माण कार्य 80 फीसदी तक कर लिया है। मिट्टी की डंपिंग साइट को विकसित कर पार्क बनाने की योजना है।
>
> **-आनंद दहिया, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, एनएचएआई शिमला।**


**शोध** | सेब में हाई फाइबर खूबियां; हृदय को बेहतर बनाने का भी करता है काम, कैंसर से लड़ने में सहायक

# तनाव से चाहिए छुटकारा और सांसों को सहारा, तो खाओ सेब

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

अनंत ज्ञान खास खबर

**सेब** ऐसा फल है, जिसका कोई जवाब नहीं। यह बिगड़ते स्वास्थ्य को संभाल सकता है। तनाव को कम कर सकता है, कैंसर जैसी घातक बीमारी की कोशिकाओं को रोक सकता है और बिगड़े श्वसन तंत्र में सक्रियता ला सकता है। तमाम हाई फाइबर खूबियों से लबरेज सेब के छिलके और कोर में आहार फाइबर होता है। सेब का लगभग 19 फीसदी हिस्सा कार्बोहाइड्रेट से बना होता है और 4 फीसदी हिस्सा विभिन्न प्रकार के विटामिन और खनिजों से बना होता है। सेब के हिस्से में 80 फीसदी से ज्यादा पानी होता है। एक मध्यम आकार के सेब में लगभग 40 कैलोरी होती है।



सेब के छिलके और कोर को बाहर करने से विटामिन सी और आहार फाइबर की मात्रा आधी हो जाती है, लेकिन चीनी के सेवन में बहुत कम अंतर आता है। विशेषज्ञ दावा करते हैं कि किसी भी तरह के दूषित पदार्थ को हटाने के लिए त्वचा को धोना उचित है। सेब के बीज बादाम की तरह थोड़े कड़वे होते हैं और उनमें साइनाइड के अंश होते हैं, लेकिन इतने नहीं कि वे हानिकारक हों। स्वास्थ्य सलाहकार संगठन कैंसर के जोखिम को कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए हमें प्रतिदिन कम से कम पांच भाग फल और सब्जियां खाने की सलाह देते हैं। भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईएफआर) को इटली और अमेरिका से लौटाए गए खाद्य सेवन प्रश्नावली से पता चला है कि विश्व में 24 से 34 वर्ष की आयु के बीच की महिलाएं सबसे ज्यादा सेब खाती हैं। वे औसतन प्रतिदिन अपने आहार में एक सेब शामिल करती हैं। दूसरी ओर युवा, वयस्क, पुरुष बहुत कम सेब खाते हैं। वृद्धों के लिए यह आंकड़ा सप्ताह में 4-6 सेब के बीच बदलता रहता है। (अनंत ज्ञान)

### याददाश्त में बेहतर सुधार लाने के गुण मौजूद

**मशहूर** वैज्ञानिक चांचौ एट अल. तर्क देते हैं कि सेब में याददाश्त बेहतर सुधार लाने के गुण मौजूद हैं। उन्होंने अपने शोध में चूहों को सेब का रस प्रतिदिन 2 से 3 कप बराबर खिलाया गया, जब उन्हें भूलभुलैया में रखा गया तो उनका प्रदर्शन बेहतर रहा। यही नहीं उनके मस्तिष्क में ऑक्सीडेटिव क्षति कम हुई।

### फेफड़ों की कार्यप्रणाली में लाता है सुधार

**वैज्ञानिक** बटलैंड एट अल के एक अध्ययन ने दिखाया कि फेफड़ों के कार्य और प्रति सप्ताह खाए जाने वाले सेबों की संख्या के बीच सकारात्मक संबंध है। सप्ताह में पांच या उससे ज्यादा सेब खाने से फेफड़ों की कार्यप्रणाली बेहतर रहती है। शोधपत्र में यह भी सुझाव दिया गया कि खाए जाने वाले सेबों की संख्या सिर्फ एक स्वस्थ जीवनशैली को दर्शा सकती हैं।

### वायुमंडलीय प्रदूषकों से बचाने की ताकत

**कुछ** शोध बताते हैं कि क्वेरसेटिन फेफड़ों को सिगरेट के धुएं जैसे वायुमंडलीय प्रदूषकों से बचा सकता है, ऐसे रसायनों में पाए जाने वाले हानिकारक मुक्त कणों की संख्या को कम करके जो उजागर अंदरुनी ऊतक को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में शोधकर्ताओं ने यह भी दिखाया कि सेब का सेवन युवा वयस्कों 28 से 42 वर्ष की आयु में अस्थमा के जोखिम को कम करने में भूमिका निभा सकता है।

# ट्रंप ने हार्वर्ड की 18 हजार करोड़ रुपए की फंडिंग रोकी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की 2.2 अरब डॉलर (करीब 18 हजार करोड़ रुपए) की फंडिंग रोक दी है।



यह कार्रवाई इसलिए हुई, क्योंकि हार्वर्ड ने व्हाइट हाउस की उन मांगों को मानने से इनकार कर दिया, जिनका मकसद कैंपस में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर सख्ती करना था। ट्रंप प्रशासन ने 3 अप्रैल को यूनिवर्सिटी के सामने मांग रखी थी कि यूनिवर्सिटी के गवर्नेंस, एडमिशन और हायरिंग प्रोसेस पर सरकार को नियंत्रण दिया जाए, ताकि बड़ा बदलाव किया जाए। इसके अलावा डाइवर्सिटी ऑफिस बंद करने और अंतरराष्ट्रीय छात्रों की जांच में इमिग्रेशन अफसरों की मदद करने की मांग भी रखी गई थी। हार्वर्ड ने इन मांगों को गैरकानूनी और असंवैधानिक बताते हुए खारिज कर दिया था। इसके बाद सोमवार रात को ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड को बताया कि उसकी 2 अरब डॉलर से ज्यादा की फेडरल फंडिंग रोका जा रहा है। हार्वर्ड प्रेसिडेंट एलन गारबर ने छात्रों और फैकल्टी को लिखे पत्र में कहा कि यूनिवर्सिटी सरकार के आगे नहीं झुकेगी और अपनी स्वतंत्रता और संवैधानिक अधिकारों को लेकर कोई समझौता नहीं करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल दिवस मनाने का उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रेरित करना



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ के उपध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने सभी प्रदेश वासियों को 78वें हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व उन वीरों को समर्पित है, जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम और राज्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जैसे डॉ. वाईएस परमार, जिन्होंने हिमाचल के पहले मुख्यमंत्री के रूप में राज्य की नींव को मजबूत किया। उनके नेतृत्व में हिमाचल ने शिक्षा, सड़क निर्माण और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की। हिमाचल दिवस मनाने का उद्देश्य युवा पीढ़ी को प्रेरित करना है, ताकि वे अपने राज्य की धरोहर को पहचानें और इसे आगे बढ़ाएं।

### संघ की खंड इकाइयों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ हमीरपुर जिला प्रधान केसी गौतम ने जिले की खंड इकाइयों के अप्रैल माह में होने वाले चुनाव की तिथियों व पर्यवेक्षकों की प्रतिनियुक्ति बारे अधिसूचना जारी की है। जिला प्रधान ने बताया कि 21 अप्रैल को टौणीदेवी खंड इकाई का चुनाव टौणीदेवी माता मंदिर परिसर में टौणीदेवी में पर्यवेक्षक जगदीश चंद शर्मा (नादौन प्रधान) व अवनीश कुमार की देखरेख में होंगे, 22 अप्रैल को सुजानपुर खंड इकाई का चुनाव संकटमोचन मंदिर परिसर, भलेठ में पर्यवेक्षक जैशी राम विमल व रमेश धीमान की देखरेख में, 23 को नादौन खंड इकाई का चुनाव कांगू में पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह वन्याल व कर्म चंद कानूनगो की देखरेख में, 24 को भोरंज खंड इकाई का चुनाव राधा कृष्ण मंदिर परिसर, भ्याड़ (डुंगरीं) में पर्यवेक्षक सुभाष चंद शर्मा व देव राज पटियाल की देखरेख में, 26 को बिझड़ी खंड इकाई का चुनाव मंदिर परिसर, बिझड़ी में पर्यवेक्षक शंभू राम जसवाल व जगदीश चंद शर्मा (नादौन महासचिव) की देखरेख में संपन्न होंगे, जबकि 29 को हमीरपुर खंड इकाई का चुनाव पेंशनर भवन, हमीरपुर में पर्यवेक्षक जगदीश चंद शर्मा (टौणीदेवी प्रधान) व तोता राम जंजुआ की देखरेख में होंगे। जिला प्रधान केसी गौतम ने सभी खंड पदाधिकारियों व पेंशनर्स से अपील की है कि वे संघ के द्विवार्षिक चुनावों में सक्रिय रूप से भागीदारी सुनिश्चित करें व कर्मठ पदाधिकारियों का चयन कर खंड का दायित्व संभालें। उन्होंने पदाधिकारियों से आग्रह किया कि सभी खंड इकाइयों में चुनाव प्रक्रिया से पूर्व खंडों के वर्ष 2023-25 के लेखों का ऑडिट करवा लिया जाए, ताकि चुनाव से पूर्व हाउस से अनुमोदन हो पाए।

### धार्मिक कार्यक्रम के लिए निशुल्क मिलेगी सुविधा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर द्वारा वार्ड नंबर-5 में हालही में बाल भवन के साथ खाली पड़ी भूमि का सदुपयोग करते हुए एक बहुआयामी भवन का निर्माण करवाया है। इस भवन में बहुत बड़ा हॉल है और हॉल के साथ अन्य सुविधाएं भी जुटाई गई हैं। इस भवन में श्रीमदभागवत कथा, शिव पूजन, हवन यज्ञ, सत्संग, कीर्तन व भंडारा आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। इन आयोजनों के लिए यह भवन सभी के लिए निशुल्क दिया जाएगा। सीनियर सिटीजन काउंसिल के अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि बहुआयामी भवन को धार्मिक कार्यों को निशुल्क देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि भवन की सुंदरता और स्वच्छता बनाए रखने के बदले में आयोजकों को 5 हजार रुपए की राशि भवन के उपयोग करने से पहले देनी होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम संपन्न होने के बाद 5 हजार रुपए की राशि वापस लौटा दी जाएगी।

# 2400 करोड़ से विकसित होंगे नए पर्यटन स्थल : बाली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल दिवस पर मंगलवार को हमीरपुर में समारोह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) के मैदान में आयोजित किया गया।

इस जिला स्तरीय समारोह में पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली। भव्य परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड्स, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड्स तथा अन्य टुकड़ियों ने शानदार मार्चपास्ट किया और विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए बाली ने कहा कि प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष के कारण ही हिमाचल को एक अलग राज्य का दर्जा मिला था। हिमाचलवासियों की कर्मठता और ईमानदारी के कारण इस छोटे से राज्य को देश-विदेश में खास पहचान मिली है। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के कार्यभार संभालते ही प्रदेश में जनकल्याण एवं व्यवस्था परिवर्तन के नए युग का सूत्रपात हुआ है। प्रदेश सरकार ने लगभग 2400 करोड़ की लागत से दो चरणों में नए पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना बनाई है। सरकार 'मुख्यमंत्री पर्यटन स्टार्ट-अप योजना' लाने जा रही है। इसके अंतर्गत गैर-जनजातीय क्षेत्रों में हिमाचली युवाओं को होम स्टे और होटल बनाने के लिए ऋण पर 4 प्रतिशत और जनजातीय क्षेत्रों में 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दी जाएगी। प्रदेश सरकार हिमाचल को 31 मार्च 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य, वर्ष 2027 तक प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2032 तक देश के सबसे समृद्धशाली राज्य के रूप में विकसित करने के दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए 10 वादों में से 6 वादों को सरकार ने मात्र दो वर्षों में पूरा कर दिया है। प्रदेश में पहली बार दूध, प्राकृतिक खेती से उगाए गेहूं, मक्की और हल्दी के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया गया है। वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मचारियों के लिए 3 लाख रुपए की सहायता का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम जैसे ही खत्म हुआ, तो बाली को पास गांव के लुडीराम ने घेर लिया।

उन्होंने सड़क के निर्माण का मुद्दा उठाया और कहा कि आपके अगल-बगल में जो नेता खड़े हैं। उनसे कई बार फरियाद की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती। इस पर काफी देर तक बाली उनकी बात सुनते रहे और लुडीराम के साथ अपनी बात को जारी रखा। बाद में सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत राणा ने कहा कि इसकी डीपीआर तैयार हो रही है और जल्द काम शुरू होगा।



### पांच-पांच हजार के दिए नकद पुरस्कार

**आरएस** बाली ने सड़क दुर्घटनाओं के दौरान घायलों की तुरंत मदद करने वाले गांव दिम्मी के संदीप ठाकुर और गांव मैड़ के मोहिंद्र सिंह को परिवहन विभाग की गुड सैमेटेरियन योजना के तहत पांच-पांच हजार के नकद पुरस्कार दिए। इन दोनों पुरस्कृत व्यक्तियों ने यह राशि जिला रेडक्रॉस सोसायटी को दान करने का निर्णय लिया। मुख्यातिथि ने समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों और परेड के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू, विधायक सुरेश कुमार और कैप्टन रणजीत सिंह, कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष रामचंद्र पठानिया, पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, सुमन भारती आदि मौजूद रहे।

### बाली के अंदाज के सभी हुए मुरीद, हर किसी से मिलने का किया प्रयास, समस्याएं भी सुनीं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल दिवस के मौके पर पहुंचे आरएस बाली के अंदाज ने यहां कांग्रेसियों और आम जनता में अच्छी पेठ छोड़ने का जो प्रयास किया, उसी की वजह से यहां कांग्रेसी भी उनके अंदाज के मुरीद हुए, लेकिन उनके यह स्टाइल उनके पिता आरएस बाली और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के जनता के बीच के आसार पर भी चर्चा छोड़ गया। कारण यह था कि उनके अगल-बगल में हमीरपुर के जितने कांग्रेसी नेता मौजूद थे, शायद वे उनके इस अंदाज से कोई सीख जरूर लेंगे, ताकि जनता के बीच उनके व्यवहार की चर्चा राजनीतिक रूप में मजबूती की ओर प्रभावशाली बन सके। दरअसल, आरएस बाली सुबह ही हमीरपुर पहुंचे थे। वे सर्किट हाउस में कांग्रेसियों से अच्छे से मिले। उसके बाद हिमाचल दिवस कार्यक्रम के लिए ब्वॉयज स्कूल के ग्राउंड में आयोजित समारोह में जब मुख्यातिथि के रूप में हिस्सा लेने पहुंचे। उनकी मिलनसारी यहां खूब चर्चा में दिखी। वे जनता से बातचीत कर रहे थे। उनके पांव भी छू रहे थे। सबसे अहम यह रहा कि कार्यक्रम जैसे ही खत्म हुआ, वे अपने पिता के अंदाज में लोगों से बात करते हुए नजर आए। लुडी नामक जिस व्यक्ति ने बेबाकी के साथ सड़क के निर्माण को लेकर मुख्यातिथि को अपनी पीड़ा सुनाई, उस वक्त हमीरपुर के नेता भी मौजूद थे, लेकिन बाली का अंदाज अनोखा था और वह लगातार उनकी बात को सुनते गए। यह तो सिर्फ एक घटना थी, इसके अलावा भी वे समारोह स्थल से लेकर सर्किट हाउस तक चलते-चलते सभी लोगों से मिलते चले गए, जो सामने आए, अगल-बगल में उनके साथ भी उन्होंने बातचीत की। आम कांग्रेसियों को यह माहौल यहां नया उत्साह भरने में निश्चित रूप में काम कर गया है, लेकिन जिले के नेताओं को भी अपने अलग अंदाज में ये नसीहत दे गया है कि जनता के साथ संपर्क बनाए रखने और उनकी समस्याएं सुनने के लिए उनके बीच खड़े होने की कितनी जरूरत है। बेबाकी का यह अंदाज उनके पिता जीएस बाली के स्टाइल से भी दो कदम आगे बढ़कर दिखा क्योंकि वे भी अलग अंदाज में ही लोगों के बीच मिलन सारी की अच्छी खासी पेठ छोड़ने में माहिर थे।

# आत्महत्या नहीं, साजिश के तहत की मेरी बेटी की हत्या

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नादौन के सेरा में स्थित एसबीआई की शाखा में बतौर आउटसोर्स क्लास फोर के पद पर कार्यरत 32 वर्षीय युवती ने 10 अप्रैल को फंदा लगाकर जान दे दी थी। महिला के परिजन इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं हैं कि उनकी बेटी ने आत्महत्या की है।

परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी ममता देवी को साजिश के तहत हत्या कर उसका शव पंखे से लटका दिया है। उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर पहुंचे, तो शव पंखे से लटका हुआ था। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी के सिर पर चोट के निशान थे, जबकि उसके गले में कोई भी निशान नहीं था। यदि आत्महत्या की होती, तो नीचे कुछ रखा होना चाहिए था वहां पर वैसा कुछ नहीं था और बैड से पंखें की ऊंचाई इतनी नहीं कि फंदा लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि मौके पर महिला द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट भी मिला था वह भी उनकी बेटी ने नहीं लिखा है। सुसाइड नोट पर उसकी हैंडराइटिंग नहीं है। नादौन थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है, लेकिन पुलिस उस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। 11 अप्रैल को वे डीसी हमीरपुर से भी मिले थे और इस मामले की जांच करने की मांग थी। डीसी ने भी पुलिस अधीक्षक को इस मामले पर जल्द कार्रवाई करने की बात कही थी।

उन्होंने बताया कि तीन, चार दिन बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। यह वजह है कि उनकी कहीं पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है इसलिए पुलिस प्रशासन से इस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने बताया कि यदि डीसी, पुलिस अधीक्षक इस मामले में कार्रवाई नहीं करते हैं, तो वे मुख्यमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे।

परिजनों का कहना है कि उनका दामाद अकसर मेरी बेटी को धमकियां देता रहता था और उनका कोर्ट में केस भी चला हुआ है। मेरी बेटी को दहेज के लिए तंग किया जाता था और मारपीट की जाती थी। मंगलवार को ममता देवी के पिता धर्म चंद, माता सुरेशां देवी, बहनें वंदना, माया, ज्योति और भाई बलबिंद्र ने पत्रकारों के सामने यह बात रखी। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल को फोन पर सूचना मिली की आपकी बेटी के क्वाटर में स्त्रह्लह लोगों ने लड़ाई झगड़ा और मारपीट की है। इसमें अजय कुमार, उसकी पत्नी और दामाद अनिल कुमार सभी शामिल थे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।



**ममता के परिजनों ने पुलिस पर लगाए कार्रवाई न करने के आरोप**

### केंद्र सरकार प्रदेश में आर्थिक अस्थिरता पैदा करने का रच रही षड्यंत्र : प्रेम कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संबोधनों में लगातार हिमाचल प्रदेश का अपमान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री जैसे गरिमापूर्ण और संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी नेता से यह अपेक्षा की जाती है कि वह देश के सभी राज्यों को एक नजर से देखे, लेकिन खेद का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल के विषय में झूठ बोलकर अन्य राज्यों में दुष्प्रचार करते हैं।



प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि वास्तविकता तो यह है कि हिमाचल में कांग्रेस की सरकार का अस्तित्व में आना ही प्रधानमंत्री को न गंवार गुजरा और उस पर सरकार को तोड़ने के षड्यंत्र में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़, जिससे प्रधानमंत्री के मन में प्रदेश तथा प्रदेशवासियों के प्रति खुन्नस है और उसी के चलते केंद्र सरकार अनेक प्रकार की आर्थिक कटौतियां कर हिमाचल में आर्थिक अस्थिरता पैदा करने का षड्यंत्र कर रही है।

कौशल ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने केंद्र के सौतेले व्यवहार के बावजूद विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए प्रदेश को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में भी सार्थक और निर्णायक कदम उठाए हैं तथा विकास के साथ-साथ समाज कल्याण को प्राथमिकता देते हुए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। कौशल ने प्रधानमंत्री से निवेदन किया कि वह राजनीतिक आधार पर शांत, शीतल और खूबसूरत हिमाचल प्रदेश को एक अभिभावक के नजरिए से देखें क्योंकि प्रधानमंत्री के रूप में उनका यह संवैधानिक कर्तव्य भी है कि वह समस्त राज्यों और देशवासियों को एक नजर से देखते हुए उनके के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करें।

# स्कूल कैडर से नियुक्त हो शिक्षा बोर्ड चेयरमैन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार अब हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के निदेशक की तैनाती जल्द करें। स्कूल शिक्षा कैडर में अनुभव रखने वाले किसी शिक्षाविद को ही शिक्षा बोर्ड का चेयरमैन बनाया जाए।

चमन लाल गुप्ता और बाबू राम राही स्कूल कैडर से ही शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन बनाए गए थे और सफल साबित हुए। वर्तमान में प्रदेश सरकार ने स्कूली शिक्षा का कैडर कॉलेज शिक्षा कैडर से पृथक करते हुए शिक्षा निदेशालय का एकीकरण करते हुए क्रांतिकारी सुधार किया है। ऐसे में स्कूली शिक्षा से जुड़े शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष का चयन स्कूल शिक्षा में हर स्तर पर अनुभव रखने वाले शिक्षाविद का ही किया जाना चाहिए। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ की सिरमौर इकाई के अध्यक्ष विजेश अत्री, महासचिव मनोज भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, मंडी इकाई अध्यक्ष विजय बरवाल, इकाई सदस्य पीसी शर्मा, महेंद्र भारद्वाज, राज कुमार, कपिल गुलेरिया, हेम चंद, मुरारी लाल, आनंद मिश्रा, संदीप, प्रकाश शर्मा, हमीरपुर इकाई अध्यक्ष संजय वर्मा, महासचिव संजय शर्मा, विवेक शर्मा, देवेंद्र कुमार, कमल बडोगा, मान सिंह, मेहर सिंह, सोलन इकाई अध्यक्ष अमित छाबड़ा, जिला सचिव संजीव कुमार, भागीरथ, राजेश कुमार, कामेश्वर, कांगड़ा इकाई अध्यक्ष कुलबीर सिंह, सचिव यशपाल सिंह सहित अन्य सदस्यों ने प्रदेश मुख्यमंत्री से की है।

संघ ने कहा कि 2 साल बीत जाने के बाद भी शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष की तैनाती लंबित है और ऐसे में स्कूल शिक्षा कैडर से यह नियुक्ति होनी चाहिए। स्कूल शिक्षा निदेशालय एकीकरण से प्रशासनिक और आर्थिक नियंत्रण सरल बनेगा, मगर इसे लागू करते हुए किसी भी शिक्षक वर्ग की पदोन्नति पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

**राजकीय टीजीटी कला संघ की सिरमौर इकाई ने की सीएम से मांग**

**स्कूल शिक्षा निदेशालय एकीकरण से प्रशासनिक आर्थिक नियंत्रण सरल बनेगा**

### युक्तिकरण रोकने के लिए सीएम का आभार

**टीजीटी** कला संघ ने युक्तिकरण प्रक्रिया रोकने के लिए प्रदेश मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। संघ ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री समय पर हस्तक्षेप करते हुए युक्तिकरण प्रक्रिया की खामियां देखकर उसको रोकने के लिए हस्तक्षेप नहीं करते, तो सैकड़ों शिक्षकों को बहुत दिक्कत पेश आती, अब ज्वाइन कर चुके शिक्षकों को पिछले स्कूलों में रेफर बैक करने के आदेश जारी किए जाने चाहिए, ताकि ज्वाइन कर चुके शिक्षक राहत अनुभव कर सकें।

### गुड सेमेरिटन सम्मान से नवाजे संदीप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से संदीप ठाकुर को गुड सेमेरिटन योजना के अंतर्गत नेक व्यक्ति सम्मान प्रतिष्ठा पत्र से सम्मानित किया गया। दिम्मी गांव तहसील टौणी देवी निवासी संदीप ठाकुर पुत्र बलवीर सिंह को यह सम्मान हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आरएस बाली द्वारा दिया गया। संदीप ने जिला प्रशासन का धन्यवाद किया। यह सम्मान उन्हें 13 अप्रैल, 2024 को टियाला दा घाट में हुई एचआरटीसी बस दुर्घटना के दौरान दिखाए गए साहस और मानवीय संवेदना के लिए दिया गया, जब उन्होंने कई गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को अपनी निजी गाड़ी से त्वरित रूप से अस्पताल पहुंचाया। उनकी तत्परता और निस्वार्थ सेवा भावना से कई लोगों की जान बचाई जा सकी। बाली ने कहा कि संदीप ठाकुर का यह कार्य समाज में मानवीय मूल्यों और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उनका साहस और संवेदनशीलता हम सभी के लिए प्रेरणा है।

# 42000 स्क्वायर फुट में बनेगा 5 मंजिला स्पोर्ट्स कांप्लेक्स

## नादौन में 100 करोड़ से इसी साल सितंबर माह तक पूरा होगा निर्माण कार्य

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन में बस स्टैंड व मिनी सचिवालय के पास 42000 स्क्वायर फुट में 100 करोड़ की लागत से मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बन रहा है, जिसका निर्माण कार्य इसी साल सितंबर तक पूरा हो जाएगा।

इस 5 मंजिला स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण होने से नादौन के लोगों को काफी सुविधा होगी और नादौन नेशनल खेलों का हब बन सकता है, जो युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका देगा। इस कांप्लेक्स की पांच मंजिलें होंगी। बेसमेंट में शूटिंग रेंज, स्विमिंग पूल के पानी के लिए फिल्टरेशन टैंक आदि होंगे। धरातल मंजिल में स्विमिंग पूल, रिसेप्शन ऑफिस, वेटिंग रूम, किचन आदि होंगे। इस बेसमेंट व धरातल मंजिल का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि प्रथम मंजिल का कार्य प्रगति पर है। प्रथम मंजिल में 12 डोरमेंटरीज होंगी। इसके अलावा ऑफिस, कोच रूमस व मेडिकल रूम भी होंगे। दूसरी मंजिल में एक बड़ा मल्टीपर्पज हॉल होगा, रेशलिंग, बॉक्सिंग, कब्ड्डी, योगा, टेबल टेनिस, स्टेज आदि होंगे, जबकि तीसरी मंजिल में वॉलीबाल, बास्केट बॉल, बैडमिंटन कोर्ट्स आदि खेलों का आयोजन होगा। (अनंत ज्ञान)

### मुख्यमंत्री की युवाओं के लिए बड़ी सौगात : शम्मी

**नगर** परिषद अध्यक्ष शम्मी सोनी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नादौन में आधुनिक टैकनीक से 100 करोड़ की लागत से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने की बड़ी सौगात दी है। युवाओं को खेलने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा विभिन्न खेलों का अभ्यास एक ही परिसर में हो जाएगा।



### एक्सपर्ट्स कर चुके हैं दौरा

**इस** मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में किसी प्रकार की कोई खामी न रहे इसके लिए मुख्यमंत्री ने स्पोर्ट्स एक्सपर्ट्स की टीम नादौन भेजी थी। टीम ने कुछ खामियां भी गिनाई थी और कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, ताकि नेशनल खेलों का भी आयोजन हो सके और खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा की गुंजाइस न रहे। टीम में आईजीएफसी शिमला से सूटिंग रेंज कोच रविंद्र कुमार, वॉलीबाल के इंटरनेशनल कोच एवं प्लेयर जगीर सिंह, रंधावा महराजा, रणजीत सिंह, हॉकी के इंटरनेशल कोच रोमेश पठानिया, बास्केट बॉल की कोच नीलम राठौर, बॉलीवाल एसोसिएशन के जिला सचिव रवि पटियाल, वॉलीबाल कोच विक्रम सिंह, लोक निमार्ण विभाग के अधिकारी शामिल थे।

### वॉलीबाल मैदान की हाइट होगी 12 मीटर

**शूटिंग** रेंज एक्सपर्ट रविंद्र कुमार ने सुझाव दिया था कि शूटिंग रेंज की क्षमता 11 लेन से बढ़ाकर 22 लेन की जाए, ताकि 22 सूटर एक साथ हिस्सा ले सकें। ऐसा करने से ऑलंपिक खेलों के बराबर की खेलें यहां हो सकें। परिसर में कोच रूप का भी प्रावधान होना चाहिए। वॉलीबाल के इंटरनेशनल कोच जगीर सिंह रंधावा ने निमार्णाधीन मैदान की हाइट 11.85 मीटर से बढ़ाकर कम से कम 12 मीटर करने का सुझाव दिया था। इस पर कार्य हो रहा है।

### अनुग्रह राशि का भुगतान न करना निंदनीय : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि कोषागार में अटकी हुई है और उसका भुगतान नहीं हो रहा, जो अत्यंत निंदनीय है। हिमाचल प्रदेश वीर भूमि है, यहां के जवानों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, लेकिन सरकार उनके परिवारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रही है।

राणा ने मांग की है कि सरकार तुरंत अनुग्रह राशि जारी करे और शहीदों के परिजनों को इस अपमानजनक स्थिति से उबारे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि नवंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच शहीद हुए जवानों के मामलों में अढ़ाई करोड़ से अधिक अनुग्रह राशि अब तक लंबित है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी और बिलासपुर जिले पूर्व सैनिकों की संख्या वाले क्षेत्र हैं। यहां के सैनिक जब सेना में भर्ती होते हैं, तो वे अपने जीवन को राष्ट्र को समर्पित कर देते हैं। यह भारतीय सशस्त्र बलों की विशेषता है कि सेवा में शामिल होते ही वे सर्वोच्च बलिदान की शपथ लेते हैं, लेकिन राज्य सरकार की लापरवाह और असंवेदनशील कार्यप्रणाली के कारण वीर नारियों और शहीद परिवारों को समय पर वित्तीय सहायता नहीं मिल पा रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिन पुरस्कारों और अनुग्रह राशियों का भुगतान सम्मान और सम्मानजनक जीवन के लिए किया जाना चाहिए, उन्हें भी फंड की कमी का हवाला देकर रोका जा रहा है। राजेंद्र राणा ने इस देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक वेतन कटौती की मांग करते हुए कहा कि जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, शहीदों के परिवारों को ऐसे ही अपमानित किया जाता रहेगा।

**अनदेखी** काई से लबालब ज्यादातर वाटर टैंक, सिस्टम उल्टा-पुल्टा, कई सालों से ट्रांसफार्मर लाइन का इस्तेमाल नहीं

# बदइंतजामी का शिकार हथली उठाऊ पेयजल योजना

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान स्पैशल

हथली खड्ड के किनारे स्थित उठाऊ पेयजल योजना मुकम्मल तौर पर बदइंतजामी का शिकार है। ज्यादातर टैंकों में बड़ी तादाद में काई का कब्जा है। इनकी सफाई पिछली मर्तबा कब हुई होगी? कोई पता नहीं। सेगमेंटेशन की स्थिति भी फाइलों तक सीमित हो कर रह गई है।

पानी कितना शुद्ध लोगों के नलकों तक पहुंच रहा होगा? इसका महज अंदाजा ही लगाया जा सकता है। जल शक्ति विभाग के किसी आला अधिकारी ने यहां का दौरा किया होता, तो हालात का खुद जायजा मिल जाता, लेकिन विडंबना यह है कि बड़े अधिकारियों की कार्यशैली केवल दफ्तरों तक बैठने के लिए ही सीमित हो चुकी है। योजनाएं राम भरोसे हो गई हैं। मौके पर इन्हें कौन चला रहा, देखभाल कैसी हो रही, सब कुछ औंधे मुंह गिरा हुआ है। यह योजना कभी हमीरपुर शहर को पानी उपलब्ध करवाने के लिए इसकी आन-बान और शान हुआ करती थी, लेकिन अब इसका ढांचा मुकम्मल तौर पर जर्जर हो चुका है। योजना का पानी अब वार्ड नंबर 11 और मेडिकल कॉलेज के मौजूदा परिसर के कुछ इलाके तक ही सीमित है। बाकी के शहर की प्यास ब्यास नदी की योजना बुझा रही है। (अनंत ज्ञान)





वाटर टैंक खुद बयां कर रहे हैं अपनी स्थिति (दाएं) यह ट्रांसफार्मर 8 साल से बंद है। लाखों खर्च किए गए इसकी इंस्टॉलेशन पर।

### दशकों पुरानी मशीनरी

कई साल पहले एक ट्रांसफार्मर यहां इंस्टॉल हुआ। उसके साथ तीन-चार खंबे भी जोड़े गए। लाइन डाली गई, लेकिन आज तक न ट्रांसफार्मर का इस्तेमाल हुआ और न बिजली की लाइन का। कोई पूछे इतना खर्च आखिर किया ही क्यों क्या सरकारी तंत्र इसी तरह काम करता रहेगा। कोई जवाब देही सुनिश्चित नहीं होगी।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**हमीरपुर** के एक्सइएन राजेश धीमान का कहना है कि दो सप्ताह रुको, उसके बाद इस योजना का मुकम्मल तौर पर जीर्णोद्धार हो जाएगा। इसका सारा प्लान कर लिया है, वैसे फिलहाल पानी इसका साफ है कुछ चीजें हैं, जिनमें और सुधार होना है।

### पानी लिफ्ट कर फिल्ट्रेशन टैंकों में डाला जाता है

**योजना** का सारा पानी अब लिफ्ट कर फिल्ट्रेशन टैंकों में डाला जाता है। यदि ग्रेविटी के साथ पानी को लाने की पुरानी व्यवस्था बहाल हो जाए, तो बन टाइम इन्वेस्टमेंट होगी। लाखों रुपए का बिजली का बिल हर महीने का बच जाएगा। शायद इसी से ग्रेविटी लाइन का खर्चा भी निकल जाए। सूत्रों के मुताबिक योजना स्रोत पर केवल एक फिटर ही एक समय में रहता है। वहीं, 8 घंटे की ड्यूटी देने के बाद शिफ्ट वाइस शिफ्ट सिस्टम में दूसरा पहुंचता है। मोटरें चलती हैं, पानी लिफ्ट हो रहा है। बस यही यहां की रूटीन है। यहां कोई भी एक ऐसा कर्मचारी या बेलदार नहीं है, जो इन टैंकों की काई को हटाए और इनका रेगुलर आधार पर काम करता दिखे।

### क्या-क्या हैं खामियां

**वाटर** टैंकों तक जिस नेचुरल कूहल से पानी पहुंचता था, वह खराब हो चुकी है। पानी अब लिफ्ट किया जाता है। वॉटर टैंकों की सफाई रेगुलर और निश्चित अवधि के दौरान नहीं हो पाती। एक वाटर टैंक कई साल पहले बनाया, इसका इस्तेमाल योजना के मुताबिक नहीं हुआ। अब उसमें पानी लिफ्ट कर डालते हैं, फिर उसी से पानी को वापस लेकर लिफ्ट करने वाली मशीनरी के साथ जोड़ा गया है। यह तरीका भी गजब का है।

### हिमालयन श्री अवॉर्ड में राणा हुए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आशा किरण संस्थान द्वारा घुमारवीं में आयोजित हिमालयन श्री अवार्ड के आयोजन में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के चेयरमैन राजीव राणा ने शिरकत की।

इस कार्यक्रम में फिल्मी जगत से आए विशेष अतिथियों हीरो राहुल रॉय व रणजीत बेदी ने बतौर मुख्यातिथि शिकरत की। चेयरमैन राजीव राणा ने जारी प्रेस बयान में बताया कि यह कार्यक्रम अपने आप में बहुत विशेषता रखता है क्योंकि इस कार्यक्रम के माध्यम से हिमाचल की प्रतिभाओं को जिन्होंने देश-विदेश में अपने काम से नाम रोशन किया है, उन्हें सम्मानित किया जाता है। राजीव राणा को बॉलीवुड स्टार राहुल राय ने सम्मानित किया। राणा ने आयोजक मंडल आशा किरण संस्थान का आभार व्यक्त किया और कहा कि पूरे प्रदेश में ये संस्थान विकलांग बच्चों के लिए सेवा करता है और प्रदेश की प्रतिभाओं को आगे लाने का भी प्रयास कर रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## स्कूटी सवार 3 पंजाबी युवकों से 85.25 ग्राम हेरोइन बरामद

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** एएनटीएफ कांगड़ा चंबा के एएसपी राजेंद्र जसवाल द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मंगलवार को उनकी टीम को स्कूटी पर सवार तीन नौजवानों से 85. 25 ग्राम हेरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। इस संबंध में एएसपी जसवाल ने बताया कि एएसआई सुरेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ गांव भद्रोया के पास गुप्त सूचना के आधार पर नाका लगाया हुआ था तथा नाके के दौरान पंजाब नंबर की एक स्कूटी को रोकने पर उसकी तलाशी ली गई तो उसकी डिग्गी से 85.25 ग्राम हीरोइन बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शेर सिंह पुत्र दिलबाग सिंह, मनप्रीत सिंह पुत्र बलविंद्र सिंह, सुखदेव सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी डकोहा, जिला गुरदासपुर के तौर पर की गई है। तीनों आरोपियों पर मादक पदार्थ अधिनियम 21 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



## नई दिल्ली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हिमाचल दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नई दिल्ली स्थित हिमाचल भवन में 78वां हिमाचल दिवस हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उप-आवासीय आयुक्त मयंक शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दीं। हिमाचल भवन और हिमाचल सदन के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# शानन पावर प्रोजेक्ट हमारा, लेकर रहेंगे : अग्निहोत्री

## मंडी में हिमाचल दिवस समारोह में बोले-इस मसले में हम एक इंच भी नहीं हटेंगे पीछे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर पूरे उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने समारोह की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी की टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण किया और आकर्षक मार्चपास्ट की सलामी ली। उपमुख्यमंत्री इससे पहले शहीद स्मारक भी गए। वहां पर उन्होंने वीर शहीदों को पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राष्ट्र पिता महात्मा गाधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भी पुष्पांजलि दी।

इस अवसर पर अग्निहोत्री ने कहा कि मंडी जिला में स्थित शानन पावर प्रोजेक्ट हिमाचल का है और यह हिमाचल को मिलना चाहिए। शानन को पंजाब से वापस लेने की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है। इस मसले में हम एक इंच भी पीछे हटने वाले नहीं है। उन्होंने बताया कि यह मसला कांग्रेस की वर्तमान सरकार ने पहली दफा इसे सर्वोच्च न्यायालय में लाया है कि यह हिमाचल की जमीन पर बना प्रोजेक्ट है। यह पंजाब पुनर्गठन कानून के तहत संपतियों के बंटवारे का मामला नहीं है, क्योंकि मंडी कभी पंजाब का हिस्सा नहीं रहा। मंडी के राजा और अंग्रेजों के समय 99 साल का करार मार्च 2024 में समाप्त हो चुका है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार भी इस मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में चली गई थी, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

उन्होंने इस अवसर पर पंजाब के मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि अगर पंजाब अपने आप को हिमाचल का बड़ा भाई मानता है तो उसे इस प्रोजेक्ट को हिमाचल को वापस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पंजाब को खुद ही इस प्रोजेक्ट से कब्जा छोड़ देना चाहिए। हिमाचल दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उपमुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल शर्मा, विधायक चंद्रशेखर, पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर, प्रकाश चौधरी और रंगीला राम राव, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सोहन लाल ठाकुर आदि उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य की जनता से किए गए वायदों की पूर्ति के लिए संकल्पित है। इसके लिए हम आय के स्रोत जुटाने के लिए कोशिश कर रहे हैं।



### मंडी हवाई अड्डे को अनुदान देकर बनाए केंद्र सरकार

**हमारी** सरकार कांगड़ा के गगल हवाई अड्डे का विस्तारीकरण कर रही है और हम चाहते हैं कि मंडी के हवाई अड्डे प्रस्ताव को केंद्र सरकार ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के तहत शत-प्रतिशत अनुदान देकर बनाए। राज्य सरकार 2 हजार 400 करोड़ रुपए से नए पर्यटन स्थल विकसित करने की योजना पर काम कर रही है।

### 350 इलेक्ट्रिक बसें परिवहन बेड़े में होंगी शामिल

**अग्निहोत्री** ने कहा कि प्रदेश को हरित राज्य बनाने के लिए काम हो रहा है। इस साल प्रदेश में पथ परिवहन निगम के बेड़े में 600 नई बसें शामिल की जा रही हैं। सरकार इसमें 350 के आसपास इलेक्ट्रिक बसें डाल रही है, जिसकी खरीद की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ई-व्हीकल के लिए नीतिगत फैसले के तहत इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदने के लिए 40 फीसदी अनुदान का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के शिवधाम पर 100 करोड़ खर्च कर इसके निर्माण को गति देने की पक्षधर है। राज्य सरकार शिमला में देश का सबसे लंबा रोपवे बना रही है। जिसकी लागत 1800 करोड़ आएगी। इसके बनाने के लिए सभी औपचारिकताएं एवं मंजुरियां पूरी की जा चुकी है। कुल्लु के बिजली महादेव एव अन्य धार्मिक स्थलों को रोपवे से जोड़ने की योजनाओं पर काम चल रहे हैं।

### स्वच्छ जल शोधन योजना होगी शुरू

**प्रदेश** में जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार के लिए 200 करोड़ रुपए की स्वच्छ जलशोधन योजना शुरू करने जा रहे हैं। मंडी जिला में एडीबी एवं एनडीबी के तहत पेयजल योजनाओं पर लगभग 343 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

# विमल नेगी के परिजनों के आरोप दुखद : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रतिपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुझे पूरी उम्मीद थी कि वह विमल नेगी की मौत और पॉवर कॉर्पोरेशन में हुए सैकड़ों करोड़ के घोटाले की जांच सीबीआई को सौंप देनी चाहिए, क्योंकि यह मामला जितना जटिल दिखाई दे रहा है, उससे बहुत ज्यादा जटिल है।

प्रदेश के पावर प्रोजेक्ट में घोटाले अब सैकड़ों करोड़ से बढ़कर हजारों करोड़ों के होते दिख रहे हैं। यह मामला सिर्फ पेखुबेला तक ही सीमित नहीं है। पावर कॉर्पोरेशन के देखरेख में हो रहे सभी कामों में भारी भ्रष्टाचार की सूचना, आरोप और दस्तावेज सामने आ रहे हैं। आज समाचारों में उनके परिवार का जो आरोप सरकार और पुलिस पर छपा हुआ है, वह बहुत दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि एक चुनी हुई सरकार से इस तरह की अपेक्षा नहीं की जा सकती है। एक तरफ सरकार सीबीआई जांच न करवा कर विमल नेगी के साथ नाइंसाफी और भ्रष्टाचारियों को बचाने का काम करती दिख रही है। अब तो सरकार और पुलिस विमल नेगी को ही जिम्मेदार ठहराने पर लगी है। उनके भाई और पत्नी के आरोपों की माने, तो अब पुलिस अपनी जान गवां चुके पॉवर कॉर्पोरेशन के महा प्रबंधक और मुख्य अभियंता विमल नेगी की ही संपत्तियों और संबंधों की जांच कर रही है। जिन पर पूरा पॉवर कॉर्पोरेशन आरोप लगा रहा है सरकार उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई से क्यों डर रही है? उल्टा जिस अधिकारी की जान गईं उसी के खिलाफ जांच कर रही है।



### हर मंच से भाजपा को कोसना और अपनी नाकामी छुपाना सरकार की उपलब्धि

नेता प्रतिपक्ष ने सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने हिमाचल दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा पुरानी बातें दोहराने पर कहा कि मुख्यमंत्री तीन साल से हर मौके पर की एक ही भाषण पढ़े जा रहे हैं। चाहे उनके सरकार के कार्यकाल का साल पूरा होने का जश्न हो, चाहे हिमाचल दिवस हो, चाहे हिमाचल पूर्ण राज्यत्व दिवस हो या प्रदेश के बजट सत्र। एक रटी-रटाई स्पीच मुख्यमंत्री पढ़ देते हैं। उन्हें एक बार अपनी सभी स्पीच का अध्ययन करना चाहिए जिससे उन्हें पता चले कि वह ढाई सालों से सरकार चलाने के नाम पर क्या कर रहे हैं। इस बार का हिमाचल दिवस भी झूठी बातें, पूर्व सरकार और केंद्र सरकार को कोसने में निकाल दिया। सरकार से सवाल यह है कि वह अपने काम करेगी? अपनी गारंटिया कब पूरी करेगी? प्रदेश के युवाओं को रोजगार कब देगी।

### केंद्र की प्रायोजित घोषणाओं पर लूटी जा रही वाहवाही

**मुख्यमंत्री** प्रदेश के लिए कोई ऐसा घोषणा कब करेंगे, जो प्रदेश के लोगों के लिए हितकारी हो, जो उनके जीवन में कोई परिवर्तन ला सके। आज जिन योजनाओं को सरकार अपना बता कर अपनी पीठ थपथपाती है, वह सब की सब केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित हैं।

### 37 करोड़ रुपए का प्रचार पर खर्च

**अपनी** जिन तीन योजनाओं पर मुख्यमंत्री ने हर साल करोड़ों का प्रचार किया, उन पर मात्र 37 करोड़ रुपए सुक्खू सरकार ने खर्च किए हैं। इसमें सबसे हास्यास्पद बात यह है कि इन योजनाओं से ज़्यादा पैसा सुक्खू सरकार ने उनके विज्ञापन और प्रचार प्रसार में खर्च किया है।

# हिमाचल सरकार प्रिविलेज मोशन कानून जल्द लाएगी : अनिरुद्ध सिंह

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

- षड्यंत्र रचने वालों पर होगा मामला दर्ज, गलत तथ्य पेश करने पर होगी जेल
- विमल नेगी मौत को लेकर की जा रही कड़ी कार्रवाई

बहुचर्चित विमल नेगी मौत मामले में प्रदेश सरकार ने निकट भविष्य में कड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। ग्रामीण एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में इस आशय की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कोई भी विधायक घर बैठकर बिना तथ्यों के विमल की मौत पर बयानबाजी कर रहे हैं, उनके खिलाफ प्रिविलेज मोशन लाया जाएगा और षड्यंत्र रचने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा और उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।



उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार अतिरिक्त सचिव स्तर पर इस मामले की गंभीर जांच करवा रही है, जो भी दोषी पाया जाएगा। चाहे वह अधिकारी हो या फिर कोई अन्य। उन्हें किसी भी सूरत में नहीं छोड़ा जाएगा। उन्हें भी विमल नेगी की मौत का दुख है और उनके परिवार के प्रति पूरी संवेदना है। इसलिए बिना किसी लेट लतीफी के सीएम ने अतिरिक्त सचिव स्तर की जांच के आदेश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा सीधे करवा सकती सीबीआई जांच

**सीबीआई** जांच की मांग पर उन्होंने कहा कि भाजपा जब ईडी की छापेमारी करती है, तो वह प्रदेश सरकार से पूछ कर नहीं करती, भाजपा चाहे तो सीधे केंद्र से सीबीआई जांच करवा सकती है। उन्होंने बताया कि भाजपा इस मामले को बेवजह तूल दे रही है और लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है मगर, प्रदेश सरकार इस मामले का सच जल्द ही जनता के सामने लाएगा। ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो पाए।

# अजय ने भारतीय मुक्केबाजी को कमजोर करने के लिए अपनाए सभी हथकंडे : हेमंत

**अनंत ज्ञान, शिमला**



भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के कार्यकारी समिति के सदस्यों ने नई दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई, जिसमें महासचिव हेमंत कुमार कलिता, कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह, उपाध्यक्ष ईद नानावटी, अनिल बोइधर, राजेश भंडारी और प्रतिस्पर्धा आयोग के अध्यक्ष एसके शांडिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अध्यक्ष अजय सिंह के तानाशाही व मनमानी रवैये से मीडिया को अवगत कराया। बीएफआई के पदाधिकारियों ने अजय सिंह के खिलाफ कोर्ट के आदेश को पढ़कर भी सुनाया और कहा कि हमारी मांग है कि मुक्केबाजी संघ के चुनाव जल्द से जल्द संपन्न कराए जाएं।

बीएफआई के महासचिव हेमंत कुमार कलिता ने प्रेस के सदस्यों का स्वागत किया और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ का वर्तमान कार्यकाल 2 फरवरी 2025 को समाप्त हो चुका है और अजय सिंह ने चुनावों में देरी करने और बीएफआई के संविधान को कमजोर करने के लिए सभी हथकंडे अपनाए हैं। मुक्केबाजी परिवार खुश है कि देश का कानून कायम है और माननीय उच्च न्यायालय ने स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के सख्त आदेश पारित किए हैं।

दिग्विजय सिंह ने उल्लेख किया कि अजय सिंह मनमाने तरीके से और बीएफआई के संविधान का पालन किए बिना महासंघ को चला रहे हैं। इससे मुक्केबाजी समुदाय को बहुत नुकसान हुआ है। आईडी नानावटी ने कहा कि कार्यकारी बोर्ड और विभिन्न आयोगों के सदस्यों के साथ कोई परामर्श नहीं किया गया। वहीं, भंडारी ने कहा कि अजय एक असफल बिजनेसमैन और असफल प्रशासक हैं, जिन्होंने भारतीय मुक्केबाजी को बर्बाद करने का काम किया है।

# 551 ग्राम चरस व 2.26 ग्राम चिट्टे के साथ दो गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू के गड़सा में पुलिस ने 551 ग्राम चरस व 2.26 ग्राम चिट्टे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भुंतर पुलिस की टीम ने गड़सा रोड पर भेडू फार्म के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोका तथा शक के आधार पर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 551 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान मोहन लाल निवासी नालागढ़ वार्ड-5 सैंज जिला कुल्लू के रूप में हुई है। दूसरे मामले में पुलिस ने ब्रौ थाना के तहत चाटी क्षेत्र में गश्त के दौरान एक व्यक्ति से 2.26 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान विपिन गुप्ता निवासी वार्ड-3 मोहल्ला जमुना निवास मेन बाजार रामपुर जिला शिमला के रूप में हुई है। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने आरोपियों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।




# राष्ट्रपति निवास मशोबरा में 20 तक मनाया जाएगा उद्यान उत्सव

**अनंत ज्ञान, शिमला**

राजधानी शिमला से सटे मशोबरा में ऐतिहासिक राष्ट्रपति निवास मशोबरा में मंगलवार से छह दिवसीय उद्यान उत्सव का आगाज हो गया है। प्रकृति प्रेमियों और देशभर के पर्यटकों के लिए यह उत्सव 20 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। खास बात यह है कि इस दौरान आम जनता के लिए राष्ट्रपति निवास में प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क रहेगा।

**20 अप्रैल तक प्रवेश निशुल्क**

राष्ट्रपति निवास के प्रबंधक संजू डोगरा ने बताया कि इस बार उद्यान उत्सव में 35 से अधिक किस्मों के रंग-बिरंगे फूलों की खूबसूरत प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके अलावा आकर्षक बोनसाई पौधे, हेलीपैड और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर वादियां दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देंगी। यह उत्सव न सिर्फ स्थानीय लोगों बल्कि देशभर से आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक खास अनुभव लेकर आया है। उन्होंने शिमला व आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के साथ-साथ पर्यटकों से राष्ट्रपति निवास मशोबरा आकर प्रकृति के इस अनोखे संगम का हिस्सा बनने की अपील की है।




गौरव

## दिल्ली में हिमाचली समुदाय के साथ अनुराग ने मनाया हिमाचल दिवस

# हिमाचल के अधिकारों की रक्षा के लिए सदा समर्पित: अनुराग





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल दिवस के अवसर पर दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित हिमाचल दिवस कार्यक्रम को धूमधाम से मनाते हुए कहा कि देव भूमि हिमाचल हम सब का गौरव है और हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए वह सदा समर्पित हैं।

अनुराग ने कहा कि हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों की तरह ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन से प्रदेश पर कर्ज का पहाड़ खड़ा हो गया है। हमने 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है और हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत के इस संकल्प के साथ हमारा संकल्प विकसित हिमाचल का भी है। केंद्र सरकार ने वर्तमान बजट में हिमाचल को 11,806 करोड़ रुपए स्पेशल ग्रांट के रूप में दिए गए, 2014 से लेकर 2024 के बीच मोदी सरकार ने हिमाचल को अब तक कुल 54,662 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की।

बीते साल जब हिमाचल में प्राकृतिक आपदा आई तो केंद्र सरकार ने तत्काल 1782 करोड़ रुपए सहायता में प्रदान की थी, ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत 2,700 किलोमीटर की 254 सड़क परियोजनाओं के लिए 2,372.59 करोड़ रुपये की मंजूरी, इसके अलावा, मनरेगा के तहत 1000 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना से 200 करोड़, एनडीआरफ से 403 करोड़, एसडीआरएफ से 360 करोड़ राशि दी गई। यह वह सहायता है, जो तत्काल उपलब्ध करायी गई थी। बाद में भी केंद्र ने हिमाचल को इस आपदा से उबरने के लिए आर्थिक सहायता दी।

## न्यूज ब्रीफ

### ठारू में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा के गांव त्रिडं (ठारू)के जलबिबीं मैदान में शहीद सुमित डोगरा व शहीद संजय कुमार नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 20 टीमें भाग ले रही है। इसमें नगरोटा ओर हटवास की टीमों के बीच मैच खेला गया, जिसमें हटवास की टीम विजेता रही इस मैच में मुख्यातिथि इंटक के जिला कांगड़ा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व हिश्र पथ परिवहन के महामंत्री संजीव ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों टीमों को प्रोत्साहन किया ओर इस मौके पर मुख्यातिथि ने क्रिकेट मैच के आयोजको को 2100 रुपए प्रोत्साहन राशि भी दी।

### सेवानिवृत्त सैनिकों ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** 5वीं बटालियन (सूरज गोरखा) जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स के सेवानिवृत्त सैनिकों ने मंगलवार को पंचरुखी में यूनिट का 176वां स्थापना दिवस व चौथा पुनर्मिलन समारोह मनाया। इस समारोह मे जनरल एस एस ग्रेवाल, जनरल शुशील गुप्ता, जनरल एससी शर्मा, ब्रिगेडियर अश्वनी शर्मा व 9 कर्नल रैंक के ऑफिसर ने बतौर मुख्य तिथि के रूप मे शिरकत की। समारोह मे सभी सैनिक एक दुसरे से गले मिले और अपने विचार साझा किए तथा अपने सैनिक जीवन तथा सिविल जीवन के वारे मे विस्तृत चर्चाएं कीं। इस समारोह में 50 जे सी औज, 95 अन्य रैंक, 2 वीर नारी व 35 परिवारों ने भी इसमे भाग लिया। सभी सैनिकों ने यूनिट उद्घोष जय दुर्गे और सूरज गोरखा की जय के साथ समारोह का समापन किया।

### घुरकड़ी पेट्रोल पंप के मालिक दीपक सम्मानित

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने कांगड़ा के घुरकड़ी में स्थापित पेट्रोल पंप के मालिक दीपक राणा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



जानकारी के अनुसार हिमाचल के चार मुख्य जिले कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना व चंबा के सभी पेट्रोल पंपों में से सबसे अच्छी सेल सर्विस तथा सुंदरता के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम के आरएम प्रवेश शुक्ला और बिक्री अधिकारी अभिषेक कुमार ने घुरकड़ी पेट्रोल पंप के मालिक दीपक राणा को सम्मानित किया है। दीपक राणा ने बताया कि इस सम्मान के लिए उन्हें गर्व है। उन्होंने कहा कि ये सेवाएं भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगी। ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने इसके लिए अपने पेट्रोल पंप के सभी कर्मचारियों का धन्यवाद किया। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने भारी मात्रा में देसी शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान, गगल।** पुलिस थाना गगल के तहत भाटी में अर्जुन सिंह निवासी भाटी डाकघर रजोल तहसील शाहपुर की दुकान से 36,000 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है। वहीं दूसरी ओर वार्ड नं. 7 भाटी डाकघर रजोल तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.) की दुकान से 14,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)ए के तहत पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### तीन मामलों में 15750 मिली. शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा/शाहपुर।** पुलिस ने दो मामलों में कुल 15750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पहले मामले में पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत खोली में सुनील कुमार निवासी खोली के पास से 5,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 39(1)ए के तहत थाना में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, दूसरे मामले में थाना शाहपुर के अंतर्गत बागडू में रवि कुमार निवासी चड़ी तहसील शाहपुर के रेहड़ीनुमा खोखा से 6,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। एक अन्य मामले में चड़ी में दीपक कुमार निवासी चड़ी तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा की दुकान से 3,750 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है।

# जल्द रखे जाएंगे 1000 रोगी मित्र : शांडिल

## स्वास्थ्य मंत्री ने धर्मशाला में हिमाचल दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि किया ध्वजारोहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर धर्मशाला के पुलिस मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि ध्वजारोहण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी भी ली। शांडिल ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में करीब एक हजार रोगी मित्रों की नियुक्ति जल्द की जाएगी। 70 वर्ष या इससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए 'मुख्यमंत्री वृद्धजन देखभाल योजना' के अन्तर्गत स्वास्थ्य और पैरामेडिकल स्टाफ मोबाइल स्वास्थ्य वैन के माध्यम से घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाने का प्रावधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एक नई योजना 'आचार्य चरक योजना' शुरू कर सभी सरकारी आयुष अस्पतालों और औषधालयों में मरीजों को निःशुल्क जांच और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष, 2025 में प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और 69 सिविल अस्पतालों, क्षेत्रीय अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आधुनिक मशीनें लगाने पर 1 हजार 730 करोड़ रुपए खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि इस साल 69 संस्थानों में डायलेसिस सेवाओं की सुविधा और 11 स्वास्थ्य संस्थानों में बल्ड स्टोरेज यूनिट की स्थापना की जाएगी।



### मोबाइल वैन के माध्यम से घर-द्वार मिलेगी स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा

इसी साल एआईएमएसएस शिमला, टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी की स्थापना भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला, एआईएमएसएस चम्याणा, हमीरपुर, नेरचौक मेडिकल कॉलेज में अत्याधुनिक एमआईआर मशीनें, आईजीएमसी शिमला में पेट स्कैन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इससे पहले परेड कमांडर संजय कुमार के नेतृत्व में मार्च पास्ट किया तथा सांस्कृतिक दलों ने देशभक्ति तथा लोक गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां भी दीं। संतोष कटोच ने स्वास्थ्य मंत्री के माध्यम से रेडक्रास सोसायटी के लिए दस हजार रुपए का चेक दिया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य योजना बोर्ड भवानी पठानिया, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, प्रधान सलाहाकार सीएम नवाचार, डिजीटल प्रौद्योगिकी एवं प्रशासन गोकुल बुटेल, पूर्व महापौर देवेंद्र जग्गी, एपीएमसी के चेयरमैन निशु मोंगरा, ईको टूरिज्म सोसायटी के नामित डायरेक्टर संजीव गांधी, एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री, एडीसी विनय कुमार सहित विभिन्न लोग उपस्थित थे।

### चुनाव के दौरान किए 10 वादों में से 6 पूरे

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए 10 वादों में से 6 वादों को पूरा कर दिया है। शेष चार गारंटियों को भी हम पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों, बेसहारा महिलाओं और वृद्धजनों को सहारा देने के लिए हमने 'मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना' शुरू कर 6 हजार बच्चों को चिल्डन ऑफ स्टेट के रूप में अपनाया है। उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों को सहारा देने के लिए कानून बनाने वाला हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। हाल ही में चिल्डन ऑफ स्टेट को दिल्ली, चंडीगढ़, गोवा और बाघा बॉर्डर आदि स्थानों पर भ्रमण पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है।

### नई जोड़ी



नगरोटा बगवां के पराग वर्मा एवं चिंबलहार (पालमपुर) की नंदिता को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### पंचरुखी की आशवी धीमान को बॉलीवुड स्टार्स ने किया सम्मानित

**अजय पाल, पंचरुखी**

उपमंडल पालमपुर के छोटे से गांव पंचरुखी की रहने वाली आशवी धीमान को हाल ही में जिला बिलासपुर के घुमारवीं में सम्मान समारोह हिमालय श्री अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया है। इस समारोह में बॉलीवुड सेलिब्रिटी रंजीत सिंह बेदी और राहुल रॉय बतौर मुख्यातिथि उपस्थित थे।



आशवी धीमान अपने पहाड़ी डांस, मॉडलिंग और पहाड़ी कल्चर को प्रमोट करती है। आशवी अपनी संस्कृति को दिल्ली, नोएडा, पंजाब, हरियाणा, देहरादून, चंडीगढ़, जयपुर और हिमाचल के छोटे-बड़े मंचों पर प्रस्तुत कर चुकी है। इसके साथ-साथ छोटे पर्दे पर भी टीवी सीरियल 'देवआचल की प्रेम कहानी' में आशवी छोटी देवी मां की भूमिका निभा रही है। आशवी हिमाचल और पंजाब के बड़े-बड़े सितारों के साथ स्टेज पर भी परफॉर्मेंस करती है। मात्र 7 साल की इस छोटी सी उम्र में अपने हिमाचल के लिए बहुत काम कर रही है इसके लिए आशवी को कुठलेहड़ के विधायक विवेक शर्मा और एसडीएम देहरा ने भी राज्य स्तरीय कालेश्वर महादेव मेले में सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। आशवी अभी 2 दिन में 3 अवॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। आशवी और उसके माता-पिता ने आशा किरण संस्थान के संस्थापक डॉक्टर योगेंद्र मलिक और उनकी सारी टीम का धन्यवाद करते हैं और साथ में कुठलेहड़ के विधायक और एसडीएम देहरा का दिल से धन्यवाद करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### हरिपुर में लगाई मीठे शीतल जल की छबील

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** पौंग वैली ट्रेडर्स नगरोटा सूरियां व साथी मित्रों द्वारा बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य पर हरिपुर में सड़क मार्ग से गुजर रहे राहगीरों के लिए शीतल व मीठे जल की छबील लगाई गई। मानवता को समर्पित इस ठंडे और मीठे पानी कि सेवा का का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बैसाखी मेले में आ जा रही संगत ब अन्य राहगीरों को मीठा और ठंडा जल पिलाकर राहत प्रदान करना था। पौंग वैली ट्रेडर्स व साथी सहयोगियों द्वारा आयोजित इस जल सेवा कार्य में सभी मित्रों ,साथियों द्वारा राहगीरों को बड़े ही श्रद्धा प्रेम से जल सेवा की गई जो की काबिले तारीफ है। बता दें कि हरिपुर तहसील के तहत बंगोली-भटोली के तीन बड़ में हर वर्ष तीन दिवसीय बैसाखी मेला मनाया जाता है। तीन दिन चलने वाले मेले में पंजाब से आए एवं स्थानीय लोगों द्वारा लंगर की व्यवस्था की जाती है।

### पूर्व सीएम शांता ने किया 'नाग लोक की रहस्यमयी यात्रा' पुस्तक का विमोचन



**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

हिमाचल दिवस पर हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने लेखक, कवि, साहित्यकार, गीतकार, पत्रकार व प्रसिद्ध हिमाचली लोक गायक जोगिंद्र राणा द्वारा लिखित धार्मिक पुस्तक 'नाग लोक की रहस्यमयी यात्रा' का विमोचन किया। इस पुस्तक में मानव जीवन का नाग सर्प देवों से संबंध, उनके प्रति आस्था, नागलोक की विस्तारपूर्वक धार्मिक यात्रा, कांगड़ा जिले के नागदेव के धार्मिक स्थान जयसिंहपुर के अंतर्गत ऐतिहासिक धार्मिक एवं शक्तिपीठ स्थल (नाग नगुली) की भौगोलिक स्थिति के साथ-साथ उक्त स्थान की पूरी यात्रा का वर्णन किया गया है। इस अवसर पर उनके यामिनी स्थित निवास स्थान पर पंचायत समिति पंचरुखी के पूर्व चेयरमैन रमेश भाऊ, सेवानिवृत्त रीजनल मैनेजर न्यू इंडिया एश्योरेंस के डाक्टर हरजीत सिंह, सेवानिवृत्त सहायक अभियंता संजय मेहरा, सेवानिवृत्त अध्यापक रणजीत शास्त्री, जिला नंबरदार संघ, कांगड़ा के प्रधान रघुवीर राणा उपस्थित रहे।

### कालेश्वर बैसाखी मेले में कबड्डी खिलाड़ी पर ग्रिप से किया हमला

**अनंत ज्ञान, रक्कड़।** राज्य स्तरीय कालेश्वर बैसाखी मेले में एक 19 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी पर ग्रिप से हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में रक्कड़ थाना में कुछ युवाओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक 13 अप्रैल को कर्ण चेत्री व उसका दोस्त गौरव ठाकुर कबड्डी टूर्नामेंट जीतकर बैसाखी मेले में पहुंचे थे। इस दौरान उनपर कुछ युवाओं द्वारा हमला कर दिया गया। इसमें कर्ण चेत्री बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद मौके से हमलावर गायब हो गए। बताया जा रहा है कि उक्त युवा के जबड़े में गंभीर चोट आई है, जिसका इलाज टांडा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। हमले के दौरान घटना स्थल पर काफी युवा एकत्रित हो गए। वहीं, मामले की पुष्टि करते हुए रक्कड़ थाना प्रभारी किशोर चंद ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज करके आगामी कार्यवाई शुरू कर दी है। हमलावरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि मामले की तफ्तीश जारी है। आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे।



## अनंत फैशन एंड ब्यूटी



### गर्मियों में परफेक्ट हैं ये कपड़े, जरूर करें ट्राई

# गर्मी से मिलेगी राहत ट्रेंडी दिखेगा आपका लुक

*गर्मी का मौसम चिपचिपाहट, पसीना और भारी कपड़ों से बचने की चाह लाता है। हर महिला चाहती है कि वह ऐसा पहनें जो स्टाइलिश और आरामदायक हो। सही बॉटम वियर चुनने से न सिर्फ गर्मी से राहत मिलती है, बल्कि आपका समर लुक भी ट्रेंडी दिखता है।*

#### बॉटम वियर

गर्मियों के लिए परफेक्ट बॉटम वियर है। यह न केवल स्किन फ्रेंडली होता है बल्कि हवा को पास भी होने देता है, जिससे शरीर ठंडा रहता है. फ्लोरल प्रिंट, स्ट्राइप्स या सॉलिड कलर में ये पलाजो कुर्तियों और शॉर्ट टॉप्स दोनों के साथ अच्छे लगते हैं। लिनन एक हल्का और सांस लेने वाला फैब्रिक होता है, जो गर्मियों में बहुत आराम देता है। हाई-वेस्ट या स्ट्रेट कट में आने वाले ये पैंट्स ऑफिस वियर से लेकर कैजुअल आउटिंग तक में पहने जा सकते हैं। व्हाइट, बेज, या पेस्टल शेड्स में ये और भी एलिगेंट दिखते हैं।

#### लॉन्ग फ्लोई स्कर्ट्स

**फेमिनिन** लुक के लिए लॉन्ग फ्लोई स्कर्ट्स बेस्ट ऑप्शन हैं। ये ठंडी और सॉफ्ट होती हैं, और इनका लुक बहुत फ्रेश और ब्राइट होता है। इन्हें क्रॉप टॉप या सिंपल टीशर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

#### कॉटन शॉर्ट्स

**घर** पर आराम करने या बीच वेकेशन के लिए कॉटन शॉर्ट्स से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। यह स्किन को ब्रीदिंग स्पेस देता है और पहनने में बेहद हल्का महसूस होता है। हाई-वेस्ट डिजाइन चुन सकती हैं जो ट्रेंडी भी लगता है।

#### कुलोट्स

**कुलोट्स** ऐसा बॉटम वियर है जो ना ही बहुत टाइट होता है और ना ही बहुत लूज। यह फॉर्मल और कैजुअल दोनों मौकों के लिए बेस्ट है। यह पैंट्स की तरह दिखते हैं, लेकिन स्कर्ट की तरह फ्लो करते हैं। गर्मियों में इन्हें पहनकर आप पूरे दिन खुद को फ्रेश महसूस करेंगी।

*अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।कट स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट पहनना लगभग हम सभी लोगों को पसंद होता है, लेकिन कई बार मोटी बाजुओं की वजह से हम इनको पहनने से कतराते हैं। ऐसे में हमें सिंपल डिजाइन वाले आउटफिट्स को स्टाइल करना पड़ता है, लेकिन हर बार एक ही तरह के स्लीव्स वाले आउटफिट पहनकर बोरियत होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।*

# इन डिजाइंस वाली स्लीव्स से आप दिखेंगी स्लिम और ग्रेसफुल

#### पफ डिजाइन स्लीव्स वाले आउटफिट

अपने लुक को अट्रैक्टिव बनान के लिए आप पफ स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करवा सकती हैं। इस तरह की स्लीव्स में बाजुओं का मोटापा नहीं नजर आता है। वहीं आपके हाथ भी अच्छे लगेंगे। इसको पहनने के बाद आपको स्टॉल या फिर श्रग डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



#### फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स

**मोटी** बाजू को छिपाने के लिए आप फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स को क्रिएट कर सकती हैं। आप अपने टेलर से इस तरह की डिजाइन वाली स्लीव्स बनवा सकती हैं। इसमें आपकी बाजू भी नहीं नजर आएगी। आप ब्लाउज, सूट या किसी आउटफिट में इस तरह की स्लीव्स डिजाइन करवा सकती हैं। आप किसी भी फैब्रिक में फ्रील स्लीव्स को डिजाइन करा सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में आप बहुत सुंदर नजर आएंगी।



#### कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स

**मोटी** बाजू को छिपाने के लिए कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के स्लीव्स वाली ड्रेसेस पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। वहीं इसमें आपका लुक भी स्टाइलिश दिखेगा। आपको इस तरह की स्लीव्स के बीच में कट आउट वाला डिजाइन मिल जाएगा। आप चाहें तो इस तरह की डिजाइन क्रिएट भी करा सकती है।





# गर्मियों में ट्राई करें ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल

**गर्मियों के मौसम में आउटफिट सिलेक्शन के बाद दूसरी समस्या हेयर स्टाइल की होती है। क्योंकि जब तक आप आउटफिट के साथ कूल हेयर स्टाइल नहीं बनाती हैं, तो आपका लुक परफेक्ट नहीं आता है। गर्मियों में चिलचिलाती गर्मी और पसीने के कारण बाल खोलना पॉसिबल नहीं होता है। ऐसे में ज्यादातर लोग ऐसी हेयर स्टाइल बनाना पसंद करते हैं, जिसमें बाल पूरी तरह से बंधे रहे। हालांकि गर्मियों में कूल और स्टाइलिश दिखने के लिए परफेक्ट हेयर स्टाइल बना सकती हैं।**

#### रबर बैंड ट्विस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल

**गर्मियों** में आप रबर बैंड टि्वस्ट ब्रेड हेयर स्टाइल बना सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए तमाम सारी रबर बैंड की जरूरत होगी। सबसे पहले नार्मल पोनी बनाएं और फिर थोड़ी-थोड़ी दूर पर रबर लगाना है और बालों को बीच से लूज करते जाएं। इससे आप सिंपल ब्रेड से खुद को स्टाइलिश लुक दे सकती हैं। स्कर्ट और जींस के साथ ऐसी हेयर स्टाइल काफी कूल लुक देती है।

#### हाफ हेयर बन स्टाइल

**आमतौर** पर गर्मियों में लोग हेयर स्टाइल लुक जरूर बनाते हैं। आप इसमे टि्वस्ट देकर हाफ हेयर करके उसी रबर बैंड से हाफ बन लुक दे सकती हैं। फिर उस पर कोई फंकी रबर बैंड ऊपर से लगा लें। आप ऑफिस से लेकर कॉलेज तक में हर जगह यह हेयर स्टाइल बनाकर जा सकती हैं। ड्रेसेस और जींस के संग यह हेयर स्टाइल बेस्ट लुक देती है।

#### साइड फ्रेंच बन हेयर स्टाइल

**गर्मियों** के मौसम में पार्टी के लिए हेयर स्टाइल को कंफर्ट का कॉम्बिनेशन देना चाहती हैं, तो आपको एक्ट्रेस टीना दत्ता जैसा फ्रेंच साइड बन लुक ट्राई कर सकती हैं। समर पार्टीज के लिए ऐसी हेयर स्टाइल परफेक्ट ऑप्शन है। आप इस हेयर स्टाइल को शार्ट ड्रेस और गाउन के संग पेयर अप कर सकती हैं। आप इसके साइड में टेल पर बीड्स भी लगा सकती हैं। इस हेयर स्टाइल को बनाने के लिए साइड से फ्रेंच ब्रेड बनाएं और फिर सभी बालों को फोल्ड करते हुए पिन की मदद से सेट करें। अब फ्रंट में लगी छोटी-छोटी फ्लिक्स निकाल लें। इस तरह की हेयर स्टाइल बनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### ढाड़ी मेले में आए कारोबारियों को मिली राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** ढाड़ी मैदान में धुम्मूशाह मेला जारी रखने से मेले में आए कारोबारियों को राहत मिली है। जानकारी के अनुसार प्रशासन के द्वारा आठ अप्रैल से 15 अप्रैल तक धुम्मूशाह मेले के अधिकारिक आयोजन किया गया था, लेकिन मेले में दुकानों के सजे रहने पर मेले का लुत्फ उठाने आ रहे लोगों की भारी संख्या के चलते इस आयोजन को एक-दो दिन चलाए रखने को लेकर प्रशासन ने कारोबारियों को राहत प्रदान की हैं। इससे मेले के दौरान मंदी की बात कह रहे कारोबारियों को काफी हद तक राहत मिलेगी। उधर, एसडीएम संजीव भोट ने बताया कि मेले को समेटने के लिए समय लगेगा। ऐसे में कारोबारियों को एक-दो दिन तक मेले का संचालन जारी रखने की रियायत प्रदान की गई है। साथ ही मेले में घूमने को आने वाले लोग भी अधिक समय में पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसको आगे जारी रखने को लेकर जरूरी लगता है तो अधिकारिक तौर पर इसे बढ़ाने पर विचार किया जाएगा।

### 40 बच्चों ने मनवाया गायन प्रतिभा का लोहा



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बहुतकनीकी संस्थान में मंगलवार को खेताब-ए-स्वर संस्था द्वारा नए बच्चे को गायन की कला में आगे लाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एपीएमसी के निदेशक राजेश राजा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौका पर लगभग 40 छोटे-बड़े बच्चों ने गायन प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए अपना अपना स्वर ताल के साथ गीत गाए। कई बच्चों ने शास्त्रीय संगीत में भी अपनी प्रतिभा रखी। इस मौका पर आयोजक के. मलिक, हरीश हर्ष, राकेश बाबा आदि उपस्थित थे। जिन बच्चों ने गायन प्रतियोगिता में भाग लिया, उनका रिजल्ट 2 दिन बाद इंस्टाग्राम पर लोड किया जाएगा।

### फरार कैदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के तहत में स्थित जिला जेल एवं सुधार गृह से सोमवार को एक कैदी के फरार होने का मामला सामने आया था। सुबह साढ़े 10 बजे के करीब साफ-सफाई के बहाने कैदी मौका देखकर फरार हो गया था। एनडीपीएस मामले में उक्त कैदी 10 साल की सजा काट रहा है। जिसमें नौ साल की कैद वे पूरा कर चुका है। कैदी के फरार होने के बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद कैदी को देर शाम कांगड़ा में पकड़ लिया था। इसके बाद उक्त कैदी को धर्मशाला जेल प्रशासन को सौंप दिया गया। साथ ही कैदी के खिलाफ पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला के थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस ने फरार कैदी को पकड़कर जेल प्रशासन को सौंप दिया था। साथ ही इस कैदी के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### रैत में डॉ. भीमराव अंबेडकर को दी पुष्पांजलि

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन गुरु रविदास मंदिर रैत परिसर में किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. वीआर अंबेडकर मिशन सोसायटी रैत पूर्ण चंद ने बताया की कार्यक्रम में रैत, दसनूर, वाणढ, नेरटी, प्रेई, टुंडू, सराह, डंडम्ब, डोहब, लुआंख, वंडी, भनाला, पालमपुर और चिंतपूर्णी आदि अन्य क्षेत्रों से आए हुए लोगों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जय भीम के उद्घोष से हुआ तत्पश्चात उपस्थित लोगों द्वारा बाबा साहेब को पुष्प अर्पित किए गए, महिलाओं द्वारा मंगल गान और बाबा साहेब द्वारा निर्मित भारत के संविधान पर गाना गाया। छोटे बच्चों के लिए बाबा साहेब के जीवनकाल पर आधारित प्रश्नोतरी का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# सर्वशिक्षा अभियान पर करोड़ों खर्च, नतीजे नहीं संतोषजनक

## सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या लगातार हो रही कम

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

शिक्षा के मामले में हिमाचल प्रदेश भले ही आगे बढ़ता नजर आ रहा है या फिर प्रदेश सरकार अपने बजट का सबसे अधिक हिस्सा केवल शिक्षा पर खर्च करने का दावा कर रही हो, परंतु इस क्षेत्र में आ रहे नतीजे सरकार के लिए संतोषजनक नहीं हैं।

प्रदेश सरकार इस समय शिक्षा पर लगभग एक चौथाई बजट खर्च कर रही है। इसके अलावा सर्वशिक्षा अभियान के तहत भी हर वर्ष करोड़ों रुपए शिक्षा पर खर्च किए जा रहे हैं, बावजूद इसके सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की सफलता और इन स्कूलों की ओर बच्चों के रुझान में कमी का दौर थमता नजर नहीं आ रहा है। यदि हालत यही रही तो कहना न होगा कि सरकारी स्कूलों में कुछ ही अरसे बाद छात्रों को ढूंढ-ढूंढ कर लाना पड़ेगा। प्रदेश में सरकारी स्कूलों से छात्रों और अभिभावकों के मोह भंग का यह हाल तब है जबकि, इस समय राज्य में शिक्षकों की संख्या लगभग 62 हजार से अधिक है।

शिक्षा क्षेत्र में हुए एक सर्वेक्षण में पता चला है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने जाने वाले बच्चों की कमी दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि में निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई। इसी तरह सरकारी अपर प्राइमरी स्कूलों में बच्चों की एनरोलमेंट में भी गिरावट आई, जबकि निजी अपर प्राइमरी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हुई। शिक्षा के क्षेत्र में हुए इस सर्वेक्षण में एक रुचिकर तथ्य यह भी सामने आया है कि नई एनरोलमेंट की पहली प्राथमिकता निजी स्कूल हैं और जिन बच्चों को इसमें किसी कारणवश दाखिला नहीं मिल पाता है, केवल वही बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ने जाते हैं। यही नहीं सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का इन स्कूलों को अलविदा कह कर निजी स्कूलों में पढ़ने जाने की रफ्तार भी लगातार बढ़ी है।

सरकारी स्कूलों को लेकर बच्चों और अभिभावकों में यह धारणा पूरी तरह से घर कर चुकी है कि इन स्कूलों में अनुशासन नाम की कोई चीज नहीं है। वहां बच्चों को अंग्रेजी के नाम पर कुछ नहीं सिखाया जाता, जबकि निजी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम बच्चों और अभिभावकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण हैं। इसी बजट में सरकार ने शिक्षा क्षेत्र पर करीब 9 हजार करोड़ खर्च करने की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

### कहां-कहां खर्च होता है सर्वशिक्षा अभियान का पैसा

**सर्वशिक्षा** अभियान के तहत स्कूलों में जहां आधारभूत ढांचा सुदृढ़ किया जा रहा है, वहीं पढ़ने और पढ़ाने के नए-नए तरीके भी इस्तेमाल किए जा रहे हैं। साथ ही सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को निजी स्कूलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कदमताल के तहत उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यही नहीं अब बच्चों के स्कूल बैग तक स्कूलों में रखने का प्रावधान किया जा रहा है, ताकि निजी और सरकारी स्कूलों की सुविधाओं में कम अंतर रह पाए। फिर भी बच्चों का निजी स्कूलों की ओर पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा।

# पुराना कांगड़ा मार्ग पर भूकंप स्मारक का जीर्णोद्धार शुरू



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

नगर परिषद कांगड़ा ने पुराना कांगड़ा मार्ग पर स्थित भूकंप स्मारक के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया है। इस स्मारक का निर्माण 1905 में आए विनाशकारी भूकंप में मारे गए लोगों की याद में किया गया था। नगर परिषद अध्यक्ष रेनू शर्मा ने बताया कि मौजूदा समय में स्मारक बरसात और आंधी-तूफान से ध्वस्त हो जाता है। इसको इस बार इस तरह से बेहतरीन आकार दिया जाएगा, ताकि ऐसी कोई भी समस्या दोबारा सामने न आए। उन्होंने बताया कि स्मारक को चारों ओर से शीशे से कवर किया जाएगा, ताकि बारिश और आंधी-तूफान का कोई प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि इस जीर्णोद्धार कार्य पर लगभग 8 लाख रुपए खर्च कर रही है। रेनू शर्मा ने बताया कि हर वर्ष 4 अप्रैल को कांगड़ा प्रशासन और विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्य मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए यहां इकट्ठा होते हैं। जीर्णोद्धार के बाद स्मारक और भी भव्य और सुरक्षित रूप में दिखाई देगा। नगर परिषद की इस पहल से न केवल स्मारक का संरक्षण होगा, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर को भी बचाया जा सकेगा। इस तरह के प्रयास क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### मुख्य चौक पर चारों ओर लगाई जाएंगी सोलर लाइटें

# राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बैजनाथ व्यापार मंडल के भवन का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**



राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी ने कहा कि भाजपा हमेशा विकास करवाती है, इसके विपरीत कांग्रेस पार्टी हमेशा ताले लगाने का काम करती है। राज्यसभा सांसद मंगलवार को बैजनाथ व्यापार मंडल के भवन के लोकार्पण के मौके पर बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बड़े दुख की बात है जब उद्घाटन की सभी तैयारी पूरी हो गई थीं, उस वक्त व्यापार मंडल के भवन पर ताले जड़ दिए गए।

यह कांग्रेस पार्टी की नीति और नियति को दर्शाती है। इसी घटिया मानसिकता के चलते कांग्रेस पार्टी लगभग अपनी अंतिम सांसें गिन रही है। आज एक राज्यसभा सांसद के उद्घाटन करने पर इतना बवाल खड़ा कर दिया है यह बहुत ही निम्न स्तर की राजनीति है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ की बेटी होने के नाते उन्होंने कभी भी यह भेदभाव नहीं किया कि कौन व्यक्ति या कौन पंचायत प्रतिनिधि किस पार्टी का है उनके पास जो भी विकास कार्य के लिए धन मांगने आया है उसे धन उपलब्ध करवाया है। इंदु गोस्वामी ने कहा कि उन्होंने 25 लाख की धनराशि बैजनाथ पपरोला में सीसीवीटी कैमरों के लिए जारी कर दी है। अब गालियों के लिए भी कैमरा के लिए धनराशि उपलब्ध करवाएगी। इंदु गोस्वामी ने आज बैजनाथ के लिए दो भद्रघर एक पार्क एक जिम बैजनाथ व्यापार मंडल के भवन के लिए फर्नीचर एक पार्क के लिए भी धन राशि देने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने कहा कि आज जो भी विकास कार्य इलाके में हो रहे हैं, वे केंद्र की मोदी सरकार की या पूर्व में भाजपा की जयराम सरकार की देन हैं।

## भाजपा सरकार ने जनता के दुख-दर्द को नहीं समझा : पठानिया

# राजोल छिंज के विजेता, उपविजेता पहलवान नवाजे

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



राजोल में होने वाले वार्षिक छिंज मेले में उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने शिरकत करके विजेता उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया। सवसे पहले कमेंटी के सदस्यों ने विधायक केवल सिंह पठानिया को पगड़ी पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृति की पहचान होती है पहले मेलों के दौरान ही मेलमिलाप होता था, लेकिन वर्तमान में वाटसएप का जमाना है पर फिर भी मेले आज दिन तक अपनी सांस्कृति विखेरे रखा है तभी तो हजारों लोग मेलों को देखने आते है। उन्होंने कहा कि राजोल में भारी बारिश होने के कारण करोड़ों का नुकसान हुआ था, लेकिन पूर्व की भाजपा सरकार ने जनता के दुख दर्द नहीं समझा। तीन महीने पहले प्रदेश की जनता ने अपनी कांग्रेस की सरकार बनाई और शाहपुर हलके में इतिहास रच कर शाहपुर क्षेत्र से कांग्रेस का अपना सेवक चुना। सबसे पहले एक करोड़ 24 लाख रुपए मंजूर करवा कर राजोल में हुए नुकसान कें लिये जमीनों की रक्षा के लिए खर्च किया। मैं आपका सेवक हु आपकी सेवा के लिए आपको मेरे पास नहीं आना पड़ेगा, बल्कि मैं आपके पास आ कर आपकी सेवा करूंगा। विधानसभा क्षेत्र को रिश्वतखोरी से मुक्त किया जाएगा। विधानसभा सत्र में राजोल के लोगों की की आवाज़ उठाई और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के और कृषि मंत्री एव पशुपालन मंत्री के आशीर्वाद से राजोल की जनता के लिए हुए नुकसान का ओर जमीन के बहने से रोकने के लिए करोड़ों रुपए दिए। पीर बाबा के अखाड़े को विधायक पठानिया ने 51 हजार दे कर इसका निर्माण किया था। छिंज कमेटी के आग्रह से जो मांग होगी उसको पूरा किया जाएगा। इस मौके पर कमेटी के प्रधान सुदर्शन कटोच, बलदेव सिंह सेक्रेटरी, रमेश चंद कोषाध्यक्ष, नंदी उपप्रधान, कपिल उप कोषाध्यक्ष, पवन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बमियाल में झाड़ियों में रखी 265 ग्राम हेरोइन पकड़ी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

नशा तस्करों की ओर से सीमा पार पाकिस्तान के नशा तस्करों से फोन पर सेटिंग करके ड्रोन के माध्यम से हेरोइन की सप्लाई मंगवाकर नशे की तस्करी की जा रही है। एक ऐसा ही ममला पुलिस थाना में नरोट जैमल सिंह के अंतर्गत आते बॉर्डर से सटे बमियाल के उज्ज दरिया पुल के नजदीक सामने आया है। यहां से पुलिस की ओर से एक गुज्जर युवक मोहम्मद शरीफ पुत्र नवाबुद्दीन को किसी मामले में काबू किया था। इसके बाद पुलिस की ओर से उससे की गई पूछताछ के बाद सामने आया कि उक्त आरोपित की ओर से पाकिस्तान में फोन करके ड्रोन के माध्यम से हेरोइन मंगवाई जाती है। पुलिस की ओर से आरोपित की निशानदेही पर पुल के नजदीक गांव बमियाल के श्मशानघाट से झाड़ियों में छुपाकर रखी गई 265 ग्राम हेरोइन भी रिकवर की है। पुलिस को यह एक बड़ी कामयाबी हाथ लगी जांच में सामने आया है कि आरोपित की ओर से 7 जनवरी को पाकिस्तान में फोन करके ड्रोन के माध्यम से आधा किलो हेरोइन की सप्लाई मंगवाई थी। आरोपित की ओर से इसमें से लगभग आधी हेरोइन इस बमियाल क्षेत्र के नजदीक लगते के गुज्जर परिवारों से संबंधित युवकों को बेच दी थी एवं 10 ग्राम हेरोइन गांव सिंबल कुलिया की एक महिला को दी थी। बता दें कि उज्ज दरिया पुल के आसपास कुछ समय पहले ड्रोन की मुमेंट की घटना सामने आई थी। यह क्षेत्र भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक है और जम्मू संभाग के जिला कठुआ सीमा से भी लगता है। जहां पशु तस्करी के मामले भी सामने आ चुके हैं। इतना ही नहीं इसी जगह पर पशु तस्करों की ओर से कुछ समय पहले इसका विरोध करने पर स्थानीय लोगों पर हमला करने की घटना भी घटित हो चुकी है। अब यहां के रहने वाले कुछ लोगों की ओर से सीमा पार फोन करके ड्रोन के माध्यम से हेरोइन तस्करी की घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया गया है। अब सवाल उठ रहा है की सीमा पार से हेरोइन की खेप मंगवाने के बदले कहीं आरोपित की ओर से बॉर्डर क्षेत्र की जानकारियां तो सीमा पार नहीं भेजी गई थी।

## स्वास्थ्य मंत्री ने बज्रेश्वरी मंदिर में टेका माथा



कांगड़ा। श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में मंगलवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने अपने परिवार सहित माथा टेका। मंदिर के पुजारी एवं ट्रस्टी उमेश शर्मा ने पूजा-अर्चना की और उन्हें माता के दर्शन करवाए और देवी मां के इस मंदिर के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

# अस्पतालों में 10 रुपए की पर्ची कोई बड़ी बात नहीं : सुदर्शन शर्मा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

सरकारी अस्पतालों में 10 रुपए की पर्ची पर प्रदेश भर में मुद्दा इस समय गरमाया हुआ है। जहां कांग्रेस सरकार 10 रुपए की पर्ची को जायज ठहरा रही है, तो वहीं, भाजपा नेता इसे गरीबों की जेब पर भारी भोज बता रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुदर्शन शर्मा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि अस्पतालों में 10 रुपए की पर्ची काटना कोई बड़ी बात नहीं है। इससे आम जनता पर किसी प्रकार का बोझ नहीं बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अस्पतालों में मिलने वाली दवाइयां एवं टेस्ट पर कोई चार्ज नहीं लगेगा यह भाजपा नेताओं द्वारा फैलाया गया झूठ है, इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार रेवेन्यू जेनरेट करने के उद्देश्य से यह फैसला ले रही है। पर्ची के अतिरिक्त अस्पतालों में कोई भी चार्ज नहीं लगेगा। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बंद करने को लेकर कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय में आयुष्मान के जरिए सरकारी खजाने से कुछ चहेतों को लाभ देने का काम किया था। इसमें मात्र सुधार किया गया है, जबकि ये सभी कार्ड पूर्ववत तरीके से चल रहे हैं।

# मेले हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक : काजल

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विधायक पवन काजल ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक हैं। इनमें जन भावनाएं जुड़ी होती हैं। तरसुह गांव में आयोजित वार्षिक छिंज मेले को भव्य बनाने के लिए मेला कमेटी ने पूरी मेहनत की। कुश्ती के दंगल में उमड़ी भीड़ से साफ है कि ग्रामीणों में आज भी कुश्ती को लेकर उत्साह बना हुआ है। काजल ने कहा कि फोरलेन निर्माण के बाद तरसुह गांव को ओवरब्रिज से जोड़ा गया। इससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। उन्होंने बताया कि देहरा अरला से स्कोट भाटी तक सड़क विस्तार का कार्य जारी है। इस पर साढ़े चार करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। विधायक ने मेला कमेटी को सफल आयोजन के लिए 31 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। मेले में बड़ी माली के मुकाबले में कच्छयारी के कर्ण ने पठानकोट के हैप्पी को हराकर 11 हजार रुपए की इनामी कुश्ती जीती। छोटी माली में नवनीत हरियाणा ने विवेक जवाली को हराया। मेला कमेटी अध्यक्ष बक्शी राम ने बताया कि पिछले 20 साल से यह मेला आयोजित किया जा रहा है।

# अंबेडकर को समाज सुधारक के रूप में याद रखेगा देश : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को एक न्यायविद् अर्थशास्त्र, समाज सुधारक और राजनेता के रूप में देश हमेशा याद करता रहेगा। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव पर शहरी मंडल, ग्रामीण मंडल पालमपुर के कार्यकर्ताओं को जिला पालमपुर भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम आयोजित कर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहरी मंडल के अध्यक्ष गोपेश शर्मा और ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सुरेश पठानिया ने की।

# धर्मशाला अस्पताल में 10 माह से एमडी मेडिसिन का पद खाली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** क्षेत्रिय अस्पताल धर्मशाला को 7 नए डॉक्टर मिल पाए हैं। हालांकि 10 माह बाद भी अस्पताल में एमडी मेडिसिन की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जबकि सरकार ने नए मेडिकल आफिसरों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में धर्मशाला अस्पताल को मेडिसिन का मेडिकल ऑफिसर तो मिला है, लेकिन वह केवल छाती के मरीजों की जांच कर सकेगा। इसके अलावा धर्मशाला अस्पताल को सर्जरी, माइक्रोबायोलॉजी, ऑर्थो, पैथोलॉजी और एक मेडिकल ऑफिसर अल्ट्रासाउंड के लिए मिला है। धर्मशाला अस्पताल में पहले तीन एमडी मेडिसिन डॉक्टर कार्यरत थे, जिनका तबादला हो गया था। इसके परिणामस्वरूप मेडिसिन ओपीडी को बंद करना पड़ा है। हालांकि, टांडा मेडिकल कॉलेज से डीआरपी पर डॉक्टर बुलाकर जनरल ओपीडी के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। हालांकि सात नए डॉक्टरों की नियुक्ति से कुछ राहत मिली है, लेकिन एमडी मेडिसिन की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को पूर्ण चिकित्सा सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। सरकार और स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र ही रिक्त पद को भरने के लिए कदम उठाने चाहिए।

# रजत ने गोपू को पटकनी देकर जीती माली

## वसोआ मेले में विधायक आशीष बुटेल ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**



तीन दिवसीय डाढ़ में छिंज वसोआ मेले में अंतिम दिन रजत कांगड़ा ने गोपू ज्वालामुखी को पटकनी देकर माली अपने नाम की। तीन दिवसीय छिंज वसोआ मेले के अंतिम दिन पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विजेता पहलवान को 31000 हज़ार तथा स्मृति चिन्ह व उपविजेता पहलवान को 21000 हजार तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति की धरोहर हैं, इन्हें हमें संजोकर रखना चाहिए। इस तरह के मेले के आयोजनों आपसी भाईचारा बढ़ता है। इस बार महिलाओं के लिए रस्साकसी और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता करवाकर महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की है, जिसके लिए सभी पंचायत सदस्य व मेला कमेटी सदस्य बधाई के पात्र हैं। उन्होंने मेले के उत्थान के लिए मेले के ग्राउंड के 2 लाख, रास्ते के लिए 3 लाख व मेला कमेटी को 51 हजार रुपए दिए।

उन्होंने डाढ़ के नौ महिला मंडलों व चाचियां महिला मंडल प्रथम स्थान व डाढ़ दूसरे स्थान पर आने के लिए सभी महिलाओं को बधाई दी। पूर्व में रहे उपप्रधान व मेला कमेटी प्रधान स्वर्गीय ओंकार चंद की याद में महिला रस्साकशी व म्यूजिकल चेयर का आयोजन करना व उनकी पत्नी पूर्व प्रधान शारदा देवी द्वारा सभी महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करना बड़ा हर्ष का विषय है। ऐसे कार्यक्रम हर साल आयोजित होने चाहिए, जिसमें महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित हो।

**समारोह** केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंबेडकर उत्कृष्ट केंद्र की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# सीयू में डॉ. अंबेडकर पर सर्टिफिकेट कोर्स होगा शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर- एक में चल रहे अंबेडकर उत्कृष्ट केंद्र की ओर से अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं के लिए पुरस्कार समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और कुलगीत से हुई। अधिष्ठाता अकादमिक प्रो प्रदीप कुमार ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस अवसर पर डा. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने केंद्र की सफलता के संदर्भ में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन एक मानक जीवन है, इतिहास में उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। आत्मविकास को परिभाषित करते हुए बहुत खूबसूरती से उन्होंने इसे डॉ. अंबेडकर के जीवन से जोड़ा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि अंबेडकर को न केवल पढ़ना, उनके जैसा जीना, वैसे ही हो जाना और अंबेडकर का आत्मविश्वास लेकर आगे बढ़ना ही आत्मविकास है। डॉ अंबेडकर केवल जातिवाद के खिलाफ ही नहीं थे, उन्होंने समग्र भारत के निर्माण की बात की थी। प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) पर बोलते हुए कुलपति ने अंबेडकर जी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात की। हम पहले भारतीय हैं, हम पहले भारत के हैं। जो पहचान और सम्मान हमें अपने देश में मिलता है, वो कहीं बाहर नहीं मिलता। उन्होंने ये भी कहा कि अगर डॉ. अंबेडकर के विचारों को पहले ही शिक्षा नीति में जगह दी गई होती तो नई शिक्षा नीति बनाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा। अंबेडकर का दृष्टिकोण ही था कि कोई भी अशिक्षित नहीं होना चाहिए। उन्होंने अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सिलेंस को संबोधित करते हुए कहा कि आप इस विश्वविद्यालय की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। इसके साथ ही आश्वासन दिया कि अंबेडकर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से डॉ. अंबेडकर पर सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने अधिष्ठाता अकादमिक को संबोधित करते हुए विविध सुविधाओं को प्रदान करने की बात की। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दमकल विभाग के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि




**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी परियोजना व 412 मेगावाट रामपुर में तैनात सीआईएसएफ की झाकड़ी व रामपुर द्वारा राष्ट्रीय अग्निसेवा दिवस का आयोजन एसजेवीएनएल व सीआईएसएफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर बाम्बे डाकयार्ड में हुए भीषण अग्नि दुर्घटना में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान शहीद स्तंभ पर दोंनो ही सयंत्रों में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर झाकड़ी परियोजना के परियोजना प्रमुख आशुतोष बहुगुणा व रामपुर बायल के परियोजना प्रमुख विकास मारवा एवं सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट अमरेंद्र कुमार के साथ सुरक्षा शाखा एवं अग्निशमन शाखा के जवानों को ईमानदारी से कर्तव्य का निर्वाहन करने की शपथ दिलाई एवं बुकलेट, पम्फलेट व बैनर का विमोचन किया गया। 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निसेवा सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। जिसमें परियोजना के कर्मचारियों, महिलाओं स्कूली बच्चों एवं आसपास के ग्रामीणों इलाकों मे पूरे सप्ताह चलने वाले सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया गया। (अनंत ज्ञान)

### सड़क निर्माण के लिए मंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के प्रयासों से जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत सारी के अंतर्गत परहाट पुल से शैख बस्ती व हरिजन बस्ती विराट नगर सड़क संपर्क का कार्य कार्य प्रगति पर है। इसके लिए समस्त सारी पंचायत वासियों ने इस कार्य के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

### नेपाली मूल के व्यक्ति से नशीली चीजें बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस उपमंडल रोहड़ू की विशेष टीम ने मंगलवार सुबह गश्त के दौरान नेपाली मूल एक युवक से 70 शीशी कोढीन फास्फेट और ट्रिपोलीढीन एचसीएल सीरप 100 मीलिलीटर एवं 530 गोलियाँ नाइट्रोजिपाम की बरामद की है। पुलिस के अनुसार नेपाली मूल का 27 वर्षीय संजू राय वर्तमान में उत्तराखंड के पुरोला में रहता है। पुलिस थाना रोहड़ू में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक़द्दमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आगामी छानबीन जारी है।

### अनुसूचित जनजाति सब प्लान को बने विशेष एक्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश दलित शोषण मुक्ति मंच ने दलितों की मांगों पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल और हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल को एक ज्ञापन दिया.गया। ज्ञापन में मांग की गई कि हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति सब प्लान के लिए विशेष एक्ट बनाया जाए। ताकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार बजट का आवंटन हो सके पूरा 100 फीसदी आवंटित बजट अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए ही खर्च किया जाए। राज्यपाल और हिमाचल प्रदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल को एक विज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति सब प्लान के लिए विशेष एक्ट बनाया जाए ताकि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार बजट का आवंटन हो सके पूरा 100 फीसदी आवंटित बजट अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के विकास के लिए ही खर्च किया जाए।

# नशा रोकने के लिए सरकार उठा रही कदम : अनिरुद्ध

## रिज मैदान पर हर्षोल्लास के साथ मनाया जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह, पंचायतीराज मंत्री ने किया ध्वजारोहण

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**जिला** स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। हिमाचल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि नशे को रोकने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर कदम उठा रही है। सत्ता में आते ही वर्तमान प्रदेश सरकार ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट को लागू किया है।

इस कानून के लागू होने के बाद ऐसे लोगों की गिरफ्तारी हुई जो बार-बार नशे के काले कारोबार में शामिल थे। इसके अतिरिक्त, सरकार ने नशे के पीड़ित और अपराधियों में अंतर करने के लिए एचपी एंटी ड्रग एक्ट विधानसभा से पास किया है जिसके माध्यम से नशे के दलदल में फंसे व्यक्तियों को फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा रहे है। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए स्पेशल टास्क फॉर्स भी बनाई जा रही है।

ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा कि हिमाचल में संगठित अपराध की घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने आर्गेनाइज्ड क्राइम कंट्रोल एक्ट भी पास कर दिया है। इस साल गाय और भैंस के दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में फिर से वृद्धि की गई है। गाय के दूध पर समर्थन मूल्य को 32 रुपए से बढ़ाकर 38 रुपये और फिर 45 रुपए किया था जिसे इस बजट में 6 रुपए की वृद्धि के साथ 51 रुपए प्रतिलीटर कर दिया गया है। इसी तरह, भैंस के दूध पर समर्थन मूल्य 47 रुपए से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया था, जिसे इस साल से 61 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती कर रहे प्रदेश के 01 लाख 58 हजार 785 किसानों को प्रमाणित किया गया है। सरकार ने प्राकृतिक तरीके से उगाई गई मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य 30 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपए और गेहूं का 40 रुपए से बढ़ाकर 60 रुपये प्रति किलो किया है, जिससे लाखों किसानों को आर्थिक लाभ मिल रहा है।

उन्होंने बताया कि पहली बार प्रदेश में प्राकृतिक हल्दी का उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार कच्ची हल्दी 90 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदेगी, जिससे हिमाचली हल्दी के नाम से प्रचारित किया जाएगा। अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि वन प्रबंधन तथा वन क्षेत्र विस्तार में महिला मंडलों और युवक मंडलों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए 100 करोड़ रुपये व्यय के साथ नई 'राजीव गांधी वन संवर्धन योजना' लागू की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाएं और युवा वन भी बचाएंगे और पैसे भी कमाएंगे। योजना के अंतर्गत प्रत्येक समूह को पांच वर्षों में 6 लाख 40 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



### स्कूली छात्र किए सम्मानित

**जिला** स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह के पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले स्कूलों को 5-5 हजार प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया।

### इन्होंने लिया परेड में भाग

**हिमाचल** दिवस की परेड का नेतृत्व परेड कमांडर एसआई जयदेव सिंह एसएचओ पुलिस थाना रामपुर ने किया। परेड में प्रदेश पुलिस (पुरुष), प्रदेश पुलिस (महिला), प्रदेश गृह रक्षक टुकड़ी (पुरुष), प्रदेश गृह रक्षक टुकड़ी (महिला), प्रदेश यातायात पुलिस व प्रदेश पुलिस ब्रास बैंड एवं गृह रक्षक बैंड की टुकड़ियों ने भाग लिया।

## प्रदेश के ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों के स्कूलों को बंद न करे सरकार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

**हिमाचल** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ, जिला शिमला की समस्त कार्यकारिणी जारी संयुक्त प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि शिक्षा क्षेत्र में किए जाने वाले सभी सकारात्मक सुधारों का संघ स्वागत करता है और सरकार को हर संभव सहयोग देने को प्रतिबद्ध है।

**प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ की जिला इकाई ने की मांग**

जिला अध्यक्ष अजय नेगी ने कहा कि शिक्षकों का युक्तिकरण यदि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाए, तभी शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक सुधार संभव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई शिक्षा नीति में शिक्षक-छात्र अनुपात 30:1 निर्धारित किया गया है। जिससे प्रत्येक शिक्षक कम छात्रों के साथ बेहतर संवाद, नवाचार और शिक्षण पद्धतियों को अपनाने में सक्षम होता है। इसके विपरीत, वर्तमान में विभाग द्वारा 60:1 के पुराने अनुपात को भी पूर्ण रूप से लागू नहीं किया जा रहा है। संघ प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व शिक्षा सचिव राकेश कंवर से आग्रह करता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। विशेषकर उसमें निर्धारित 30:1 शिक्षक-छात्र अनुपात को शीघ्र प्रभाव से लागू किया जाए। इसके साथ ही प्रवक्ता संघ सरकार से यह भी मांग करता है कि प्रदेश के अति दुर्गम एवं दूरदराज के क्षेत्रों में संचालित विद्यालयों को जनहित एवं छात्रहित में बंद न किया जाए। ऐसे क्षेत्रों में बच्चों को विद्यालय पहुंचने के लिए नदियों, नालों, वनों और दुर्गम रास्तों से गुजरना पड़ता है, जो कि अत्यंत कष्टप्रद एवं जोखिम भरा होता है।

## अगले 3 महीने तक नए पेयजल कनैक्शन पर रोक

**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला में बुधवार से जल प्रबंधन कंपनी पानी के नए कनैक्शन पर रोक लगाने जा रही है। शहर के हजारों उपभोक्ताओं को अगले तीन महीनों के लिए पानी का नया कनैक्शन नहीं मिल सकेगा। कंपनी अगस्त में ही पानी के नए कनैक्शन देने की प्रक्रिया शुरू करेगी। शिमला शहर में जुलाई तक पानी की किल्लत रहती है, ऐसे में कंपनी ने नए कनैक्शन देने पर रोक लगाने का फैसला लिया है। बुधवार से यह रोक लागू हो जाएगी। जल प्रबंधन कंपनी के पास नगर निगम परिधि के भीतर और बाहर घरेलू और कमर्शियल पानी के कनैक्शन के लिए लोगों ने आवेदन कर रखा है, लेकिन अप्रैल में ही शहर में पानी को लेकर हालात खराब होना शुरू हो गए हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक वीरेंद्र ठाकुर का कहना है कि बुधवार से नए पानी के कनैक्शन कंपनी अब उपभोक्ताओं को नहीं देगी, इस पर रोक लगा दी जाएगी।

## पूर्व भाजपा सरकार को कोसने में अपना समय निकाल रहे सीएम : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि हिमाचल के मुख्यमंत्री को केवल एक ही काम है कि वह पूर्व भाजपा सरकार को कोसने में अपना समय निकल रही है। मुख्यमंत्री और उनकी मित्र मंडली सुबह उठती है और पूर्व की भाजपा सरकार को गाली देने का काम करती है, अगर इसके सिवा कोई दूसरा काम यह सरकार करती है, तो उसके बारे में चर्चा करनी चाहिए।

कश्यप ने कहा कि हम मुख्यमंत्री जी को याद दिलाना चाहते हैं कि वर्तमान समय में सरकार कांग्रेस की है और आप उसके मुख्यमंत्री है और अगर आप हिमाचल प्रदेश की प्रगति के लिए कुछ नहीं कर पा रहे तो उसकी दोषी केवल मात्र आपकी ही सरकार है।

पूर्व सरकार का इसके अंदर किसी प्रकार का योगदान नहीं है, आप पिछली सरकारों में भी विधायक रह चुके है। वस्तु स्थिति तो आपको पहले ही पता थी, पर सत्ता की भूख ने आपको शायद अंधा बना दिया था और अब जब आप अपनी कुर्सी पर बैठे हैं तो केवल मात्र आपको खोट ही खोट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार को यह मालूम होना चाहिए कि प्रतिवर्ष हिमाचल प्रदेश को केंद्र सरकार से 11000 करोड़ से अधिक की वित्त राशि प्राप्त हो रही है और इसके लिए प्रदेश सरकार को केंद्र सरकार का आभारी होना चाहिए।



### हक की बात बचकानी

**कांग्रेस** के कहानी छोटे-मोटे नेता यह कहते हैं कि यह हमारा हक था, पर हम उनसे पूछना चाहते हैं कि हक तो तब होगा जब आपने हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी उसे फंड के लिए केंद्र सरकार के खाते में जमा करवा दी हो। पर ऐसा नहीं हुआ, उसके बावजूद भी केंद्र सरकार ने लगातार प्रदेश सरकार की मदद ही की है और इससे प्रतीत होता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों की सोच सकारात्मक होती है।

**कहा- उनकी मित्र मंडली का भी यही हाल, खोट ही खोट दिखाई दे रहा**

### अस्पताल प्रशासन ने भेजी 20 लाख की डिमांड, मिलेगी 24 घंटे पोस्टमार्टम की सुविधा

# बिलासपुर हॉस्पिटल में बनेगा अत्याधुनिक शवगृह

**शुभम राही, बिलासपुर**




क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस नया शवगृह जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 20 लाख रुपए की डिमांड भेजी है, जिसमें शवगृह के निर्माण से लेकर सभी जरूरी उपकरणों की व्यवस्था शामिल है।

**फ्रिजर और इनबिल्ट लैब की भी मिलेगी सुविधा**

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस नए शवगृह में आधुनिक टेबल, उच्च गुणवत्ता की लाइटिंग, शवों के लिए फ्रिजर और पोस्टमार्टम प्रक्रिया में प्रयोग किए जाने वाले सभी अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे न केवल पोस्टमार्टम प्रक्रिया अधिक सुगम और वैज्ञानिक तरीके से संपन्न होगी, बल्कि इससे डॉक्टरों और कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य-परिस्थितियां मिलेंगी।

आपको बता दें कि फिलहाल, बिलासपुर अस्पताल में एक अस्थायी शवगृह का संचालन किया जा रहा है, जिसमें सुविधाओं की कमी के कारण कई बार असुविधाएं उत्पन्न होती रही हैं। ऐसे में नए शवगृह का निर्माण क्षेत्र की जनता के लिए एक राहत की खबर है। बिलासपुर अस्पताल में तैनात चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ए.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया, नए शवगृह के शुरू होने से अस्पताल में 24 घंटे पोस्टमार्टम की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही, शव परीक्षण की प्रक्रिया में तेजी और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने यह भी बताया कि शवगृह के भीतर एक आधुनिक प्रयोगशाला (लैब) भी स्थापित की जाएगी, जो कि फॉरेंसिक जांच में भी सहायक सिद्ध होगी। इससे जटिल मामलों की रिपोर्टिंग और विश्लेषण में अधिक सटीकता आ सकेगी।

अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग का यह प्रयास न केवल आपातकालीन सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, बल्कि कानून व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया में भी सहयोग प्रदान करेगा। स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि इससे परिजनों को शव की प्रक्रिया के दौरान होने वाली मानसिक और भावनात्मक परेशानियों से काफी राहत मिलेगी। शवगृह से न केवल स्थानीय जनता को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली में भी गुणवत्ता का नया स्तर जुड़ जाएगा। (अनंत ज्ञान)



"बिलासपुर अस्पताल में जल्द ही आधुनिक शवगृह बनकर तैयार होगा। इसके लिए विभाग को 20 लाख रुपए की डिमांड भी भेज दी गई है। जल्द यह सुविधा शुरू होगी।

-डॉ. एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक, बिलासपुर।

## कसोल वैली में बैसाखी मेले में दिखा खेल और संस्कृति का संगम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कोल डैम कसोल वैली में तृतीय बैसाखी मेला श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक विविधताओं के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस मेले में अध्यात्म, खेल और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेले में जल क्रीड़ा, कबड्डी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में युवाओं व दर्शकों ने उत्साह से भाग लिया। खेल स्पर्धाओं में आठ टीमों ने भाग लिया। जिनमें खेलो भारत राज्य छात्रावास बिलासपुर, कृष्णा अकादमी बघेल जिला बिलासपुर, जालपा अकादमी और कसोल की टीमें प्रमुख रहीं। रुद्रा अकादमी ऊना ने प्रथम और साई हॉस्टल बिलासपुर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मेले का समापन सतलुज महाआरती और विशाल यज्ञ के साथ हुआ, जिसकी पूर्णाहुति महात्मा रमण मुनि और बाबा मस्त गिरी जी के सान्निध्य में हुई। यज्ञ के मुख्य आचार्य पंडित जोगेंद्र रहे। सांस्कृतिक संध्या और आतिशबाजी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेला समिति संयोजक डॉ. प्रकाश ठाकुर ने बताया कि मेले के सफल आयोजन में एनटीपीसी के एचओपी सुभाष ठाकुर ,बरमाणा एसएचओ पूजा कौंडल सहित सभी स्थानीय संगठनों, महिला मंडलों, बाहर से आए खिलाड़ियों और कसोल की जनता का आभार प्रकट किया। इस आयोजन में प्रमुख व्यवसायी अशोक ठाकुर ने 21,000 व्यावसायी व समाजसेवी राजेश ठाकुर ने 15,000 रुपए और केंद्रीय रक्षा मंत्रालय सचिव के ओएसडी प्रेम सिंह रघुवंशी ने 11,000 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजेश ठाकुर और विशेष अतिथि सूरज ठाकुर उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने कहा यह मेला केवल उत्सव नहीं, बल्कि कसोल की संस्कृति और युवा ऊर्जा का प्रतीक है। विशेष अतिथि प्रेम सिंह रघुवंशी ने यह आयोजन कसोल को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### सनोटी में 55 परिवार भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के परिवार में वृद्धि हुई है। बेनला-ब्राह्मणा पंचायत के बलड़ा और मल्यावर पंचायत के सनोटी में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान लगभग 55 परिवार भाजपा में शामिल हुए। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। अहम बात यह है कि इनमें से ज्यादातर परिवार अनुसूचित जाति वर्ग के हैं, जो इससे पहले कांग्रेस से जुड़े थे। प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने तथा दूध व गोबर खरीदने समेत अन्य गारंटियां पूरी न होने से खफा होकर इन परिवारों ने भाजपा का दामन थामा है। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने पार्टी के पटके पहनाकर उनका भाजपा परिवार में स्वागत किया। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर संविधान के जनक थे। कांग्रेस ने उनका सम्मान करने के बजाए उन्हें बार-बार अपमानित किया। इसके विपरीत भाजपा ने उन्हें हमेशा मान-सम्मान दिया है। वर्ष 1990 में अटल बिहारी वाजपेयी के प्रस्ताव पर उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया था।

### अमरनाथ को प्रदेशाध्यक्ष, धनीराम को सचिव चुना

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन कैप्टन हंस राज की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अमरनाथ धीमान को प्रदेशाध्यक्ष व कैप्टन धनीराम को सचिव चुना गया। अध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार व वाइस चेयरमैन कैप्टन सीता राम, सूबेदार मदन लाल और सूबेदार मेजर सरबजीत सिंह को चुना गया सचिन कैप्टन धनी राम व सह सचिव सूबेदार अनिल कुमार राणा तथा कोषाध्यक सूबेदार जगजीत सिंह, सलाहकार सूबेदार ईश्वर सिंह को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में सूबेदार लच्छू राम, सूबेदार योगिंदर पाल सेना मेडल, सूबेदार मेजर राम लाल, कैप्टन राकेश कुमार, सूबेदार मेजर सुरेंद्र सिंह, सूबेदार सुखजीत सिंह, हवालदार जगन नाथ शर्मा और कैप्ट प्रीतम सिंह को चुना गया। कार्यकारिणी अगले पांच साल काम करेगी। प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन अमर नाथ धीमान ने बताया कि पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश आगे भी वीर नारियों, सैनिकों, पूर्व सैनिक के आश्रितों की भलाई के लिए हमेशा प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करती रहेगी।

### प्रिया ने 200 मीटर दौड़ में जीता रजत पदक

**गोपाल कपिल, झंडूता।** उपमंडल झंडूता की प्रिया ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश पॉलिटेक्निक कॉलेज की राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर दौड़ में द्वितीय तथा 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिला बिलासपुर का नाम रोशन किया है। प्रिया वर्तमान में पॉलिटेक्निक कॉलेज कलोल के इलेक्ट्रीकल विंग में तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। इस उपलब्धि से न केवल कॉलेज की गरिमा बढ़ी है, बल्कि कोटधार क्षेत्र का नाम भी गौरवान्वित हुआ है। कोटधार नलवाड़ मेला समिति के संस्थापक एवं अध्यक्ष अमरनाथ धीमान ने प्रिया की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की छिपी प्रतिभाओं को ऐसे मंच आगे आने का अवसर देते हैं। उन्होंने प्रिया, उनके माता-पिता तथा कॉलेज प्रशासन को इस सफलता का श्रेय देते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रिया की इस उपलब्धि से समूचे क्षेत्र में खुशी की लहर है। (अनंत ज्ञान)

### तीन दिवसीय रुक्मिणी कुंड वैशाखी मेला संपन्न

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता की ग्राम पंचायत जांगला में आयोजित तीन दिवसीय रुक्मिणी कुंड वैशाखी मेला हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मेले के समापन अवसर पर बीडीसी चेयरमैन अभिषेक चंदेल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि मेलों के आयोजन से आपसी भाईचारा बढ़ता है और ये हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। मेले के दौरान आयोजित दंगल में जय दीप रोहतक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि पंकज उपविजेता रहे। विजेता जय दीप को 4100 रुपए नकद और एक कंगन प्रदान किया गया, वहीं उपविजेता पंकज को 3100 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया।

### शाहतलाई में 24 अप्रैल को होगा महादंगल

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** शाहतलाई में 24 अप्रैल को महादंगल होगा। इसमें हिमाचल केसरी, बिलासपुर व शाहतलाई केसरी के लिए विशेष कुश्तियां करवाई जाएंगी। मंगलवार को मंदिर बाबा बालक नाथ तलाई के प्रांगण में लखदाता छिंज प्रतियोगिता तलाई की बैठक में निर्णय लिया गया। केवल हिमाचली अंडर-21 के लिए विजेता पहलवान को 11 हजार गुरज व उपविजेता को 10 हजार राशि, हार जीत नहोने पर सात-सात हजार राशि ही मिलेगी। छोटी माली के विजेता को 11 हजार व गुरज व उपविजेता को 10 हजार राशि बराबरी रहने पर सात-सात हजार राशि रहेगी। बड़ी माली 31 हजार राशि विजेता पहलवान को 16 हजार व गुरज उपविजेता रहने वाले खिलाड़ी को 15 हजार राशि दी जाएगी(

## बिलासपुर के मयंक का आयरनमैन ताइवान स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**




ताइवान के पेंघू द्वीप पर गत 13 अप्रैल को आयोजित हुई प्रतिष्ठित आयरनमैन ताइवान-2025 ट्रायथलॉन प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के कोठीपुरा के नोआ गांव के निवासी मयंक ठाकुर ने अद्वितीय साहस, धैर्य और निष्ठा का परिचय देते हुए अपने 45-49 वर्ष आयु वर्ग में 5वां स्थान हासिल किया। इस सफलता की जानकारी मयंक ने मीडिया से साझा की। इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को 3.8 किमी समुद्र में तैराकी, 180 किमी साइकिलिंग और 42.2 किमी की मैराथन दौड़ पूरी करनी होती है। तेज हवाओं और समुद्र की ऊबड़-खाबड़ लहरों के बीच तैराकी और साइक्लिंग के चरण बेहद कठिन रहे। इसके बावजूद मयंक ने 10 घंटे 34 मिनट में रेस पूरी कर शानदार प्रदर्शन किया। मयंक की इस उपलब्धि के आधार पर उन्हें 14 सितंबर 2025 को फ्रांस के नीस में होने वाली आयरनमैन वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया गया है, जहां वे भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वे बीएसएफ के दिवंगत उप महानिरीक्षक अशोक कुमार और हिमाचल प्रदेश मानवाधिकार आयोग की पूर्व सदस्य स्व. नीरू वैद के पुत्र हैं। मयंक युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर उभरे हैं। उनके नाम पर ट्रेडमिल पर 10 दिनों में सबसे तेज 10 मैराथन दौड़ने का गिनीज वलर्ड रिकॉर्ड भी दर्ज है। मयंक की इस उपलब्धि से जिला बिलासपुर में खुशी की लहर है।

**विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई, अब फ्रांस में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व**

**समारोह** बिलासपुर में हिमाचल दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में विस उपाध्यक्ष बोले-

# हिमाचल को बनाएंगे देश का सबसे समृद्ध राज्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र प्रांगण, बिलासपुर में सोमवार को 78वां हिमाचल दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ने की। उन्होंने समारोह से पूर्व शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य परेड की सलामी ली।

विनय कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य, 2027 तक आत्मनिर्भर राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने चुनाव पूर्व दी गई 10 गारंटियों में से छह को पूरा कर लिया है और शेष पर तीव्र गति से कार्य हो रहा है। बिलासपुर में सिटी लाइवलीहुड सेंटर के लिए 4 करोड़ रुपए और मॉडल करियर सेंटर के लिए 2.5 करोड़ व्यय किए गए हैं। 49 हजार पेंशनरों को 86 करोड़ की सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरित की गई है। मनरेगा के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की गई है और विभिन्न आवास योजनाओं पर 20 करोड़ व्यय किए गए हैं। जिले में 58 किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण तथा 93 किलोमीटर का सुधारीकरण हुआ है। जल शक्ति विभाग द्वारा 500 करोड़ रुपए लागत की 37 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनमें से 15 पूरी हो चुकी हैं।



**कांस्टेबल संजीव कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

कार्यक्रम में कांस्टेबल संजीव कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार द्वारा प्रदान किया गया। कांस्टेबल संजीव कुमार ने पूर्व विधायक सदर की जान बचाकर एक बड़ा साहसिक कार्य किया था। विधानसभा उपाध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी सहज राम, फ्रीडम फाइटर संगठन की अध्यक्ष प्रेम देवी सहित स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को भी सम्मानित किया।

### उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारियों-कर्मियों को दिया सम्मान

**समारोह** में अधीक्षण अभियंता जीत राम ठाकुर, सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया, बीडीओ बबीता धीमान, रितेश पटियाल सहायक पर्यटन अधिकारी, करतार सिंह, हिम ऊर्जा की प्रोजेक्ट अधिकारी, नम्रता पठानिया असिस्टेंट प्रोफेसर (अंग्रेजी विभाग, बिलासपुर कॉलेज), उपायुक्त कार्यालय में चंदन राठौर कार्यरत प्रदीप कुमार, राकेश कुमार और विवेक चौहान को भी सम्मानित किया गया। साथ ही एसआई सतपाल, एएसआई जितेंद्र कुमार, एएसआई अश्विनी कुमार, एएसआई राकेश कुमार, एएसआई शशि कुमार, हेड कांस्टेबल अरविंद सिंह, सरस्वती देवी तथा स्कूल खेलों में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली अंडर-17 खिलाड़ी सायमा को भी सम्मानित किया गया।

# सीएम ने पांगी घाटी को 20 नए बस परमिट की घोषणा की

## दुर्गम क्षेत्र में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज और परेड की ली सलामी

**आरके सहगल, चंबा**

**हिमाचल** के इतिहास में पहली बार राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह का आयोजन चम्बा जिले की दुर्गम लेकिन मनोरम पांगी घाटी के किलाड़ क्षेत्र में किया गया। हैलीपेड मैदान में भारी संख्या में लोग 78वें हिमाचल दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हिमाचल को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार को याद किया।



मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। परेड में कुल 6 टुकड़ियां शामिल थीं, जिनका नेतृत्व आईपीएस अधिकारी रविनंदन ने किया। परेड में द्वितीय भारतीय रिजर्व बटालियन सकोह का नेतृत्व एएसआई सत्यानाथ वालिया, महिला पुलिस का नेतृत्व एएसआई पूजा सूद, हिमाचल होमगार्ड का नेतृत्व खुशी राम, जिला चम्बा ट्रैफिक पुलिस का नेतृत्व एएसआई रवीन्द्र कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला किलाड़ के एनसीसी का नेतृत्व तनिका और होमगार्ड्स बैंड का नेतृत्व हवलदार रेत राम ने किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने उदयपुर-किलाड़ सड़क के सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है और यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष गम्भीरता से उठाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने लाहौल-स्पिति प्रशासन को सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में यातायात सुविधा सुदृढ़ करने के लिए 20 नए बस परमिट जारी करने और बसों की खरीद पर 40 प्रतिशत उपदान देने के अलावा 4 माह के रोड टैक्स में छूट प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने पांगी में एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल और किलाड़ के नागरिक अस्पताल को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित करने की भी घोषणा की। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने होम-स्टे पंजीकरण शुल्क पर 50 प्रतिशत छूट देने तथा घाटी में सम्पर्क मार्गों के सुधार कार्यों के लिए 1.5 करोड़ रुपये प्रदान करने की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का पांगी घाटी से विशेष लगाव रहा और 1984 में यहां आने वाली व देश की पहली प्रधानमंत्री थीं, जिसके बाद क्षेत्र के विकास को गति मिली। यह कांग्रेस सरकारों की जनजातीय क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नीतियों और कानून में विशेष परिवर्तन किए हैं, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। सरकार ने अपने 10 चुनावी वायदों में से 6 वायदों को पूरा कर लिया है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार किसानों को दूध, गेहूं, मक्की और हल्दी जैसी फसलों की प्राकृतिक खेती पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है और 1.58 लाख किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रमाणित किया गया है।

सुक्खू ने कहा कि इस साल कृषि ऋण ब्याज अनुदान योजना शुरू की जाएगी ताकि बैंकों के माध्यम से वन टाइम सेटलमेंट नीति लाकर उन किसानों को लाभ दिया जा सके जिनकी जमीनें नीलामी के कगार पर आ गई हैं। इस योजना से वे अपने 3 लाख रुपये तक के कृषि ऋण चुका सकेंगे। इस नीति के अंतर्गत मूलधन पर लगने वाले ब्याज का 50 प्रतिशत हिस्सा सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गाय और भैंस के दूध पर समर्थन मूल्य में ऐतिहासिक वृद्धि की है। गाय का दूध 51 रुपये प्रति लीटर तथा भैंस का दूध को 61 रुपये प्रति लीटर किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश सरकार हिमाचल को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत परिवहन क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विधायक सुंदर सिंह ठाकुर व नीरज नैयर, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के अध्यक्ष देवेंद्र श्याम, मुख्यमंत्री के ओएसडी रितेश कपरेट, एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर, कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना, सुरजीत भरमौरी सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, सचिव सामान्य प्रशासन राजेश शर्मा, डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, एसपी अभिषेक यादव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने बालिका आश्रम किलाड़ का किया दौरा



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बालिका आश्रम किलाड़ का दौरा किया और यहां रह रहे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने आश्रम के क्लासरूम और उनके रहने के कमरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है और शिक्षा से लेकर उनकी देखभाल की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कानून बनाकर उन्हें यह अधिकार दिया है। उन्होंने बालिका आश्रम किलाड़ में रह रही बच्चियों से उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने आश्रम की सभी लड़कियों को पांच-पांच हजार रुपये प्रदान करने के साथ-साथ शीघ्र ही उनको एक्सपोजर विजिट पर भेजने की घोषणा की।

इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने सोमवार देर शाम एकलव्य स्कूल किलाड़ का भी दौरा किया और बच्चों के साथ बातचीत की। सभी बच्चे मुख्यमंत्री के मिलकर बेहद खुश थे।

# जिला स्तरीय पांच दिवसीय किसान मेला पधर शुरू

**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर में मनाए जाने वाले 5 दिवसीय जिला स्तरीय किसान मेले का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज विधिवत रूप से देव श्री सूत्रधारी ब्रह्मा जी महाराज व अन्य देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मेला स्थल पर मेले का ध्वज फहराया और जल शक्ति विश्राम गृह डलाह से मेला मैदान तक निकाली गई भव्य शोभा यात्रा में भी भाग लिया। उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश की समृद्ध देव संस्कृति की अपनी एक अलग पहचान है। मेले के दौरान देवी-देवताओं के आगमन एवं मेल मिलाप से जहां हमारी प्राचीन देव संस्कृति को बल मिलता है तो वहीं यह अधिक मजबूत व समृद्ध भी होती है। साथ ही इस तरह के आयोजनों से हमारी नई पीढ़ी को प्रदेश की इस समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने व सहेजने का सुअवसर भी प्राप्त होता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिला के विकास में पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उन्होंने कहा द्रंग विधानसभा क्षेत्र में आईआईटी जैसा विश्व स्तरीय संस्थान लाना ठाकुर कौल सिंह के प्रयासों से संभव हुआ है और नेरचौक मेडिकल कॉलेज भी इन्हीं के प्रयासों का नतीजा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल निर्माता स्वर्गीय डॉ. वाई एस परमार की तपस्या से जहां हिमाचल बना था।

# भरमौर के ब्रेही में पैर फिसलने से खाई में गिरा युवक, मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर की ग्राम पंचायत ब्रेही में एक युवक की गहरी खाई में पैर फिसलने से गिरकर मौत हो गई है। मृतक युवक अजय कुमार गांव ब्रेहला पंचायत ब्रेही का रहने वाला था। यह हादसा सोमवार रात 10:00 बजे की करीब हुआ है। जानकारी के मुताबिक मृतक युवक कौडी प्रतियोगिता खेल कर अपने घर वापस आ रहा था। अचानक घर से कुछ मीटर पीछे पैर फिसलने से गहरी खाई में जा गिरा। जहां उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर युवक को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक युवक अजय कुमार की उम्र 36 वर्ष बताई गई है और उसके दो बच्चे इसमें एक बेटा और एक बेटी है। घर वालों ने इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी है और ना ही मामला पुलिस में दर्ज करवाया है। घटना की पुष्टि ग्राम पंचायत ब्रेही के प्रधान ने की है।

# भरमौर में पर्यटकों की बढ़ रही है भरमार, एनएच का कौन करे सुधार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

**प्रदेश** में गर्मी का माहौल बनने के बाद जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पर्यटकों की तादाद भी एकाएक बढ़ने लगी है। यहां पर हर रोज दर्जनों श्रद्धालु व पर्यटक पर्यटन एवं धार्मिक नगरी भरमौर पहुंच रहे हैं। लेकिन यहां की बहु प्रतीक्षित राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए की हालत खस्ता होती जा रही है। जगह-जगह कच्ची और टूटी सड़क पर्यटकों व श्रद्धालुओं को काफी परेशान कर रही है।

बैसाखी की संक्रांति के दिन यहां के अधिकतर देवालयों व मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं जिसके बाद यहां पर एकाएक श्रद्धालुओं व पर्यटकों की तादाद बढ़ गई है। लेकिन बग्गा से लेकर भरमौर तक जगह-जगह सड़कों में पड़े हुए गड्ढे व उड़ती धूल कच्ची सड़क यहां पर इनका खूब स्वागत कर रही है। हालांकि विभाग द्वारा सड़क के इस पोर्शन के लिए लगभग 36 करोड़ स्वीकृत भी हो चुके हैं। जिसके तहत सड़क के इस हिस्से का रखरखाव व मुरम्मत करवाना निश्चित हुआ है। लेकिन इसका काम कछुआ गति से चलने के कारण इसका सीधा असर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटनों पर पड़ रहा है। पर्यटकों व श्रद्धालुओं की तादाद में बढ़ोतरी हुई है। जिसके चलते यहां पर कारोबारियों व व्यापारियों के चेहरे भी खिल गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सड़क को दुरुस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर नहीं हो रहा काम

**एनएचएआई** प्राधिकरण के द्वारा भी पिछले कई वर्षों से सड़क के इस हिस्से को दुरुस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर काम नहीं किया जा रहा है। हालांकि अगस्त महीने में ही यहां पर उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा का आगाज हो जाता है। जिस दौरान यहां पर लाखों श्रद्धालु व पर्यटक ऐतिहासिक पवित्र मणिमहेश डल झील पहुंचते हैं। लेकिन पिछले की सालों से सड़क की दशा खराब होने के चलते इसका सीधा असर यहां के धार्मिक व पर्यटन भी पड़ रहा है।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने चंबा के रठियार में किया बहुप्रतीक्षित लाइब्रेरी का उद्घाटन

# पढ़ेगा इंडिया, तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया : नीलम कुमारी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**हिमाचल** दिवस के पावन अवसर पर चंबा जिले की ग्राम पंचायत रठियार, विकास खंड मैहला में एक ऐतिहासिक पहल की गई। जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी की दूरदर्शी सोच और ग्राम प्रधान सुनील कुमार के अथक प्रयासों से एक केंद्रीय लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इससे रठियार बल्कि आसपास की चार अन्य पंचायतों में खज्जियार, बक्तपुर, तप्पून और बसोधन को भी लाभान्वित करेगी।





यह लाइब्रेरी इन क्षेत्रों के युवाओं के लिए आशा की नई किरण बनकर सामने आई है। अनंत ज्ञान चैनल के पत्रकार ने विशेष दौरा करते हुए बताया कि पहले विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए 18 से 35 किलोमीटर दूर चंबा, डलहौजी या चोवाड़ी जाना पड़ता था। अब गांव में ही पढ़ाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध होने से बच्चों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आर्थिक बोझ से भी राहत मिलेगी।

डॉ. नीलम ने बातचीत में बताया कि यह प्रस्ताव 2023-24 में प्रस्तुत किया गया था, जिसे 5 महीने पहले केंद्र सरकार की अनटाइड ग्रांट योजना के तहत 1 लाख रुपये की लागत से स्वीकृति मिली। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे शैक्षणिक प्रस्तावों को जल्दी मंज़ूरी मिले, इसके लिए वह सरकार से संवाद करेंगी। स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने इसे क्रांतिकारी कदम करार दिया। राजीव ठाकुर (तप्पून पंचायत), राजेश कुमार (बसोधन), और चमन शर्मा (रठियार पंचायत) जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह पहल गांवों में शैक्षिक क्रांति लाने का कार्य करेगी और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगी। विद्यार्थियों में रोहित कुमार, रीशू कुमार और महिला अभ्यर्थियों ने भी उत्साह के साथ कहा कि अब उन्हें दूर नहीं जाना पड़ेगा और वे समय-समय पर बुक्स अपडेट्स के सुझाव भी शेयर करेंगे। ताकि इसका लब हर स्टूडेंट ले सके

प्रधान सुनील कुमार ने जानकारी दी कि रठियार पंचायत की आबादी लगभग 2500 है, जिसमें से 22त्न युवा वर्ग है और अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर हैं। समापन पर डॉ. नीलम कुमारी ने सभी प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब हर गांव में शिक्षा की लौ जलेगी, तभी हिमाचल और देश प्रगति के शिखर पर पहुंचेगा।

# चुराह की खूबसूरती को समर्पित लक्की शर्मा का नया गाना यूट्यूब पर रिलीज

**अनंत ज्ञान, चुराह।** क्षेत्र के होनहार युवा कलाकार पंडित लक्की शर्मा का नया चुराही गीत 'छैल चौराह' यूट्यूब पर लॉन्च हुआ। इस गाने में उन्होंने चुराह की प्राकृतिक सुंदरता और संस्कृति को बेहतरीन अंदाज़ में दर्शाया है। गीत की भव्य लॉन्चिंग डॉ. राजेश शर्मा (एसडीएएमओ चुराह), संजीव चुराही, राकेश राणा और सीडी राणा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। लक्की शर्मा का कहना है कि यह गीत चुराह को सकारात्मक और प्रेरणादायक रूप में सामने लाने का प्रयास है। इस गाने को चुराही भाषा में तैयार किया गया है, जिससे स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा मिले। लक्की शर्मा के पहले भी कई गाने सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। गीत को चुराहवासियों से भरपूर सराहना मिल रही है और यह युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यह प्रयास चुराह की लोकसंस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर ले जाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



### सूडोकू नवताल- 7402 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7401 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# चुराह में हुआ ईको टूरिज्म संगठन का गठन, आधिकारिक वेबसाइट की लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चुराह**

**चुराह** होमस्टे में एक अहम बैठक के दौरान चुराह वैली ईको टूरिज्म संगठन का गठन किया गया। इस संगठन का उद्देश्य चुराह को एक प्रमुख टूरिज्म हब के रूप में स्थापित करना है। इस दौरान संगठन ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट www.churahdarshan.com भी लॉन्च की, जिससे पर्यटकों को चुराह की खूबसूरत वादियों और आकर्षणों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी।

इस बैठक में कई बुद्धिजीवियों और स्थानीय लोगों ने शिरकत की और चुराह को पर्यटन के लिहाज से और बेहतर बनाने के लिए अपनी विचारधाराओं का आदान-प्रदान किया। संगठन के फाउंडर राकेश राणा और को-फाउंडर सीडी राणा ने चुराह के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए इस मुहिम की शुरुआत की। यह संगठन स्थानीय संस्कृति और पारंपरिक जीवनशैली को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटकों को अनुकूल सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य करेगा। चुराह में इस प्रकार का संगठन गठन, पर्यटन उद्योग को एक नया दृष्टिकोण और दिशा देने का कदम साबित हो सकता है।



# आयल-सनवाल सड़क मार्ग को जोड़ने की फिर से उठी मांग

**अनंत ज्ञान, चुराह।** चंबा जिला के दूरदराज क्षेत्र में रहने वाली ग्राम पंचायतों के बीच आपसी संपर्क की समस्या फिर से सामने आई है। आयल से सनवाल तक सड़क निर्माण का कार्य कई वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है, जिससे लगभग 6-7 पंचायतों के निवासियों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिसके कारण इन पंचायतों के लोग कठिनाइयों में हैं। यह सड़क आयल, भलौडी, बनातर, सनवाल, शलेला बाड़ी, देहग्रां, झज्जा कोठी, थानाईकोटी जैसे इलाकों को आपस में जोड़ने का कार्य करती है, जो कि स्थानीय लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# 25 लोगों ने किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, चुराह**

**हिमाचल** दिवस के शुभ अवसर पर चुराह क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों की मिसाल पेश करते हुए एक विशेष नि:शुल्क चिकित्सा शिविर और रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन आयुष विभाग चुराह, चुराह होमस्टे, संघर्ष इंस्टिट्यूट और समाजसेवी सीडी राणा के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

इस अवसर पर 25 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी का परिचय दिया। इस साथ ही, एक हेल्थ चेकअप कैंप में स्थानीय लोगों की ओपीडी जांच भी की गई, जहां अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने नि:शुल्क सेवाएं प्रदान कीं। चुराह होमस्टे के मालिक राकेश राणा ने आयोजन की भूमिका निभाई जबकि संयोजन का दायित्व समाजसेवी सीडी राणा ने निभाया। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य चुराह को एक ऐसी पहचान दिलाना है जो पूरे देश के लिए प्रेरणा बने। हम सदैव जनहित के कार्यों के लिए तत्पर रहेंगे।

आयुष विभाग की टीम, छुट्टी के दिन भी सेवा भावना से उपस्थित रही, वहीं चंबा ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम की निगरानी एसडीएएमओ चुराह द्वारा की गई। कार्यक्रम के समापन पर एक स्थानीय पारंपरिक भंडारे का आयोजन भी हुआ जिसमें लोगों ने चुराह की संस्कृति और स्वाद का आनंद लिया।

# बैसाखी मेला संपन्न, जीवन ठाकुर ने दी स्टेडियम निर्माण का आश्वासन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के मच्छ्याल व तलकेहड़ में तीन दिवसीय बैसाखी मेला संपन्न हो गया। इस दौरान पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और मेले के आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर ने मेला कमेटी और स्थानीय लोगों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह के दौरान पधारे देवी-देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद जीवन ठाकुर ने दंगल प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। जीवन ठाकुर ने मच्छ्याल मेला कमेटी की मांग पर क्षेत्र में भव्य स्टेडियम निर्माण के लिए प्रयास करने का आश्वासन भी दिया

## अनंत ज्ञान
# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

16 अप्रैल, 2025, बुधवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** तृतीया (01:20): **नक्षत्र** अनुराधा पूण रात्रि , **पक्षः** कृष्ण, **योग** : व्यतीपात (00:16) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित, कोई नहीं **राहुकाल** (12:21-01:57)।

### विशेष दिन

- 16 अप्रैल 2025: संकष्ट चतुर्थी व्रत आज।
- 17 अप्रैल 2025: सती अनुसूया जयंती कल।

**मेषः** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा।

**वृषभः** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**मिथुनः** कार्यारंभ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्कः** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**सिंहः** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्याः** भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुलाः** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिकः** कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें।

**धनुः** मुंह मांगी मुराद मिलेगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मकरः** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभः** अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीनः** नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**परेशानी** | चखोतर-किहार-डलहौजी रूट पर बस खराब होने से यात्री परेशान

# फिर खराब हुई चंबा डिपो की एचआरटीसी बस

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** डिपो की चखोतर-किहार-डलहौज़ी रूट पर चलने वाली एचआरटीसी मैड़ा के समीप तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। बस के अचानक रुक जाने से यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। यह कोई पहली बार नहीं है अब आम होती जा रही हैं।

लगातार आती ऐसी खबरें न सिर्फ यात्रियों की चिंता बढ़ा रही हैं, बल्कि यह भी सोचने पर मजबूर कर रही हैं कि आखिर इन दिक्कतों का स्थायी समाधान कब होगा। विशेषकर दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्रों में इन सेवाओं पर आमजन की निर्भरता अधिक होती है, ऐसे में बसों की बार-बार बिगड़ती हालत लोगों को असहाय महसूस करवा रही है। प्रशासन और विभागीय स्तर पर अब जरूरत इस बात की है कि इन समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और रूट पर चलने वाली बसों की समय-समय पर मरम्मत व रखरखाव की ठोस योजना बनाई जाए।



यात्रियों को भरोसेमंद और सुरक्षित परिवहन सेवा देना वक्त की मांग बन चुकी है। प्रशासन और विभागीय स्तर पर अब जरूरत इस बात की है कि इन समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और रूट पर चलने वाली एचआरटीसी बसों की समय-समय पर मरम्मत व रखरखाव की ठोस योजना बनाई जाए। यात्रियों को भरोसेमंद और सुरक्षित परिवहन सेवा देना वक्त की मांग बन चुकी है।

स्थानीय लोग उम्मीद कर रहे हैं कि यह सिलसिला अब थमेगा और विभाग इस ओर शीघ्र कोई ठोस कदम उठाएगा।

# बालिका सशक्तिकरण पर लगा कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमोत्कर्ष जन कल्याण परिषद द्वारा पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में योग मानव ट्रस्ट बनीखेत में बालिका सशक्तिकरण पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि केरल से आए हुए बीजू बीपी रिसोर्स परसन थे। इन्होंने अपनी 25 वर्ष की नौकरी अपने ट्रैवलिंग पेशेंन को पूरा करने के लिए छोड़ दी और 1 जनवरी 2024 को कन्याकुमारी से अपनी यात्रा शुरू की लेकिन एक उद्देश्य के साथ बालिका शक्ति करण वी साक्षरता अपनी यात्रा के 471 दिन पूरे कर चुके हैं बीजू ने 23 राज्य केंद्र प्रदेशों की यात्रा की है। बाकी 800 दिनों की प्रोस्टेटस वह दो केंद्र शासित प्रदेशों की यात्रा अभी बाकी है। उनका मानना है कि समाज में होने वाले हर कर्म का प्रभाव सबसे ज्यादा बालिकाओं पर ही पड़ता है ।

**शांति,** राजनीतिक या आर्थिक बदलाव से नहीं आ सकती, बल्कि मानवीय स्वभाव में बदलाव से आ सकती है। -डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

## संपादकीय

# घोषणाओं का सच

78 वां हिमाचल दिवस प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस बार राज्य स्तरीय आयोजन चंबा जिले के दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्र पांगी में किया गया, जो स्वयं में एक संदेश था कि वर्तमान सरकार प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस अवसर पर महिलाओं के लिए तीन महीने की एकमुश्त 1500-1500 रुपए की राशि देने की अहम घोषणा की। इससे संबंधित महिलाओं के खातों में सीधे 4500 रुपए स्थानांतरित किए जाएंगे। इसके अलावा, प्रदेश के कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) देने की घोषणा भी की गई, जो पहली जून से प्रभावी होगा। ये घोषणाएं, विशेषकर महिलाओं और कर्मचारियों के लिए सीधा जनसंपर्क और जनसरोकार का संकेत देती हैं, लेकिन चुनावी वादों के देर से पूरा होने पर विपक्षी भाजपा कांग्रेस सरकार पर निशाना साधने का अवसर नहीं छोड़ेगी। प्रश्न उठता है कि ऐसे संवेदनशील अवसरों पर जब प्रदेश अपने स्थापना दिवस का उत्सव मना रहा है, क्या उस समय की गई घोषणाएं सियासी लाभ लेने का माध्यम बन जानी चाहिए?

विपक्ष, खासकर भाजपा यह आरोप अवश्य लगाएगी कि कांग्रेस सरकार अपनी चुनावी घोषणाओं को बहुत देरी से लागू कर रही है। महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा कांग्रेस ने चुनावों के दौरान किया था, जिसे अब डेढ़ साल बाद जाकर आंशिक रूप से लागू किया जा रहा है। इसी प्रकार कर्मचारियों के डीए को लेकर भी सवाल उठ सकते हैं कि जब महंगाई लगातार बढ़ रही है, तब सरकार ने केवल 3 प्रतिशत डीए देने की बात कही है, जो पर्याप्त नहीं है। भाजपा यह भी तर्क दे सकती है कि कांग्रेस सरकार सिर्फ घोषणाओं तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर उनके वादों की अनुपालना में सुस्ती देखी जा रही है। यह सवाल भी उठ सकता है कि अगर पांगी जैसे क्षेत्र की महिलाओं को 4500 रुपए मिल सकते हैं, तो दूसरे जिलों की महिलाएं इससे वंचित क्यों रहें? क्या यह क्षेत्रीय असंतुलन नहीं है? सरकार को विपक्ष के इन आरोपों का जवाब ठोस तथ्यों और आंकड़ों के साथ देना होगा। सुक्खू सरकार यह तर्क दे सकती है कि उसने दो वर्षों में कर्मचारियों को कुल 14 प्रतिशत डीए की किस्तें जारी की हैं, जो स्वयं में एक उपलब्धि है। साथ ही, राज्य की आर्थिक स्थिति, कर्ज का बोझ और प्राकृतिक आपदाओं के कारण सीमित संसाधनों के बावजूद, सरकार सामाजिक सुरक्षा की दिशा में निरंतर काम कर रही है।

महिलाओं को मिलने वाली सहायता को लेकर सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह योजना चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी, ताकि बजट का संतुलन बना रहे और सभी वर्गों को धीरे-धीरे इसका लाभ मिले। सरकार को अपनी नीति में पारदर्शिता दिखानी होगी कि यह कोई सियासी स्टंट नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में एक मजबूत कदम है। यह सवाल भी बार-बार उठता रहता है कि क्या हिमाचल दिवस पर घोषणाओं को सियासत कह सकते हैं, जबकि हर सरकार अपने कार्यकाल में पर्व-त्योहारों या राज्य स्तरीय आयोजनों पर घोषणाएं करती रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में भी ऐसी कई घोषणाएं की गई थीं, जिनमें सड़कें, स्कूल, अस्पताल और अन्य योजनाएं शामिल थीं। इसलिए यदि वर्तमान सरकार ने हिमाचल दिवस पर कुछ घोषणाएं की हैं, तो उसे केवल सियासत कहना उचित नहीं होगा। यह अवसर सरकार के लिए जनसंवाद का एक माध्यम भी होता है। दूसरी ओर कर्मचारी वर्ग लंबे समय से डीए और अन्य भत्तों की मांग कर रहा है।

3 प्रतिशत डीए की घोषणा अल्पकालिक राहत अवश्य देगी, लेकिन यह कर्मचारियों की दीर्घकालिक मांगों को पूरी तरह संतुष्ट नहीं कर पाएगी। अगर सरकार आगे भी नियमित रूप से डीए की किस्तें जारी करती रही और पेंशन, प्रमोशन व अन्य मुद्दों पर सकारात्मक रुख अपनाती है, तो कर्मचारियों का विश्वास सरकार में बना रह सकता है। बहरहाल, पांगी की महिलाओं को एकमुश्त 4500 रुपए देना निश्चित रूप से एक सराहनीय पहल है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से कुछ हद तक सहारा मिलेगा। सरकार को इस योजना का एक स्पष्ट रोडमैप सार्वजनिक करना चाहिए, जिसमें बताया जाए कि किन चरणों में और कब तक यह योजना पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी। इससे न सिर्फ महिलाओं की अपेक्षाएं नियंत्रित होंगी, बल्कि सरकार पर क्षेत्रीय भेदभाव के आरोपों से भी बचा जा सकेगा। सुक्खू सरकार को अपनी रणनीति इस तरह बनानी होगी कि जनता को राहत मिले, विपक्ष के आरोपों को जवाब मिले और राज्य की वित्तीय स्थिति पर भी अधिक दबाव न पड़े। इसके लिए चरणबद्ध योजना क्रियान्वयन का फार्मूला अपनाना होगा, ताकि बजट में भी संतुलन बना रहे। अगर सरकार नीति, नियत और संवाद के संतुलन के साथ चले, तो वह न केवल जनता का भरोसा जीत सकती है, बल्कि विपक्ष को भी ठोस जवाब दे सकती है। इससे सांप भी मर जाएगा और लाठी भी नहीं टूटेगी। ■


## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान

**सरिता** मोर भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान हैं। उन्होंने 2017 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में 58 किलो भार वर्ग में रजत पदक और 59 किलो भार वर्ग में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। साल 2021 में उन्होंने रोम, इटली में आयोजित माटेओ पेलिकोन रैंकिंग सीरीज में 57 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता और हाल ही में विश्व रैंकिंग श्रृंखला 2022, अल्माटी (कजाकिस्तान) में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी श्रेणी 59 किलोग्राम भारवर्ग में विश्व नंबर एक रैंकिंग तक पहुंचने के कारण चर्चा में हैं। सरिता मोर का जन्म गांव बरोदा, जिला सोनीपत, हरियाणा में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम राम चंद्र मोर है। कबड्डी सरिता का पसंदीदा खेल था, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि सरिता ने इसलिए कुश्ती की ओर रुख किया कि उनका कबड्डी कोच बहुत सख्त था और बहुत मारता भी था।सरिता मोर का विवाह 1 मार्च 2017 को साथी अंतरराष्ट्रीय पहलवान राहुल मान से हुआ। ■



सरिता मोर
जन्म : 16 अप्रैल, 1995



कविता

## नशे का अंधेरा-एक चेतावनी

*अभिषेक शर्मा, संवाददाता जोगिंद्रनगर*

*देखो कैसे छा रहा है, हर गली में अंधियारा।*
*युवाओं की आंखों में, अब नहीं कोई उजियारा।*
*कल जो सपने बो रहे थे, आज वे ही खो रहे हैं।*
*नशे की गहरी खाई में, धीरे-धीरे सो रहे हैं।*

**परिवार का दर्द**
*मां की आंखें सूनी-सूनी, आशाओं की डोरी टूटी।*
*जिस बेटे पर था अभिमान, वही जीवन की राहें छूटी।*
*बाप की मेहनत, बाप की लाठी, सब कुछ अब बेकार हुआ।*
*जिसने सोचा था उड़ने को, वह खुद ही लाचार हुआ।*

**कैसे बनते हैं शिकार?**
*पहले दोस्ती के नाम पर, मिलता एक बहाना।*
*फिर धीरे-धीरे बढ़ता जहर, मन में पड़ता ढाना।*
*मस्ती के चक्कर में फंसकर, शुरू होता यह खेल।*
*एक बार जो आ जाए गिरफ्त में, फिर नहीं बचता कोई मेल।*

**समाज की हालत**
*हर चौक-चौराहे, हर गली में, नशे के दलाल मिलते हैं।*
*जो खुद भी खो चुके जीवन, अब औरों को छलते हैं।*
*सरकारें कानून बनाती, पर कैसे रुकेगा यह रोग?*
*जब तक हम सब न जागें, तब तक रहेगा यह सोग।*

**समाधान-आशा की किरण**
*आओ मिलकर दीप जलाएं, हर मन में चेतना जगाएं।*
*नशे की दलदल से निकालें, युवा शक्ति को फिर संवारें।*
*पढ़ाई में मन लगाएं हम, खेलों में आगे आएं हम।*
*जोश नहीं यह खोने देंगे, राष्ट्र के पथ पर मोड़ेंगे हम।*
*छोड़ो नशा, थामो उजाला, नई सुबह की राह बनाओ।*
*अपने सपनों को अपनाओ, खुद को फिर से पहचानो।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सहकारिता के माध्यम से स्थायी स्वरोजगार की अपार संभावनाएं

युवाओं को सरकारी नौकरियों में रोजगार देना, सरकार के लिए चुनौती रही है। निजी उद्योगों की स्थापना के लिए सरकार अनेक रियायतें देती है। उसी तरह स्वरोजगार के लिए भी प्रावधान किए जाते हैं, परंतु व्यक्तिगत स्वरोजगार में कई चुनौतियां उस युवा को झेलनी पड़ती है। निजी उद्योगों में भी रोजगार घर परिवार से दूर मिलता है। सरकारी नौकरी प्रत्येक युवा की पहली पसंद है, क्योंकि सरकारी क्षेत्र में बिना जोखिम उठाए ड्यूटी देनी होती है। स्वरोजगार के लिए युवाओं को प्रेरित करना वर्तमान समय की आवश्यता है।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह (मंडी)

यह तभी संभव है यदि सरकार सही नीतियों बनाए। एक आंकड़े के अनुसार 43000 महिला स्वयं सहायता समूह है। महिला सदस्यों की संख्या चार लाख है, लेकिन कितने समूह सफल हैं। बताया जाता है कि 20 प्रतिशत समूह ही सफलता से कार्य कर रहे हैं। अन्य समूह ऋण प्राप्ति तक सीमित है। श्रम, समय, लागत अधिक रहने से लाभ कम के कारण कई समूहों ने अपने कार्यों को धीरे-धीरे कम कर दिया है। सरकारी प्रोत्साहन के बावजूद इन समूहों को स्थायी सफलता नहीं मिली है, जो कि विचारणीय है। कई समूह तो बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी सफल कार्यप्रणाली से निष्क्रिय समूहों को सिखने की जरूरत है। पहाड़ी राज्य होने के कारण अंदरूनी हिस्से में घर के पास रोजगार उपलब्ध करवाने में सरकार को अपनी नीतियों का मूल्यांकन करना होगा।

नई व्यवस्था व नीतियां बनानी होगी, जो युवाओं को अपनी तरफ आकर्षित करे, ताकि स्वरोजगार अपनाने में युवा आगे आए। जो युवा जोखिम उठाने में



असमर्थ रहता है, उसको सहकारिता के माध्यम से स्वरोजगार के साथ जोड़ा जाना चाहिए। प्रत्येक 5-7 पंचायतों को जोड़कर स्वरोजगार प्रदान सहकारी समितियों का गठन हो। उस क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए, वहां क्या उत्पादन हो सकता है, केवल वहीं कार्य करने की अनुमति दी जाए। अस्थायी व्यवस्था से बाहर निकलकर स्थायी व्यवस्था को महत्व दिए जाने की जरूरत है, ताकि स्थायी स्वरोजगार मिले। सरकार शून्य ब्याज पर ऋण उपलब्ध करवाए। ब्याज स्वयं से अदा करें। स्वरोजगार सदस्यों को केंद्र की पीएलआई जैसी अन्य योजना लाकर प्रोत्साहन दिया जाए। उनके भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए ईपीएफ, गंभीर बीमारी में सहायता जैसी सुविधाएं देने का प्रावधान होना चाहिए।

इन समितियों में ऐसे लोगों को भी सदस्य बना सकते हैं, जो समितियों के पास पैसा जमा करवाएं। जमा पूंजी पर समिति ब्याज अदा करें। इस तरह की दोहरी व्यवस्था से उस समिति की निगरानी भी होती रहेगी। अधिक पारदर्शिता के लिए त्रैमासिक मूल्यांकन की व्यवस्था के लिए तीन सदस्य सरकारी अधिकारियों की ब्लॉक स्तर पर कमेटी बने। यह कमेटी मूल्यांकन के साथ मार्गदर्शन की भूमिका भी निभाएं, ताकि बेहतर सफलता प्राप्त हो। यदि सरकार आने वाले दो वर्षों में 2000 समितियां गठन का लक्ष्य निर्धारित करती है और प्रत्येक समिति में 50 सदस्य बनते हैं तो 1 लाख युवाओं को स्थायी रोजगार मिल जाएगा।

सरकार इस कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष 500 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान तय करती है तो सरकार द्वारा कम पैसा खर्च करने से स्थायी रोजगार उपलब्ध हो जाएगा। वर्तमान महिला समूहों को भी समितियों से जोड़ सकते है। इन समूहों को सक्रिय करने के लिए प्रोत्साहन देने की जरूरत है। हिमाचल के वार्षिक बजट का प्रति वर्ष 12 प्रतिशत खर्च किया जाए, तो इस योजना के बेहतर परिणाम दिखाई देंगे। सहकारिता व्यवस्था के माध्यम से कम लागत में उत्पादन लाभप्रद रहता है। जिस कारण श्रम करने वालों को उचित लाभ वेतन के रूप में मिल जाता है। प्रदेश में दूध, घी, डेयरी उत्पाद, फसलों, हल्दी, अदरक जैसी वस्तुओं के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं।

केवल ध्यान देने की जरूरत है। इस तरह की योजना से अन्य लाभ यह होगा कि युवा शक्ति को घर के पास स्थायी रोजगार मिलेगा। वर्ष 2013 में जब सरकार ने बेरोजगारी भत्ता देने की योजना बना रही थी, उस समय मैंने एक लेख में लिखा था कि मुफ्त की खीर परोसने के बदले युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाए। युवा शक्ति को कमजोर वह अपंग बनाने के बदले उस शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है। वर्तमान में यदि युवा स्थायी स्वरोजगार से जुड़ जाए और सरकार साथ दे तो युवा का अपना जीवन खुशहाल होगा। ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन रुकेगा। हिमाचल के ग्रामीण विकास में नई इबारत लिखने में वह युवा सफल होगा। बेरोजगारी की समस्या से निजात पाने के लिए सरकार को स्वरोजगार प्रदान सहकारी समितियों का अधिक से अधिक गठन करने की योजना बनानी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# दहकती हुई दुनिया में सहजता एक अनमोल पथ

जीवन में सरल और निस्वार्थ बने रहना सही तो लगता है, लेकिन व्यवहारिक रूप से यह बड़ा कठिन काम है। दुनिया सीधी लकीरों से नहीं, बल्कि घुमावदार मोड़ों से भरी हुई है। यहां चालबाजी को हुनर और बेईमानी को होशियारी समझा जाता है। नि:स्वार्थ लोग समाज और दुनिया के लिए बेवकूफ बन कर रह जाते हैं। लोग उनकी निश्चलता को समझने के बजाय फायदा उठाने में ज्यादा दिलचस्पी रखते हैं। जब वे लोगों के छल कपट को नजरअंदाज करते हैं तो उनको मूर्ख समझा जाता है और खिल्ली उड़ाई जाती है।



लेखिका : विषना गाजटा
चौपाल (शिमला)

सच में सरलता बहुत कठिन मार्ग है। यह ऐसा द्वंद्व है जहां बाहरी दुनिया से कहीं ज्यादा खतरनाक अपने भीतर से सवाल उठ खड़े होते हैं। ऐसे सवाल जिसका खुद के पास भी कोई जवाब नहीं होता। क्या इतना सीधा और सच्चा बने रहना ठीक है, क्या लोगों द्वारा बार-बार बेवकूफ बनना बुद्धिमानी है, क्या यह दुनिया सच्चाई को स्वीकारने के लिए तैयार नहीं है? ऐसे अनेक सवाल बार-बार दिमाग में उछल-कूद करते रहते हैं। सच की राह पर चलना आसान तो बिलकुल भी नहीं है, किंतु यह राह हमारी आत्मा को सबसे ज्यादा पोषण प्रदान करती है जिससे आत्मा को मजबूती मिलती है।

जो इस डगर पर अड़े रहते हैं, वो दुनिया से भले न जीते, लेकिन स्वयं से जीत जाते हैं और यही हमारी असली जीत होती है। सरलता एक मौन बलिदान है जहां आपकी अच्छाई का मोल अक्सर तब समझा जाएगा है जब आप वहां मौजूद ही नहीं होगे। जब आप थक जाते हैं दुनिया की चालबाजी देखकर, जहां पर आपकी जरूरत केवल इतनी सी होती है कि आप लोगों की इच्छा अनुसार अपने आप को ढालते जाते हो। बेशक आप मन से दु:खी हो, लेकिन दूसरो की खुशी की खातिर अपना बलिदान देते जाते हैं। तब आपका मन भीतर से तड़पता है, उसे भी सुकून चाहिए, उसको भी आपकी देखभाल की जरूरत है। ऐसा तब होता है जब आप ये महसूस करते है कि आप दूसरों के लिए सिर्फ उनकी जरूरत बनकर रह गए हैं और आपकी भावनाओं की किसी को कोई परवाह नहीं है। शायद यह ईश्वर का संकेत है आपके लिए किट्ठ खुदगर्ज लोगों के लिए इतना समर्पण सही नहीं होता। दुनियादारी को दरकिनार करते हुए केवल अपनी खुशी का ख्याल करो।



जीवन में वो लम्हे सबसे शांतिपूर्ण और सुकून भरे होते हैं जो दुनिया की भीड़ से दूर, अपने आपसे, दोस्ती कर लेने पर होते हैं। एकांत दुनिया से भागना नहीं होता, बल्कि अपने आपको फिर से पाने का सफर होता है। यह दुनिया की चकाचौंध में खोए हुए अस्तित्व को जानने का सफर होता है। यदि आप स्वयं से बिछड़ गए है तो समझिए कि आपको खुद के लिए एकांत के रास्ते पर चलने की बहुत जरूरत है।

स्वयं की दुनिया में उतरना इसलिए भी जरूरी होता है, क्योंकि यही वो दवा है जो हमारी आत्मा के जख्मों को भरता है। कुछ क्षण खुद के साथ, खुद को जोड़ना आत्मिक शांति प्रदान करता है। वरना जिंदगी की दौड़ में हर कोई किसी न किसी मंजिल की तलाश में रहता है, लेकिन हम कभी यह नहीं सोचते कि उस दौड़ का हिस्सा बनने से पहले आपने आपको जानना भी उतना ही जरूरी है जितना कि अन्य काम को करना है। हम दूसरों की उम्मीदें पूरी करते-करते खुद को भूल जाते हैं। आपने कभी यह सोचा कि आपकी आत्मा को भी आपसे उम्मीदें हैं वो भी अपने लिए कुछ चाहती है। जब आप अपने साथ होते हैं, वो पल सबसे खास होते हैं। इसलिए कुछ पल अपने लिए निकालिए। ऐसे पल जहां कोई शोर न हो, न किसी की चिंता, न किसी का भय और न ही किसी का इंतजार। इन क्षणों में सिर्फ आप और आपकी आत्मा के बीच संवाद हो। खुद के साथ बिताया वक्त वो वक्त होता है जब हम दुनिया के शोरगुल को नजरंदाज करते हैं और भीतर की शांति महसूस करते हैं। जब हम स्वयं से जुड़ते हैं, तो जिंदगी के फैसले लेने में आसानी होती है।

ये पल आपके अंदर नई ऊर्जा भरते हैं और आपको फिर से जीवंत महसूस कराते हैं। जिंदगी का असली सुख उसी में है जब हम खुद को वक्त देना सीख जाते हैं। दुनिया को समझने से पहले खुद को समझना जरूरी है। खुद से मुलाकात के पल हमें अपनी सच्चाई से रू-ब-रू करवाते हैं, इसलिए यदा-कदा स्वयं से जुड़ें, स्वयं को सुनें, क्योंकि हमारे अंदर की दुनिया सबसे उत्कृष्ट दुनिया है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**प्रदेश** के कुछ एक विद्यालयों में ऐसा कुछ संभवत: लापरवाही, भूल से, अल्पज्ञानवश या कभी-कभी जानबूझ कर किया जाता रहता है कि स्कूलों की समयसारिणी में हिंदी भाषा को बहुत पीछे के समय में रखा जाता है। कई बार तो इतना ही बाद का समय (कभी-कभी तो लगभग सबसे अंतिम पीरियड) रखा रहता है कि तब तक स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी चार-पांच घंटों के शिक्षण व अध्ययन के पश्चात बहुत थक हारकर, ऊबते हुए, ऊर्जाविहीन होकर ही हिंदी भाषा व साहित्य की कक्षा में आते हैं। ऐसी परिस्थितियों में हिंदी को न्यूनतम महत्व ही मिल पाता है। भारत सरकार व सभी राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी भाषा का महत्व, गौरव व सम्मान हमेशा बना रहे। भारतवर्ष के प्रत्येक राज्य को अपनी भारतीय भाषा हिंदी को पूर्ण एमियत देनी होगी। स्कूल व कालेजों में भी हिंदी की शिक्षा पर बल देना होगा। **रितिक नाग, धर्मशाला**

# नशा मुक्त समाज चाहिए तो समाज के हर वर्ग को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी

देख लो, नशा क्या है, एक आदत है या लत जो मुश्किलों के जाल में ले जाए। या जीब का स्वाद जो चटोरा बनाएं। या मन का आगाज जो मदहोश किए जाए, बुद्धि की बात जो असमंजस में पहुंचाए, क्या हुआ जनाब, समझे या दिग्भ्रमित हुए।

खैर छोड़ो, आप तो समाज का एक छोटा सा हिस्सा हैं जो इन प्रश्नों की तरफ देखता भी होगा, इन प्रश्नों को जो सोचे, समझें, वह तो विरले होंगे। अरे हर कोई हल ढूंड रहा है फिर चाहे चिंतक हो या इतिहासकार या फिर सरकार। बस हल, हल, हल खोजने में लगा है। अरे हल खोजने से हल मिलता तो कोई समस्या ही नहीं रहती दुनिया में। हल खोजने से हल नहीं मिलता। प्रश्न पर ध्यान करने से हल मिलता है। समस्या को देखो, समस्या क्या है, उस पर ध्यान धरो यानि कि ऊपर जो प्रश्न बताए गए हैं, उन पर ध्यान करो, इस समस्या का हल मिलेगा। पहला प्रश्न तो यह कि नशा खत्म करना सरकार की जिम्मेदारी है या सरकार का काम है तो उत्तर है, नहीं। सरकार यदि जिम्मेदारी ले भी ले तो क्या सक्षम होगी इसे पूरी तरह मिटाने में। कदापि नहीं, इसलिए बिल से बाहर निकलो। कौन से बिल से, नहीं समझे। बच्चे या बड़े जिनके कदम नशे में डगमगा गए, वह किसके हैं आपके। आने वाली पीढ़ी जो डूब सकती है, वह किसकी है, आपकी। जब सब आपका है यानि कि हमारा है, हमारे समाज का है, हम सबका है तो फिर जिम्मेदारी भी किसकी है। हमारी। न कि सरकार की। सरकार क्या कर सकती है। ठंडे दिमाग से सोचो। उठा कर जेल में डालेगी।



लेखिका : रीना भारद्वाज
जांगला, रोहड़ू

दो पटाके लगाएगी। ज्यादा से ज्यादा क्या करेगी, पुलिस की बेंत चलाएगी। क्या लगता है आपको इससे नशा खत्म होगा। अरे नहीं, नस्ल खत्म होगी, नशा नहीं। इसलिए नींद से जागो, सच से नहीं भागो, क्योंकि इसमें रोएंगे भी आप, तड़पेंगे भी आप और मिटेंगे भी आप। कभी माता-पिता के रूप में, कभी भाई-बहन के रूप में, कभी पति-पत्नी के रूप में। कभी दोस्त के रूप में भी। तड़पेंगे आप ही। इस आप में सरकार के आदमी भी हैं वह चाहे मंत्री हो या मुख्यमंत्री, क्योंकि माता-पिता ,पति-पत्नी, भाई -बहन, दोस्त वह भी हैं किसी के, दर्द उनको भी होता है। इसलिए सरकार नहीं, समाज बनकर आगे बढ़ें। फिर समझ आ जाएगा, समस्या कहां



है और समाधान क्या है। ऐसी कोई लत, आदत या बीमारी नहीं जो छूटे नहीं, बस सोच बदलो और सोचने का तरीका बदलो। कार्य बदलो और कार्य करने का तरीका बदलो। बीमारी हमारी सोच में है। सोच में सत्यता के बीज बो लो। सत्य को अपनाओ। सच यह है कि नशा कहां से आ रहा है, कब आ रहा है। यह कभी न कभी, कहीं न कहीं, किसी न किसी को पता तो रहता होगा, उसकी सोच में प्रवेश करना होगा, उसके बाद वह जब समझ पाएगा कि जिस दिन मेरा अपना चपेट में आया तो मैं सन्नाटे में जाउंगा। तब वह नशे की छोटी से छोटी जानकारी सरकार को देगा, तब जाकर इसके खात्मे की शुरुआत होगी।

सबसे जरूरी है, लोगों में जागरूकता फैलाना और डर को भगाना। अरे कोई नहीं बोलेगा, अरे बोलेगा भी तो, हमें क्या, इनसे सर्टिफिकेट लेना है, क्योंकि जब आपका वह फलाना दुनिया में ही नहीं मिलेगा, कहीं मरा पड़ा होगा, नशे के कारण। फिर क्या फायदा। तब तो बोला नहीं, गुप्त रखते रहे। क्या सोचा था, समझ जाएगा तुम्हारे जरिए।

सोचो जरा, ले गए न खुद ही, किसी अपने को मौत के मुंह में, जब वक्त था तब तो बताया नहीं। चाहे पुलिस को ही बताते चाहे जेल में ही होता, जिंदा तो होता। नशे की छोटी बड़ी जानकारी, सबको दो। छुपाओ मत। अपने घर में, अंदर बाहर, अपना पराया, सबकी जानकारी दो। बस एक मुहिम चलाओ। बोलो, नशे से संबंधित जो भी पता है, उसे उजागर करो। सरकार को भी जगह-जगह लैटर बॉक्स लगाने चाहिए, जिसमें एक तो वह जो, चाहे अपना पता बताए बिना, नशे से संबंधित हर छोटी बड़ी जानकारी वह दे पाए। दूसरा वह जो अपने बारे में बता आए कि वह कहां तक और कितना इस मुसीबत में पड़ चुका है और मदद की गुहार लगा सके, ताकि वह सच बता सके व दोनों ही स्थितियों में सच को सम्मान भी दिया जाए। इनकी मदद भी की जाए व गुप्त भी रखा जाए। ॐ, ॐ की ध्वनि में सब कुछ भस्म है, इसलिए ध्यान को आवश्यक किया जाए।

किसी भी तरीके से कहीं भी अपने कार्य क्षेत्र में आधा घंटा ध्यान जरूरी है। अरे ध्यान वह मूल विधि है जिससे नशा छूटे ही छूटे। आत्म प्रकाश में ध्यान प्रवेश करेगा बाकी चीजों के लिए जगह ही नहीं बचेगी। बाकी पुलिस तो है ही, सरकार भी, वह तो कर रही है, पर वह जो करेगी, चलो नशा भी रोक लेगी। पर वह क्या इंसान बना पाएगी। ऐसे ही राक्षस पैदा होंगे जो ड्रम में लाश के टुकड़े करके रखेगी। हमें पुलिस वाली प्रक्रिया से मशीन नहीं बनानी। इंसान बनाने हैं। पुलिस वाली प्रक्रिया भी जरूरी है लॉ एंड आर्डर तो होना ही चाहिए, नहीं तो गुंडे ही पैदा होंगें। पर इंसान और नशा मुक्त समाज चाहिए तो समाज के हर वर्ग को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी और तब सभ्य समाज बनाने में तो बड़ी-बड़ी चीजे काबू हो जाती है, नशा तो क्या है, नशा तो छूटे ही छूटे। सरकार को भी समाज को मिलाना चाहिए, तब छूटेगा नशा। नहीं तो सब स्वाह।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# 'भारत कुमार' भारत को अलविदा कह गए-विनम्र श्रद्धांजलि

भारतीय सिनेमा के 110 वर्षों के इतिहास में एक से बढ़कर एक कलाकार आए। हिंदी फिल्म आकाश में कई ध्रुव तारे चमके। ट्रेजिडी किंग, अभिनय सम्राट दिलीप कुमार, द ग्रेट शो मैन राज कपूर, रोमांटिक और सदाबहार देवानंद की त्रिमूर्ति 1950 और 1960 के दशक में पूरी तरह छाए रही। ये तीनों एक्टिंग के किसी भी स्कूल के छात्र नहीं थे, परंतु सभी अपने आप में एक्टिंग के विश्वविद्यालय।



लेखक : सुरेश कुमार
शोधार्थी, विश्वविद्यालय धर्मशाला

अशोक कुमार इनके तीनों से बड़े और अपने अभिनय स्टाइल में इनके गुरु माने जाते थे। इसके बाद गुरुदत्त, सनील दत्त , जुबली स्टार राजेंद्र कुमार, जंपिंग जैक जितेंद्र, शम्मी कपूर, ही मैन धर्मेंद्र, शशि कपूर का भी अपना जलवा और युवा पीढ़ी के बीच स्वीकार्यता थी।

पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना लोकप्रियता और स्टारडम के जिस शिखर पर कभी खड़े थे, आज तक वहां कोई दूसरा नहीं पहुंच पाया । शानदार डायलॉग डिलवरी के बादशाह राजकुमार, संजीव कुमार , सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की अभिनय प्रतिभा का लोहा भी सभी



सिने प्रेमी मानते हैं। शत्रुघ्न सिन्हा, हैंडसम विनोद खन्ना, नसीरुद्दीन शाह, नाना पाटेकर जैसे दिग्गज अभिनेताओं की भी अच्छी खासी फैन बेस थी।

1980 के दशक में मिथुन चक्रवर्ती, संजय दत्त, जैकी श्राफ, राज बब्बर, अनिल कपूर, ऋषि कपूर, सन्नी दयोल, गोंविदा जैसे कलाकारों का उदय हुआ। फिर आई खान तिकड़ी जो साढ़े तीन दशकों से भारतीय हिंदी सिनेमा आकाश को चमत्कृत कर रही है। इसमें हम एक्शन स्टार अक्षय कुमार और अजय देवगन के योगदान को अनदेखा नहीं कर सकते, परंतु शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान की तिकड़ी से बॉलीवुड, खानवुड बन गया। इन सबसे अलग मनोज कुमार राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति फिल्मों के निर्माता-निर्देशक-अभिनेता के रूप में प्रसिद्ध हुए। देशभक्ति और सामाजिक समस्याएं मनोज कुमार जी का अत्यंत प्रिय विषय रहा है।

महान अभिनेता दिलीप कुमार की फिल्म 'शबनम' में किरदार का नाम 'मनोज कुमार' सुनकर उन्होंने अपने लिए यही नाम स्वीकार कर लिया। 'हरियाली और रास्ता', 'मेरा साया', 'डॉक्टर विघा', 'शहीद', 'गुमनाम', 'उपकार', 'आदमी', 'पूरब और पश्चिम', 'रोटी-कपड़ा और मकान', 'शोर', 'क्रांति', 'बेईमान' जैसी कलट क्लासिक कालजयी फिल्में बनाने वाले इस प्रयोगधर्मी कलाकार की अधिकतर फिल्मों में इनके किरदार का नाम 'भारत' था , जिसके कारण वह 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर हो गए। देश, समाज, संस्कृति और मानवतावादी फिल्मों के माध्यम से उन्होंने राष्ट्रीय गौरव को बढ़ाया। कलाकार, हीरो , स्टार-सुपरस्टार तो आते- जाते रहते हैं, लेकिन भारत कुमार, सदियों में एक बार ही आता है। भारतीय चिंतन में मृत्यु जीवन का अंत नहीं है। जीवन की पूर्णता है। मनोज कुमार जी को विनम्र श्रद्धांजलि।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### मारपीट करने पर दो युवकों पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** थाना सुंदरनगर में मारपीट को लेकर दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में मुकेश कुमार पुत्र धनी राम निवासी गांव बल्हड़ा डाकघर नाल्हा तहसील सुंदरनगर ने कहा है कि वह रविवार को गांव में ही एक प्रीतिभोज के लिए गया हुआ था। जब वह वापस लौट रहा था तो देखा की दो युवक उसके घर के पास दो युवक आपस में जोर से गाली गलौच कर रहें थे। जब उसने युवकों से रिहायशी क्षेत्र में गाली गलौज न करने को कहा तो वह भड़क गये और उसके साथ गाली गलौज व बहसबाजी करने लगे कि तू हमें रोकने वाला कौन है। जब उसने विरोध जताया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट की। डी.एस.पी. भारत भूषण ने बताया आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### चाय की दुकान से 108 बोतल शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बी.एस.एल. थाना के तहत निहरी पुलिस चौकी के दल ने गश्त के दौरान चाय की दुकान से 108 बोतलें देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दी है। जानकारी के अनुसार निहरी पुलिस चौकी का दल पौड़ा कोठी क्षेत्र में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की एक चाय की दुकान में अवैध रूप से शराब बेची जाती है। जिस पर पुलिस ने चाय की दुकान में छापामारी कर वहां से 108 बोतल देसी शराब संतरा मार्का बरामद की है। आरोपी दुकानदार दौलत राम पुत्र परस राम निवासी कोडाश डाकघर पौड़ा कोठी शराब को लेकर कोई भी परमिट पुलिस के समक्ष पेश नहीं कर पाया। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। डी.एस.पी. भारत भूषण ने अवैध शराब बरामद करने की पुष्टि की है।

### नरोला में शिव पुराण कथा शुरू, भंडारा 23 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्हड़ा उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांव नरोला में आचार्य जितेंद्र शर्मा द्वारा भागवत कथा शिव पुराण का आरंभ मंगलवार से हो चुका है व भंडारे का आयोजन 23 अप्रैल को होगा। इस भागवत की शुरुआत 2011 से हुई थी तथा हर साल इस भागवत को अप्पर व लोअर नरोला वार्डों के स्थानीय निवासी महिला मंडल तथा आपसी सहयोग से आयोजन करते हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्री इंद्रदेव, शास्त्री रोशन लाल, ओम प्रकाश शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अश्विनी कुमार, शास्त्री रविदत्त शर्मा, कैप्टन ईश्वर दास तथा प्रकाश चंद मुख्य भूमिका में रहते हैं। नरोला वर्ड की पंच सत्या देवी तथा लखदाता मंदिर कमेटी नरोला के प्रधान श्री हंसराज वर्मा ने सभी गांव वासियों का इस भागवत में सहयोग करने के लिए बहुत-बहुत आभार प्रकट किया है।

### लंगर में खिलाए 10 क्विंटल पकौड़े

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** माता भीमा काली मंदिर संस्थान द्वारा दो दिवसीय छिंज मेला के दौरान ठंडे शरबत, गुलाब जामुन, पकौड़ा व कचौरियों का लंगर लगाया गया। दो दिनों तक लगाए गए। इस लंगर में लगभग 10 क्विंटल पकौड़े आवंटित किए गए। छह सौ गुलाब जामुन और लगभग 1000 कचौरियां भी श्रद्धालुओं को खिलाई गईं। हालांकि मंदिर संस्थान की ओर से ऐसा भंडारा हर साल लगाया जाता है जो हाल के भीतर लगाया जाता था लेकिन इस बार यह भंडारा खुले मैदान में नहीं लगाया गया था।

# ‘तेरा मेरा लग्न...’ पर नाचा भंगरोटू

## भंगरोटू स्टार नाइट में हिमाचली जोड़ी ने मचाया धमाल, एसडीएम ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत

**आदर्श यादव, नेरचौक**



**भंगरोटू** में हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले दंगल की पूर्व संध्या पर इस बार छिंज कमेटी भंगरोटू द्वारा स्टार नाइट का आयोजन किया गया। इसमें उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। इसके अलावा विशेष अतिथि के रूप में व्यापार मंडल नेरचौक के प्रधान अमृतपाल सिंह काका व कृषि विभाग के उप निदेशक राम चंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे।

स्टार नाइट के मुख्य गायक कलाकार हिमाचली जोड़ी के नाम से मशहूर अर्जुन गोपाल व रंजना रघुवंशी ने अपनी सुरीली आवाज में हिंदी, पंजाबी व पहाड़ी गानों से श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया।

इसके साथ ही हिमाचली जोड़ी ने मुख्यातिथि एसडीएम बल्ह व उनके पति एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी को एक हिमाचली गीत तेरा मेरा लग्न ओ सजना शिवे बनाया हो समर्पित कर खूब वाहवाही बटोरी। इससे पूर्व इस मौके पर बल्ह की आवाज स्थानीय गायक कुलदीप कुमार ने भी अपनी आवाज का जादू बिखेरा। गानों की इस श्रृंखला का समापन हिमाचल के सुप्रसिद्ध मंच संचालक एवं सेवानिवृत्त जिला लोक संपर्क अधिकारी कुलदीप गुलेरिया ने जिस पथ पर चला, बड़ी दूर से आए हैं व तेरा जैसा यार कहां गाने गाकर किया। वहीं स्टार नाइट का समापन स्थानीय डांस अकादमी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रतिभा के अद्भुत प्रदर्शन के साथ हुआ। वहीं अन्य गणमान्य अतिथियों में फिरोज खान, रमेश मारवाड़, सरवण, संजय गुप्ता, संजय चौधरी, विनोद आर्य, मनीराम, जोगिंद्रा बेकरी, अंजना रावत व सुमन चौधरी भी शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

# लापता महिला व उसकी बेटी को दिल्ली से सकुशल किया बरामद

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**थाना** जोगिंद्रनगर पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए लापता महिला और उसकी नाबालिग पुत्री को दिल्ली से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार, शिल्पा पत्नी राकेश कुमार निवासी गांव सामण, डाकघर बिहूं, तहसील जोगिंद्रनगर, एक अप्रैल को अपनी नाबालिग पुत्री को साथ लेकर घर से बिना बताए चली गई थी।

इस संबंध में उनके पति ने बारह अप्रैल को थाना जोगिंद्रनगर में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। थाना प्रभारी जोगिंद्रनगर के निर्देशन में पुलिस चौकी बसी से मुख्य आरक्षी कमलेश कुमार एवं महिला आरक्षी आशा की एक टीम गठित की गई। इस टीम ने पंद्रह अप्रैल को दिल्ली पहुंचकर महिला को उसकी बेटी सहित सकुशल बरामद किया तथा उन्हें महिला की माता सुमित्रा देवी पत्नी तेग सिंह, निवासी गांव भरमेरा, डाकघर कुराटी, तहसील जोगिंद्रनगर के सुपुर्द कर दिया। जोगिंद्रनगर पुलिस ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि वह आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए सदैव तत्पर है। (अनंत ज्ञान)



# सांस्कृतिक दस्तावेज की जीवंतता की व्याख्या करने वाली किताबें की भेंट

**अनंत ज्ञान, करसोग**

**डॉ.** हिमेंद्र बाली द्वारा सतलुज घाटी के इतिहाव व संस्कृति पर रचित शोधपरक दो पुस्तकें सतलुज घाटी की सांस्कृतिक परंपराएं और सतलुज घाटी का सांस्कृतिक वैभव इस नदी घाटी के वैभवपूर्ण सांस्कृतिक दस्तावेज की जीवंतता को व्याख्यायित करतीं हैं। आज सुकेत क्षेत्र के संस्कृति व पुरातत्व मर्मज्ञ डॉ. जगदीश शर्मा ने डॉ. हिमेंद्र बाली की इन दोनों पुस्तकों को मंडी जिला के 90 के दशक में उपायुक्त व हिमाचल सरकार में अतिरिक्त मुख्य सचिव रहे तरुण श्रीधर को भेंट किया। तरूण श्रीधर स्वयं एक विख्यात लेखक व विचारक हैं जिन्होंने मंडी में उपायुक्त रहते हुए जिले की संस्कृति का गहराई से अवलोकन किया है। उनके बतौर उपायुक्त कार्यकाल में जिले में चहुंमुखी विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं जन जागरूकता अभियान को कई आयाम हासिल हुए थे।



डॉ. हिमेंद्र बाली की पुस्तकों पर तरूण श्रीधर की समीक्षा सतलुज घाटी में भौतिक विकास के वैज्ञानिक आयाम को नया कलेवर प्रदान करेगी। तरुण श्रीधर ने कहा कि सतलुज घाटी पर आधारित ये दोनो शोद्धपरक किताबे अत्यंत ज्ञानवर्धक है। इस अवसर पर बहुआयामी व्यक्तित्व के स्वामी व बागवानी विशेषज्ञ डॉक्टर शरद गुप्ता भी उपस्थित थे।

## अभिलाषी विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया 78वां हिमाचल दिवस

# नशामुक्त व स्वस्थ हिमाचल के निर्माण का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय में हिमाचल दिवस 2025 का आयोजन देशभक्ति और सांस्कृतिक गौरव के भावों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने एकत्र होकर नशामुक्त, आत्मनिर्भर, शिक्षित और स्वस्थ हिमाचल के निर्माण का संकल्प लिया। इस मौके पर विवि के एमबीए विभाग की छात्रा पोशाली शर्मा ने हिमाचल की संस्कृति, भाषा और पर्वतीय सौंदर्य को समर्पित अपनी कविताओं के माध्यम से सभी को भावविभोर कर दिया। उनकी भावनात्मक प्रस्तुति ने श्रोताओं के मन में गर्व का संचार किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एचके चौधरी ने अपने प्रेरणादायक



भाषण में हिमाचल के इतिहास की यात्रा करवाई। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल 1948 को 30 रियासती पहाड़ी राज्यों का एकीकरण हुआ, जिसके बाद 1950 में हिमाचल श्रेणी ‘सी’ राज्य बना, 1956 में केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा और 1971 में पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ। प्रारंभ में 10 जिलों वाला हिमाचल अब 12 जिलों में विभाजित है। उन्होंने राज्य की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यहां जनसंख्या लगभग 76 लाख है, वहीं हिमाचल प्रदेश की साक्षरता दर 82.80 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 77.7 प्रतिशत से कहीं अधिक है। यह राज्य के शैक्षिक और सामाजिक विकास को दर्शाता है। इसी के साथ शैक्षिक संस्थानों में लैंगिक अनुपात भी 60:40 (महिलाओं की भागीदारी में वृद्धि) के लगभग है। उन्होंने कृषि, बागवानी, जलविद्युत और पर्यटन जैसे मुख्य आर्थिक क्षेत्रों में राज्य और केंद्र सरकार की पहल की सराहना की। इस समारोह का समापन सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. ऐश्वर्या, सहायक प्राध्यापक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के नेतृत्व कुलाधिपति डॉ. आरके अभिलाषी, प्रति कुलाधिपति डॉ. एलके अभिलाषी, कुलपति प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की उपाध्यक्ष डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर इकाई की बैठक का आयोजन

# पेंशनर्स के एरियर का हो शीघ्र भुगतान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर इकाई की बैठक का आयोजन सुंदरनगर के सुकेत सिनेमा परिसर में प्रधान के.एस. जंवाल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विद्युत परिषद से सेवानिवृत्त इंजीनियर्ज, अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक में विद्युत बोर्ड द्वारा उम्र के हिसाब से पेंशनर्ज को बांटने तथा इसमें 75 साल या 70 साल के लोगों को ही उनके सेवानिवृत्ति के एरियर्स का भुगतान करने का कड़ा संज्ञान लिया और सभी पेंशनर्ज को एक समान उनके एरियर्स का शीघ्र भुगतान करने का आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए इकाई अध्यक्ष केएस जम्वाल व महासचिव सोहन सिंह चौहान ने कहा कि जो कर्मचारी सन 2016 से 2023 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें 2016 से संशोधित वेतनमान के अनुरूप उनके लीव एनकैशमैंट, ग्रेच्युटी, संशोधित वेतनमान का एरियर तथा डीए आदि के एरियर्स का भुगतान करने के बारे में विद्युत बोर्ड कतई चिंतित नहीं है और सालों से इस पर कुंडली मार कर बैठा हुआ है, जिसे तुरंत प्रभाव से ब्याज सहित आवंटित किया जाए। बैठक में सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर एसएस दैहल, पवन शर्मा, एनपी शर्मा, आरएस कटवाल, बीएल शर्मा, खुशाल शर्मा, जेपी गुप्ता, पीसी कटोच, लक्ष्मी शर्मा, एनडी वालिया, कशमीर सिंह ठाकुर, काहन सिंह ठाकुर, सुख लाल कश्यप, कपूर सिंह, चुनी लाल गुप्ता, बालक राम, नीरज वालिया, राम दास, नरायण सिंह, लाल सिंह, चेत राम, कृष्ण कुमार शर्मा, बृज लाल, योगेश प्रकाश, संसार चंद, प्रेम सिंह, नरेश चौहान, ओम प्रकाश, शंकर दास व खूब राम आदि विशेष रूप से उपस्थित हे।



# खेतीबाड़ी के लिए 153 गांवों के लोगों ने अपनाए ट्रैक्टर

## छोटा भंगाल की 7 व चौहार घाटी की 14 पंचायतों के किसान ले रहे लाभ

**रूपी ठाकुर, बरोट**

**निचले** क्षेत्रों की तर्ज पर दुर्गम क्षेत्रों के किसान भी आजकल खेतीबाड़ी संबंधी कार्य करने के लिए ट्रेक्टरों पर निर्भर हो रहे हैं। छोटाभंगाल घाटी की सात तथा चौहार घाटी की चौदह पंचायतों के लगभग 153 गांवों के किसान बैलों से हल जोताई न कर अब ज्यादातर ट्रेक्टरों से ही किसान अपने खेतों को जोत रहे हैं।

गौरतलब है कि इन दोनों क्षेत्र के हर किसानों के पास एक-एक जौड़ी बैल की हुआ करती थी जिससे किसान अपनी खेतीबाडी का सारा कार्य किया करते थे। मगर आधुनिकता के इस दौर में बैलों की जगह अब ट्रेक्टरों ने ले ली है, जिस कारण बैल अब गुजरे जमाने की बात हो गई है। दोनों क्षेत्र के वजिन्द्र सिंह, दान सिंह, प्रेम सिंह, डागी राम, राज कुमार, रागी राम, भागमल, जसवंत सिंह तथा दुर्गादास किसानों का कहना है कि दुर्गम क्षेत्र में ट्रेक्टरों की पहुंचने की यह वजह है कि किसानों ने मवेशियों सहित बैलों की जौड़ी को पालना लगभग बंद कर दिया है जो कि खेतीबाड़ी कार्य के लिए पूरी तरह घातक सिद्ध हो सकता है। उनका कहना है कि बैलों के पालने से इक ओर खेतों में डालने के लिए पर्याप्त मात्रा में गोबर की खाद हो जाती थी वहीं ट्रेक्टरों की अपेक्षा बैलों द्वारा की गई जाने वाली हल जोताई गहरी व सही ढंग से होती थी। इसके बावजूद भी किसानों ने अपनी नासमझी का परिचय देते हुए बैलों की जगह तेल पीने वाले बैल रूपी ट्रेक्टरों को स्थान दे दिया है। इन किसानों का कहना है कि बेशक ट्रेक्टरों द्वारा की जाने वाली हल जोताई बहुत ही जल्द हो जाती है मगर ट्रेक्टरों द्वारा हल जोताई के समय खतरा भी मंडरता रहता है। जानकारी के अनुसार ट्रेक्टरों द्वारा की जाने वाली हल जोताई के दौरान कई किसान इसकी चपेट में आने से पूरी तरह घायल हो चुके हैं, जबकि बैलों द्वारा की जाने वाली हल जोताई बेहद आराम दायक सिद्ध होती है। उनका कहना है कि यहां पर खेतों की टेलाबांड न होने के चलते इन दोनों दुर्गम घाटियों में बैलों से हल जोताई करना आसान है, मगर फिर भी आधुनिक खेती को देखते हुए किसानों की होड़ अब ट्रेक्टरों को खरीदने में लगी हुई है। छोटाभंगाल घाटी तथा चौहार घाटी में गत तीन चार वर्षों से निजी कंपनियों द्वारा ट्रेक्टरों की बिक्री के लिए जगह-जगह स्टॉल लगते आ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# उपमुख्यमंत्री ने स्पेशल ओलंपिक विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने हिमाचल दिवस के अवसर पर विशेष बच्चों के विद्यालय सहयोग, नागचला के विशेष रूप से सक्षम 3 खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस विद्यालय की भारती ने इटली में मार्च 2025 में आयोजित स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम में स्नो बोर्डिंग स्पर्धा में 2 स्वर्ण पदक, ऐल्पाइन स्कीइंग स्पर्धा में निर्मला ने 1 गोल्ड और 1 रजत पदक तथा राधा ने 3 रजत पदक जीत कर विदेशी धरती पर तिरंगा फहराकर देश का नाम रोशन किया।

इस दौरान इंडिया टीम ने विभिन्न प्रतिस्पर्धा में 8 स्वर्ण पदक 18 रजत पदक तथा 7 कांस्य पदक हासिल किए थे। उपमुख्यमंत्री ने इन्हें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे देई-2.0 कार्यक्रम के तहत 10-10 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मोहा सबका मन

**हिमाचल** दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सबका मन मोह लिया। कार्यक्रमों ने जहां बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं जंगलों को आग से बचाने का संदेश भी दिया। जेएनवी और सरस्वती विद्या मंदिर की छात्राओं ने लोकनृत्य कर रंग जमाया, वहीं नर्सिंग स्कूल मंडी की प्रशिक्षु छात्राओं की लघु नाटिका की शानदार प्रस्तुति आग से जंगलों को बचाने के लिए सबको आगे आने के लिए प्रेरित कर गईं।

## डीएवी के नौनिहालों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



डीएवी सीपीएस मंडी किंडरगार्टन विंग में हिमाचल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। पाठशाला के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह गुलेरिया ने हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर बच्चों को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों ने हिमाचल के विभिन्न पहाड़ी व्यंजन, विभिन्न परंपराओं और पारंपरिक वस्त्रों के बारे में जाना। किंडरगार्टन विंग के बच्चों ने हिमाचल दिवस के अवसर पर पारंपरिक परिधानों में अपनी प्रस्तुतियां दे कर सबका मन मोह लिया। प्रनिका वालिया, ओजल शर्मा, अनवीरा, रावी गुलेरिया, राव्या धवन, भाविका, मार्शल, करनजीत, श्रेयंश, आरुष, वैधार्भी, हितेषी, भाविका, मार्शल, करनजीत, श्रेयंश, एलकेजी अशोका, आनंदिता, वेदांत, अविका, हरीकृत ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी। शाखा प्रभारी सीमा कपूर ने सभी बच्चों को हिमाचल दिवस की बधाई दी और बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। (अनंत ज्ञान)

# जल शक्ति विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते पेयजल पाइपों से हो रहा रिसाव

**भीम बसेड़ू, महादेव**

जहां एक ओर पानी के लिए हाहाकार मची हुई है, वहीं मंडी जिला सहित नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में भी जल शक्ति विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते जगह-जगह पानी की पाइपों से रिसाव होने से वर्षों के सिलसिले के चलते दुनिया भर का पानी व्यर्थ में बर्बाद हो रहा है जबकि पानी रिसाव को रोकने के लिए कई-कई बार अलग-अलग स्थानों में मांग उठाई जा चुकी है, मगर लगता है संबंधित विभाग कुंभकर्णी नींद सोया है जिसकी सरकार भी कोई खैर खबर नहीं ले रही है। ऋतु परिवर्तन होने से इस दिशा में अभी तक सुधार के नाम पर यानि आशातीत परिणाम सामने आने की उम्मीद करना सही नहीं कहा जा सकता क्योंकि गांव कनैड, नौलखा, धनोटू, महादेव आदि ऐसे विशाल ग्रामीण क्षेत्र हैं जिनके एक बड़े भाग में पानी का खूब रिसाव हो रहा है। बुद्धिजीवी लोगों ने बताया कि खड्डों, घासनियों, सड़क, नाली इत्यादि से डाली गई पानी की पाइपों से हो रहा पानी का रिसाव एक बड़ी जल धारा के रुप में भी देखी जा सकती है जिसकी रोकथाम के लिए बड़े पैमाने पर काम करना जरूरी ही नहीं बल्कि समय की भी मांग है। (अनंत ज्ञान)

### पानी बचाव के लिए पंचायत स्तर पर छोड़ा जाए अभियान

**लोगों** ने कहा कि पानी बचाने के दृष्टिगत रिसाव की जांच के लिए जहां पंचायत स्तर पर एक अभियान छेड़ा जाना चाहिए वहीं अवैध रूप से टुल्लू पंप लगाने वालों की भी धरपकड़ करनी चाहिए। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही पानी रिसाव एवं अवैध टुल्लू पंप रोक के लिए जल शक्ति विभाग तथा पंचायत प्रतिनिधियों को इसके लिए सख्त निर्देश जारी किए जाएं।

## प्रेस क्लब मंडी की नई कार्यकारिणी ने संभाला पदभार

# एडीसी रोहित राठौर ने दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रेस क्लब मंडी की नवनिर्वाचित कार्यकारणी के तीन सदस्यों ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। प्रेस भवन मंगवाईं में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एडीसी मंडी रोहित राठौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।



कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि एडीसी रोहित राठौर को शॉल व पारंपरिक हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने उपप्रधान मोनिका ठाकुर, महासचिव हंस राज सैनी और कोषाध्यक्ष भगत सिंह गुलेरिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार धर्मचंद वर्मा ने किया। इस मौके पर प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्यों ने संगठन के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों और प्रेस भवन के निर्माण में किए गए संघर्षों को याद किया। वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा, डी.पी. गुप्ता और दो बार क्लब प्रधान रहे अंकुश सूद ने अपने विचार रखे। नवनियुक्त प्रधान सुभाष ठाकुर ने भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे प्रेस क्लब को सशक्त बनाने और पत्रकारों के हितों के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीसी रोहित राठौर ने कहा, कि मेरे करियर में यह पहला मौका है जब मैंने किसी प्रेस क्लब को इतने लोकतांत्रिक तरीके से संचालित होते देखा है। यह गर्व और खुशी की बात है।

# डडोह गांव से सटे नाले पर बनाया जाए बस योग्य पुल

**भीम बसेड़ू, महादेव**

**तहसील** बल्ह के अंतर्गत आता डडोह गांव जो अब बल्ह विधानसभा क्षेत्र से नाचन विधानसभा क्षेत्र के तहत आ चुका है। इससे सटे नाले पर बस योग्य पुल बनाने की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। डडोह गांव के बीच के स्थान से अगर नाले के उस पार तक बस योग्य पुल सुविधा मिलने से गांव डीनक, डुगराईं, रामपुर, कनैड तथा बल्ह तहसील के गांव रौ भयारटा, चुनाहन हटगढ़ आदि इलाकों के लोगों को लाभ मिलेगा।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि डडोह गांव के आर-पार का इलाका नाचन क्षेत्र में आता है और वोट बटोरू नेताओं के उदासीन रवैए के चलते यहां के लाखों की संख्या में लोग पुल सुविधा न मिलने सहित कई प्रकार के विकास होने की राह देखते-देखते थक गए हैं, जिससे लोग संबंधित विभाग, विधायक व सरकार के प्रति रोष एवं गुस्से से भरे हुए हैं। लोगों ने आगे बताया कि नेताओं द्वारा कोरे झूठे आश्वासनों का सिलसिला बहुत लंबा हो गया है जिससे आम आदमी इनकी अनदेखी का शिकार होता जा रहा है।

### सीएम से की मांग

**लोगों** ने उपायुक्त मंडी व सीएम सुक्खू से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही डडोह गांव से सटे नाले की सरकारी भूमि का जायजा लेकर यहां उचित स्थान पर बस योग्य पुल का निर्माण किया जाए।

**सुविधा** | सरकाघाट को सीटी स्कैन व बलद्वाडा को अल्ट्रासाउंड सुविधा इसी माह

# सरकाघाट अस्पताल को मिले 5 विशेषज्ञ डॉक्टर : पवन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

**पिछले** दो दशकों से नागरिक अस्पताल सरकाघाट में डॉक्टरों की कमी झेल रहे हजारों सरकाघाट वासियों के लिए खुशी की खबर है प्रदेश सरकार ने उनकी मांग पूरी करते हुए नागरिक अस्पताल में पांच वरिष्ठ डॉक्टरों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए हैं बल्कि दो डॉक्टरों ने ज्वाइन भी कर लिया है।

सरकाघाट लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव एवं वरिष्ठ नेता पवन ठाकुर ने बताया मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा सरकाघाट की जनता को एक साथ पांच विशेषज्ञ डॉक्टरों की तनाती करके सौगात प्रदान की है। उन्होंने बताया कि नागरिक अस्पताल में एनेस्थीति सर्जन एमडी जनरल मेडिसिन नेत्र रोग विशेषज्ञ और मनो चिकित्सक डॉक्टरो के तैनाती के आदेश प्रदेश सरकार ने कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि दो डॉक्टर ने ज्वाइन कर लिया है बाकी तीन डॉक्टर 10 दिनों के भीतर यहां ज्वाइन कर लेंगे सरकाघाट अस्पताल में जल्द ही हड्डी रोग विशेषज्ञ और शिशु रोग विशेषज्ञ की भी तैनाती की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 30 अप्रैल तक सरकाघाट के तमाम सीएचसी पीएचसी में डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ के पद भरने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री को सरकाघाट की सेहत की चिंता है और उन्होंने भरोसा दिलाया है कि यहां के विकास में कोई भी कमी नहीं रहने दी जाएगी। पवन ने बताया कि नागरिक अस्पताल सरकाघाट में सीटी स्कैन और नागरिक अस्पताल बलद्वाड़ा मैं अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जा रही है इसके टेंडर प्रक्रिया आरंभ कर दी गई हैं उन्होंने कहा कि सीटी स्कैन के लिए यहां के लोगों को मंडी शिमला बिलासपुर या हमीरपुर नहीं जाना पड़ेगा लोगों को घर द्वार पर ही स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)



### झूठा श्रेय लेने की निंदा की

**डॉक्टरों** की तैनाती को लेकर भाजपा द्वारा मीडिया में इसका श्रेय लेने को लेकर कांग्रेस नेता ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि 2007 से लेकर अब तक लगातार सरकाघाट में भाजपा विधायक होने के बाद भी एक भी डॉक्टर की तैनाती नहीं हो पाई उल्टा जो डॉक्टर यहां थे वह भी यहां से बदल डाले गए थे।

# माकपा ने मढ़ी स्कूल के बारे में स्थिति स्पष्ट करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**एनएच निर्माण में लगे मजदूरों से हो रहे शोषण पर भी जताई नाराजगी**

**मार्क्सवादी** कम्युनिस्ट पार्टी लोकल कमेटी की बैठक सरकाघाट में आयोजित की गई। इसमें राज्य सरकार के मंत्रिमंडल द्वारा मढ़ी में 60 करोड़ से बने अटल आदर्श विद्यालय को सरकार द्वारा ही चलाने का स्वागत किया है। जिसे स्थानीय विधायक पीपीपी मोड में निजी क्षेत्र को सौंपने की बकालत कर रहे थे और उसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी शुरू करवा दी थी, जिसका माकपा और स्थानीय लोगों ने गत वर्ष कड़ा विरोध किया था। लेकिन यहां पहले से चल रहे दस जमा दो स्कूल के बारे में सरकार व स्थानीय विधायक से स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

बैठक में निर्माणाधीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग के घटिया किस्म के निर्माण अवैध डंपिंग, खनन, ब्लास्टिंग और लेट लातीफी तथा मजदूरों को समय पर वेतन न देने के लिए कंपनी के खिलाफ आंदोलन शुरू करने का भी निर्णय लिया गया। पार्टी द्वारा अवैध निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई जो एक सप्ताह में इसके साक्ष्य एकत्रित करके कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कोर्ट में मुकदमा दायर करने की कार्रवाई करेगी। बैठक में भूपेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा, सुरेश शंनी, दिनेश काकू, रणताज राणा, प्रमीला, करतार सिंह, बाला राम, प्रकाश सकलानी आदि उपस्थित रहे।

# ऊना का आलू देशभर में प्रसिद्ध, लगेगा प्रोसेसिंग प्लांट

## कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने ऊना स्कूल मैदान में फहराया राष्ट्रीय ध्वज, जिलावासियों को हिमाचल दिवस की दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने हिमाचल दिवस पर ऊना में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी लेने के उपरांत जिला वासियों को संबोधित किया।



इस अवसर पर विकासात्मक योजनाओं पर झांकियां निकाली गई तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रो. चंद्र कुमार ने अपने संबोधन में ऊना जिलावासियों को हिमाचल दिवस की बधाई दी और हिमाचल के गठन और विकास में योगदान देने वाले सभी महान नायकों की पुण्य स्मृतियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के 8 माह बाद, 15 अप्रैल, 1948 को 30 छोटी-बड़ी रियासतों के विलय के साथ हिमाचल केंद्र शासित चीफ कमीशनर प्रोविंस के रूप में अस्तित्व में आया था, उन्होंने तब से अब तक के हिमाचल की विकास गाथा में प्रदेश में समय-समय पर रही कांग्रेस सरकारों के योगदान का उल्लेख किया।

कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी परोक्ष या अपरोक्ष रूप से कृषि क्षेत्र से जुड़ी है। इसके दृष्टिगत सरकार ने कृषि उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। ऊना में लगभग 20 करोड़ की लागत से आलू प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खु ने अपने बजट भाषण में इस संदर्भ में घोषणा की है। उन्होंने कहा कि ऊना में आलू की अच्छी पैदावार होती है और यहां का आलू देशभर में प्रसिद्ध है। यहां आलू प्रोसेसिंग प्लांट की स्थापना से स्थानीय किसानों के साथ-साथ पड़ोसी जिलों के आलू उत्पादकों को भी सीधा लाभ होगा। प्लांट में आलू के विविध उत्पाद, ग्लूकोज, चिप्स सहित अन्य प्रोडक्ट तैयार किए जाएंगे। इससे न केवल स्थानीय कृषि क्षेत्र को एक नया आयाम मिलेगा, बल्कि किसानों की आर्थिकी भी सुदृढ़ होगी। कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में खेती बाड़ी और पशुपालन के ढांचे में बदलाव के लिए काम कर रही है। इस प्रकार की कृषि व्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रयास हैं, जिससे किसानों की आर्थिकी मजबूत बने। हमारी कोशिश है कि फसलों में रसायनों के प्रयोग को कम कर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन मिले। इससे युवाओं किसानों का रूझान भी प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ेगा तथा प्रदेश जहरमुक्त खेती को छोड़ प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने तय किया है कि प्राकृतिक रूप से तैयार मक्की को अब 30 रुपए की बजाए 40 रुपए प्रति किलो और गेहूं को 40 रुपए की जगह 60 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा जाएगा। यह न्यूनतम समर्थन मूल्य देश के सभी राज्यों में सबसे अधिक है। इसके माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए आय सृजन के नए स्रोत बनेंगे।

### दूध खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने वाला देश का एकमात्र राज्य है हिमाचल

प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि दूध खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला हिमाचल देश का एकमात्र राज्य है। प्रदेश सरकार ने दो सालों के भीतर दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 7 से 8 रुपए तक बढ़ोतरी की है। सरकार ने गाय के दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को 45 रुपए से बढ़ाकर 51 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध को 55 रुपए से बढ़ाकर 61 रुपए प्रति लीटर किया है। इससे दूध उत्पादन और व्यापार से जुड़े प्रदेश के हजारों किसान लाभान्वित होंगे। इसके साथ दूध आधारित कारोबार की व्यवस्था को विकसित करने के लिए कांगड़ा में 230 करोड़ से मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित किया जा रहा है, जो कि दो वर्षों के भीतर बनकर जनता को समर्पित किया जाएगा।

### गोबर खरीद योजना से पशुपालकों को लाभ

प्रदेश सरकार ने गोबर खरीद योजना आरंभ कर किसानों, पशुपालकों से किया अपना एक और वादा पूरा किया है। सरकार ने किसानों से 2 और 3 किलो के हिसाब से गोबर खाद की खरीद की व्यवस्था की है। इसकी पैकेजिंग तथा वितरण का कार्य एक निजी कंपनी को सौंपा गया है। इससे कृषि और बागवानी फार्मिंग के साथ-साथ नर्सरी क्षेत्र में गोबर खाद की आपूर्ति सुनिश्चित होगी। किसानों के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलाने और परदर्शी विपणन के लिए सभी मंडियों को ऑनलाइन सेवा से जोड़ा गया है। किसानों के हित सरकार के लिए सर्वोपरि है और उनसे किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# हरोली में जमीन विवाद में दो भाइयों में मारपीट, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के हरोली क्षेत्र में जमीन विवाद के चलते दो सगे भाइयों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। दोनों पक्षों के पांच लोगों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार एक पक्ष से जगतार सिंह निवासी हरोली ने शिकायत में पुलिस को बताया कि सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जब वह अपने घर पहुंचा, तो देखा कि उसका भाई केवल सिंह ने बाथरूम बनाने का काम लगा रखा है। जिस जगह पर बाथरूम बनाया जा रहा, वह उसके मकान के साथ दरवाजे के सामने है। उस जमीन पर विवाद है और अदालत से स्टे लगाया हुआ है। लेकिन, उसके भाई ने प्लंबर को कार्य पर लगाया हुआ था, जब उसने काम रोकने के लिए कहा तो केवल सिंह और उसकी पत्नी ने उसे रोक लिया तथा गाली-गलौज व मारने की धमकी दी। कहा कि आरोपियों से लड़ाई झगड़ा के दौरान उसके दांत में चोट लग गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी पत्नी के कपड़े भी फाड़ दिए। दूसरे पक्ष से नरेंद्र कौर पत्नी केवल सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मकान के साथ बाथरूम बनाने का काम लगा रखा है। जब वे बाथरूम का काम कर रहे थे, तो जगतार सिंह, उसकी पत्नी और बेटा तीनों काम करने से रोकने लगे। इन तीनों ने हमें रोककर लड़ाई-झगड़ा, गाली गलौज करना शुरू कर दिया।

जगतार सिंह तथा उसकी पत्नी ने धक्का-मुक्की करना शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों में किसी ने गुस्से में आ कर वहां पड़ी ईंट उसके सिर पर मार दी। कहा कि लड़ाई झगड़े में उसकी बाजू को दांत से काट दिया गया। इसके बाद उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल हरोली लाया गया। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है। दोनों पक्षों की शिकायत के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मोईन शिव मंदिर में हनुमान का पूजन किया

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मोईन शिव मंदिर कमेटी द्वारा मंगलवार को हनुमान मंदिर मोईन में हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर समस्त ग्रामीणों ने हनुमान का पूजन किया और हवन कुंड में आहुतियां डालकर सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुरेश कुमार, रामस्वरूप शर्मा, पंकज शर्मा, सेक्रेटरी अरुण शर्मा, उपप्रधान सौरभ पराशर मौजूद रहे।

### अंब के वार्ड सात में पार्क का होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर पंचायत के वार्ड नंबर-सात में लगभग पांच कनाल भूमि पर पार्क का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भूमि की निशानदेही के साथ ही चहारदीवारी का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। अंब के ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनाए जाने के बाद लोगों की तरफ से क्षेत्र में शहरी स्तर की सुविधाओं की अपेक्षा की जा रही थी। साफ-सफाई के लिए कूड़ा संयंत्र, स्ट्रीट लाइटों और पार्क निर्माण सहित अन्य सुविधाओं को लेकर लोगों की तरफ से मांग की जा रही थी। इसके तहत जहां नगर पंचायत ने कूड़ा संयंत्र बनाने को लेकर जल्द ही कार्य प्रारंभ होने वाला है। वहीं, लोगों को घूमने के लिए एक सार्वजनिक सुविधा के साथ बच्चों के खेलने-कूदने के लिए स्थान उपलब्ध हो पाएगा। नगर पंचायत के वार्ड संख्या-7 में इसके लिए लगभग पांच कनाल भूमि चिह्नित की गई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष इंदु धीमान ने कहा कि जल्द नगर पंचायत की तरफ से चिह्नित भूमि की निशानदेही करवाकर चहारदीवारी करवाई जाएगी।

# ऊना अस्पताल में अब दो स्त्री रोग विशेषज्ञ

**अनंत ज्ञान, ऊना**

क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में एक और स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती हो गई है। डॉ. एकता ठाकुर ने विशेषज्ञ के रूप में मंगलवार को पदभार संभाल लिया है। अस्पताल में अब स्त्री रोग विशेषज्ञ की संख्या दो हो गई है। विशेषज्ञ की तैनाती के बाद अब महिलाओं को उपचार के लिए अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। हालांकि, बंगाणा में तैनात स्त्री रोग विशेषज्ञ भी ऊना में ऑपरेशन थियेटर इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले कुछ माह से एक विशेषज्ञ के सहारे ही गायनी ओपीडी का संचालन हो रहा था। इससे मरीजों को उपचार के लिए इंतजार करना पड़ रहा था। डॉ. एकता ठाकुर ने टांडा मेडिकल कॉलेज से गायनी विषय में पीजी किया है। क्षेत्रीय अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए विभाग की तरफ से एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती कर दी गई है। बीते कुछ माह से विशेषज्ञ की तैनाती को लेकर मांग उठाई जा रही थी। अस्पताल में सबसे अधिक भीड़ गायनी ओपीडी के बाहर ही रहती है। अब दो विशेषज्ञ होने के चलते इस समस्या का काफी हद तक समाधान होगा। इससे जिलावासियों को बड़ी राहत मिली है।

> क्षेत्रीय अस्पताल में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ ने अपना पदभार संभाल लिया है। अब गायनी ओपीडी में दो विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे।
> **डॉ. संजय मनकोटिया**
> **चिकित्सा अधीक्षक**
> **क्षेत्रीय अस्पताल ऊना।**



# धार्मिक स्थलों का किया भ्रमण

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

ऊना जिले के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत राम नाटक क्लब हटली, जो कि वर्षों पुरानी परंपरा के चलते हर वर्ष सदस्यों द्वारा भारत वर्ष के विभिन्न धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया जाता है। इस बार भी लगभग छह दर्जन राम क्लब सदस्यों ने अयोध्या, काशी, मथुरा, आगरा सहित अन्य धार्मिक स्थलों का भ्रमण किया। चार दिन की इस यात्रा में अलग-अलग धार्मिक स्थलों के दर्शन करने तथा उसका इतिहास जानने का मौका मिला। मंगलवार को वापस कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र पहुंचने पर सभी भक्तजनों का जोरदार स्वागत किया गया व प्रसाद वितरित किया गया।

# बाबा सिद्ध चानो न्याय के देवता : अजय

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए जाना जाता है। इसी उपमंडल के कोहडरा गांव में स्थित बाबा सिद्ध चानो मंदिर में हालही में दहाजा कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ।



यह आयोजन न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है, बल्कि दूर-दराज से आए भक्तों के लिए भी आस्था का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर राष्ट्रीय ह्यूमन राइट विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर ने भी मंदिर में हाजिरी लगाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। दहाजा बाबा सिद्ध चानो मंदिर में हर वर्ष बड़े उत्साह से मनाया जाता है। यह पर्व मुख्यतः आस्था, भक्ति और न्याय की भावना का प्रतीक माना जाता है। माना जाता है कि इस दिन बाबा सिद्ध चानो अपने भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं और उन्हें न्याय प्रदान करते हैं। कोहडरा स्थित यह मंदिर न सिर्फ स्थानीय, बल्कि आसपास के जिलों के लोगों की आस्था का केंद्र है। इस बार के दहाजा समारोह की शोभा तब और बढ़ गई जब राष्ट्रीय ह्यूमन राइट विंग के प्रदेश चेयरमैन अजय ठाकुर स्वयं बाबा के दरबार में उपस्थित हुए।

उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की और मंदिर में विशेष आरती में भाग लिया। उनके साथ स्थानीय मंदिर समिति के सदस्यों और सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भव्य बना दिया। वहीं, अजय ठाकुर को सम्मानित भी किया गया। अजय ठाकुर ने कहा कि बाबा सिद्ध चानो न्याय के देवता हैं, जो भक्त सच्चे मन से इनकी शरण में आता है, उसे कभी अन्याय का सामना नहीं करना पड़ता। मुझे आज यहां आकर आत्मिक शांति और शक्ति की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि बाबा की न्यायप्रियता और भक्तों के प्रति उनका स्नेह, आज भी लोगों के दिलों में गहराई से रचा-बसा है। अजय ने कहा कि बाबा सिद्ध चानो मंदिर एक प्राचीन स्थल है, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा वर्षों से पूजा जाता रहा है। बाबा को एक ऐसे संत के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने अपने तप और साधना से अलौकिक शक्तियां प्राप्त कीं। माना जाता है कि वे न्याय के देवता हैं और जो भी भक्त सच्चे दिल से अपनी बात उनके समक्ष रखता है, उसे न्याय अवश्य मिलता है। कई लोग अपने निजी जीवन की समस्याओं, कानूनी उलझनों, स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को लेकर बाबा के दरबार में आते हैं और उन्हें समाधान भी मिलता है।

## डीसी जतिन लाल ने घालूवाल में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण

# योजनाबद्ध ढंग से कार्यों को किया जाए क्रियान्वित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

डीसी जतिन लाल ने उपमंडल हरोली की घालूवाल पंचायत में मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया और ग्रामीण क्षेत्रों में जनोपयोगी तथा टिकाऊ परिसंपत्तियों के विकास पर बल दिया।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का विशेष जोर है कि मनरेगा के माध्यम से अधिक से अधिक विकास कार्य किए जाएं, जिससे ग्रामीणों को न केवल रोजगार मिले, बल्कि गांवों में स्थायी और उपयोगी ढांचागत सुविधाएं भी तैयार हों। डीसी ने कहा है कि हरोली क्षेत्र के विधायक और राज्य के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के विकासात्मक दृष्टिकोण को साकार रूप देने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता और समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मनरेगा के अंतर्गत सभी कार्यों को योजनाबद्ध ढंग से क्रियान्वित किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को इनका अधिकतम लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान डीसी ने घालूवाल में प्रवासी बच्चों के लिए संचालित विशेष विद्यालय का दौरा किया और वहां उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके अतिरिक्त, डीसी ने पंचायत में जिला परिषद निधियों से निर्मित स्थानीय पार्क तथा ओपन एयर जिम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से युवाओं के लिए फिटनेस सुविधाएं और पुस्तकालय विकसित किए जाएं, ताकि युवाओं की ऊर्जा को रचनात्मक दिशा दी जा सके और वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें। इस अवसर पर घालूवाल पंचायत की प्रधान सोना देवी, डीआरडीए के परियोजना अधिकारी केएल वर्मा, खंड विकास अधिकारी रामेश्वर तथा अन्य अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# अंबेडकर के उपदेश सर्वोपरि : रामपाल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** निकटवर्ती गांव जलग्रां टब्बा में संयुक्त मंदिर कमेटी द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बाबा साहेब के बताए हुए मार्ग पर चलने के लिए बाबू रामपाल सेवानिवृत्त अधीक्षक जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर के लिखे संविधान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके उच्च आदर्शों को हमें जीवन में शुमार करने का संकल्प लेना चाहिए। संयुक्त मंदिर कमेटी के प्रधान जसविंदर सिंह, उपप्रधान मनजीत सिंह, सचिव बीरबल, विनोद कुमार, रिंकू, बीडीसी जंगबहादुर, बलविंदर, सिकंदर कुमार, कमला देवी, परमजीत कौर, वीना देवी, आशा वर्कर, संतोष कुमारी, आशा देवी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सतर्क रहकर ही रुकेंगी वनों में आग की घटनाएं : राकेश



**अनंत ज्ञान, अंब**

गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ ही अंब उपमंडल की फायर स्टेशन की टीम सक्रिय हो गई है।

इसी के तहत उन्होंने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के पास अग्निशमन केंद्र में अग्निशमन सप्ताह मनाया। सबसे पहले उन्होंने 1944 में आग बुझाने के प्रयास में शहीद हुए फायर कर्मचारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने लोगों को आग लगने के कारण और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया। फायर स्टेशन अंब के इंचार्ज राकेश कुमार ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी के मौसम में हम सतर्क रहकर आग लगने की घटनाओं को कम कर सकते हैं। हमारी थोड़ी सी लापरवाही के चलते न केवल करोड़ों रुपए की संपदा आग की भेंट चढ़ जाती है, बल्कि कई जीव-जंतु भी इसमें जलकर अपने जीवन को खो देते हैं। गर्मी के मौसम में घरों के आसपास सूखे कचरे को इकट्ठा नहीं होना देना चाहिए। इसके अलावा ज्वलनशील पदार्थों को बच्चों की पहुंच से दूर रखना चाहिए। कई बार बच्चे खेल-खेल में ही ऐसे पदार्थों को आसपास में बिखेर देते हैं, जिसके चलते आगजनी की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इस मौके पर फायर स्टेशन अंब के फायरमैन मनोहर सिंह, लकी गृह रक्षक श्रवण कुमार, कंवर लाल व चालक रणजीत सिंह उपस्थित रहे।

## 20 तक जारी रहेगा अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** ऊना जिले में अग्निशमन सेवा सप्ताह में जागरूकता अभियान लगातार जारी है। इसी मुहिम में केंद्रों में अग्निशमन के साजोसामान की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। आग के हादसे घटित न हो इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए, जिले में जागरूकता मुहिम चलाई गई है। इसी जागरूकता अभियान में फायर ब्रिगेड गाड़ियों समेत दलबल ने मंगलवार को ऊना शहर के शिवम आर्थो अस्पताल, रुद्राक्ष फैक्टरी बंगाणा, अंबे पेट्रोल पंप बंगाणा, हिमपा उद्योग टाहलीवाल, मिड केयर उद्योग, रेलवे स्टेशन अंब आदि में जाकर लोगों को आग के बारे में अलर्ट किया और इश्तहारों को बांटा। ये अभियान 20 अप्रैल तक जारी रहेगा। अग्निशमन केंद्र ऊना के ऑफिसर अशोक राणा ने कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारी अपनी जान को जोखिम में डालकर अनमोल जीवन को बचाते हैं व आग से होने वाले नुकसान को कम से कम करने के लिए आग से जूझते हैं। इसके अतिरिक्त रेस्क्यू कर भी जान बचाई जाती है।



**रखरखाव** विधायक विवेक ने कहा, पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार

# कुटलैहड़ वर्षों से पानी की किल्लत से जूझता रहा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र वर्षों से पानी की किल्लत की समस्या से जूझता रहा है, विशेषकर गर्मियों के मौसम में।



1980 के बाद से इस क्षेत्र में कई पेयजल योजनाएं शुरू की गई, लेकिन बढ़ती जनसंख्या, बदलते मौसम और बुनियादी ढांचे की कमी के कारण यह योजनाएं अपेक्षित परिणाम देने में सफल नहीं रहीं। विवेक शर्मा ने कहा कि 1985 से लेकर 1990 तक तत्कालीन कुटलैहड़ के विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष रहे स्व. रामनाथ शर्मा द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह से एक दर्जन पेयजल योजनाओं को मंजूरी दिलाकर धरातल पर उतारा था, लेकिन रखरखाव की कमी आने से कुटलैहड़ की जनता पानी की समस्या से आज तक जूझती आ रही है। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में स्थायी पेयजल व्यवस्था स्थापित करना न केवल आवश्यक है, बल्कि यह लोगों का अधिकार भी है। समूर पेयजल योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक बड़े जनरेटर की व्यवस्था है। यह जनरेटर बिजली कटौती के समय पेयजल आपूर्ति को बनाए रखने में मदद करता है।

यह पहल न केवल दूरदर्शिता को दर्शाती है, बल्कि क्षेत्रवासियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में 14.84 करोड़ रुपए की लागत से एक बड़ी पेयजल योजना का कार्य शुरू होने जा रहा है। यह योजना विशेष रूप से मुच्छाली जिला परिषद वार्ड की 18 पंचायतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। विवेक शर्मा ने कहा कि किसी भी योजना की सफलता में जनता की भागीदारी जरूरी है। वे समय-समय पर ग्राम सभाओं, पंचायत बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण, संयमित उपयोग और योजनाओं की निगरानी के लिए प्रेरित करते हैं। उन की सोच है कि यदि लोग स्वयं इन योजनाओं का हिस्सा बनेंगे, तो उनका रखरखाव और संचालन भी सुचारू रूप से होगा। इसके अलावा, जल संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता भी बढ़ेगी। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या दशकों से चली आ रही है, लेकिन अब स्थिति में सुधार होगा और समूर, रामगढ़ धार, चपलाह जैसी योजनाएं यह दर्शाती हैं कि क्षेत्र के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

पानी केवल एक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जब हर कोई इसे समझते हुए कार्य करता है, तो इसके परिणाम पूरे समाज में सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। विवेक शर्मा की पहलों ने यह साबित कर दिया है कि यदि नीयत साफ हो और दृष्टि स्पष्ट हो, तो कोई भी समस्या असंभव नहीं।

## गुरबाणी का गुणगान कर श्रद्धालुओं को किया निहाल

**अनंत ज्ञान, अंब।** बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य पर गुरुद्वारा सिंह सभा धुसाड़ा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मंगलवार को आयोजित समापन कार्यक्रम में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विशेष रूप से शिरकत की और गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कीर्तन दरबार सजाया गया।

इसमें रागी जत्थों ने गुरबाणी का गुणगान कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने संगत को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धालुओं ने लंगर छक कर गुरुप्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सतनाम सिंह, यशपाल सिंह, जगत सिंह, निर्मल सिंह, ग्राम पंचायत प्रधान धुसाड़ा नीरू बाला, कृष्ण सोढ़ी, रवि दत्त और हैप्पी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अघलौर में 10 मेगावाट सौर परियोजना का रास्ता बंद, स्थायी समाधान की दरकार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारत जैसे विकासशील देश में ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अक्षय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग समय की आवश्यकता बन चुका है।



इन्हीं प्रयासों के तहत देश भर में सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं, लेकिन कुटलैहड़ विस क्षेत्र की अघलौर सौर ऊर्जा परियोजना स्थानीय विवादों और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार बन जाए, तो इससे न सिर्फ आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा और निवेशकों के भरोसे पर भी असर पड़ता है। कुटलैहड़ के अघलौर की 10 मेगावाट सौर परियोजना पिछले दो सप्ताह से रास्ता बंद होने की वजह से ठप पड़ी है। 68 करोड़ की लागत से बन रही 10 मेगावाट की यह सौर परियोजना क्षेत्रीय स्तर पर ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न कर रही थी। इस परियोजना का उद्देश्य स्वच्छ और सतत ऊर्जा का उत्पादन था, जो पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम था, लेकिन जैसे ही इस परियोजना का काम शुरू हुआ, तब से लेकर आज तक रास्ते को लेकर विवाद खत्म नहीं हो सका है। इस परियोजना की सबसे बड़ी चुनौती रास्ते की उपलब्धता है। बताया जा रहा है कि परियोजना के शुरू होते ही संबंधित रास्ते पर आसपास के कुछ ग्रामीण, विशेष रूप से किसान, आपत्ति जताते हैं और रास्ता बंद कर देते हैं। यह समस्या एक बार नहीं, बल्कि बार-बार उत्पन्न हुई है।

राजस्व विभाग और प्रशासन द्वारा कई बार डिमार्केशन (सीमांकन) की प्रक्रिया भी करवाई गई है, लेकिन हर बार यह प्रक्रिया स्थायी समाधान में बदलने में असफल रही है। परियोजना अधिकारी देवराज सौंखला का कहना है कि रास्ते के बार-बार बंद होने से न केवल मटेरियल की आपूर्ति बाधित हो रही है, बल्कि वर्कर्स की आवाजाही भी रुक रही है। इससे प्रोजेक्ट की समयसीमा प्रभावित हो रही है और निर्माण कार्य में देरी हो रही है। इस देरी की वजह से अब तक इस प्लांट को करोड़ों रुपए का नुकसान हो चुका है और अगर समय रहते समाधान नहीं निकला, तो नुकसान और भी बढ़ सकता है।

सवाल यह भी खड़ा होता है कि जब यह समस्या बार-बार सामने आ रही है, तो प्रशासन स्थायी समाधान क्यों नहीं निकाल पा रहा? क्या यह प्रशासनिक उदासीनता है या फिर स्थानीय स्तर पर राजनीति की वजह से समाधान नहीं हो पा रहा? यह समझना जरूरी है कि जब कोई किसान बार-बार रास्ता बंद करता है, तो इसका असर केवल एक निजी प्रोजेक्ट पर नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के विकास पर पड़ता है।

### ढालपुर मैदान में हिमाचल दिवस समारोह पर लोक निर्माण मंत्री ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज, कहा–

# भुभू जोत टनल सरकार की प्राथमिकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल दिवस का 78वां जिला स्तरीय समारोह कुल्लू के ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में धूमधाम से मनाया गया। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने समारोह मर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड में प्रदेश पुलिस के अलावा एसएसबी, आईटीबीपी, होमगार्ड, जिला रेड क्रॉस और स्काउट्स एन्ड गाइडस की टुकड़ियों ने भाग लिया। विक्रमादित्य सिंह ने अपने संबोधन में समस्त जिलावासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनायें दीं। उन्होंने हिमाचल को राज्य का दर्जा दिलाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार को याद किया।

उन्होंने कहा कि लग वैली और कांगड़ा को टनल से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री और उन्होंने, केंद्रीय परिवहन मंत्री से मुलाकात कर भुभू जोत टनल निर्माण के लिए बात रखी है। बिजली महादेव और पैराग्लाइडिंग साइट को भी रोपवे से जोड़ने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस समारोह के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों व संस्थाओं के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं और अन्य संस्थाओं को भी सराहनीय सेवाएं देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जिला कुल्लू में लोक निर्माण वृत्त के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र मनाली, कुल्लू तथा बंजार में गत दो वर्षों में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 13 सड़कों का निर्माण किया गया है। इस पर 11946 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि मनाली बाईपास सड़क का निर्माण 352 लाख रुपए व्यय कर पूर्ण किया गया है। इसके अलावा रांगड़ी पुल का निर्माण 15 करोड़ व्यय कर पूर्ण किया गया है।

## औट-लुहरी एनएच 305 को डबल लेन निर्माण के लिए भेजा प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, बंजार।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलौर क्षतिग्रस्त ब्रिज का किया निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि 1 सप्ताह में बेली ब्रिज निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कुल्लू दौरे के दौरान औट-लुहरी नेशनल हाईवे 305 में मंगलौर के पास क्षतिग्रस्त ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ब्रिज निर्माण के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। एक सप्ताह के भीतर मंगलौर में बेली ब्रिज तैयार किया जाएगा। मंगलौर में स्थायी ब्रिज निर्माण के लिए शिमला से लोक निर्माण विभाग टेक्निकल विंग की टीम ने भी निरीक्षण किया है और नए ब्रिज निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्राचार किया है। औट-लुहरी नेशनल हाईवे 305 को डबललेन बनने के लिए भी केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा है जिससे आने वाले समय में केंद्र से मंजूरी मिलने के बाद नेशनल हाईवे 305 को डबल लाइन निर्माण किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जलोड़ी टनल निर्माण के लिए भी 3000 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी है जिससे आने वाले समय में बंजार व आनी विधानसभा क्षेत्र और रामपुर के क्षेत्र को यातायात वर्षभर बहाल रहेगा। नेशनल हाईवे 305 में घियागी से लेकर बंजार तक साढ़े आठ करोड़ रुपए से टारिंग का कार्य किया जाएगा तथा बंजार से लेकर औट तक नेशनल हाईवे 305 में पैच वर्क के लिए 10 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

# हमारी बड़ी बहन की तरह सांसद कंगना रनौत, हम करते हैं सम्मान : विक्रमादित्य

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सांसद कंगना रनौत का वे मान सम्मान करते हैं। कंगना रनौत उनकी बड़ी बहन की तरह हैं। कुल्लू में कहा कि बड़ी बहन कंगना रनौत सांसद हैं और सांसद होने के नाते वह दिल्ली से हिमाचल के विकास के लिए बजट का सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि वह केंद्र से बजट का सहयोग करें और हिमाचल के विकास में अपना योगदान दें हम मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए राजनीति से ऊपर उठकर सांसद कार्य करें और हम उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार लगातार विकास करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

कंगना रनौत भी हिमाचल से ही सांसद हैं ऐसे में उन्हें भी प्रदेश के विकास के लिए सहयोग करना चाहिए। लिहाजा, लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा सांसद कंगना रनौत को एक बार फिर बड़ी बहन कहकर संबोधित किया है। उन्होंने कहा है कि सांसद केंद्र से हिमाचल के विकास के लिए बजट लाए, हम पूरा सहयोग करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## नप कुल्लू को केंद्रीय वित्त आयोग से 741 लाख जारी

**मंत्री** ने कहा कि शहरी विकास विभाग द्वारा नगर परिषद कुल्लू को राज्य वित्त आयोग तथा केंद्रीय वित्त आयोग से 741 लाख रुपए जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद कुल्लू में अमृत योजना के अंतर्गत 34.38 करोड़ के कुल 9 परियोजनाएं बनकर पूर्ण हुई हैं, इनमें तीन ड्रेनेज, चार यातायात, एक सीवरेज तथा एक जल आपूर्ति की परियोजना शामिल हैं। कुल्लू शहर के लिए जीआईएस मास्टर प्लान अधिसूचित किया जा चुका है। शहर में विभिन्न विकास कार्यों के अतिरिक्त 3 करोड़ 35 लाख जारी की गई है। अमृत-दो परियोजना में भी 92 लाख रुपए खर्च कर प्राकृतिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्वार किया जा रहा है। 3 करोड़ 10 लाख रुपए से नगर परिषद कुल्लू के निचले क्षेत्र के लिए सीवरेज से जोड़ने के लिए कार्य प्रगति पर है।

## 8 करोड़ की राशि से होगी घियागी-बंजार सड़क की टारिंग

**जिला** कुल्लू में भी सड़कों के रखरखाव के लिए लगातार सरकार के द्वारा काम किया जा रहा है। जिला कुल्लू के एनएच 305 के डबल लेन का मुद्दा भी केंद्र सरकार के समक्ष रखा गया है। ऐसे में बंजार से लेकर घियागी तक सड़क की टारिंग के लिए 8 करोड़ रुपए की राशि को स्वीकृत किया गया है। ताकि आने वाले दिनों में बंजार आने वाले सैलानी और स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा कुल्लू जिला के मणिकर्ण घाटी में भी सड़क की हालत सुधारने के लिए 30 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। पर्यटन सीजन के दौरान मणिकर्ण और बंजार में भी लाखों की संख्या में सैलानी यहां आते हैं। कुल्लू से मनाली सड़क की हालत को सुधारने के लिए भी एनएचएआई के अधिकारियों के साथ वार्ता की गई है और एनएचएआई के द्वारा भी सड़क की हालत को सुधारने के लिए 500 करोड़ रुके बजट का प्रावधान किया गया है। बंजार विधानसभा में क्षतिग्रस्त सड़कों की हालत को सुधारने के लिए भी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किया गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-305 सैंज-लुहरी-औट रोड की विशेष मुरम्मत कार्य व अवरोधक दीवार निर्माण किया जाएगा। बंजार में बाईपास का भी जल्द निर्माण होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### केलांग में लगाई विभागीय प्रदर्शनियां



**अनंत ज्ञान, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने समापन के उपरांत सभी विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और अधिकारियों से विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य, आयुष और पशुपालन विभागों ने जनसाधारण को लाभकारी योजनाओं व सेवाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदर्शनियां आयोजित कीं। श्री नेगी ने विशेष रूप से मोटे अनाज (मिलेट्स) के उत्पादन और उसके पोषणात्मक लाभों को लेकर अधिक जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कृषि विभाग को किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए ताकि वे मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ा सकें। बागवानी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह वन विभाग की चेक पोस्ट पर सेव सीजन पर अपना एक प्रतिनिधि बिठाना सुनिश्चित करें ताकि वह जिला से बाहर जाने वाली सेव की पेटियों की वास्तविक संख्या का पता चल सके, और यह पता लगाया जा सके कि जिला में कितना सब का उत्पादन हो रहा है। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित ऊनी उत्पादों की प्रदर्शनी, विक्रय काउंटर और पारंपरिक व्यंजनों के फूड स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। यह पहल न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और उत्पादों को बढ़ावा देने का माध्यम भी है।

### निरमंड के पोशना गांव में मनाई अंबेडकर जयंती

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** निरमंड खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोशना के ग्राम पोषना में बैसाखी पर्व व अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई । इसमें लगभग 11 महिला मंडलों ने भाग लिया। महिला मंडलों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नाटी, समूह गान, एकल गान, भाषण, कुर्सी दौड़, घड़ा फोड़ आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि समाजसेवी गुर दास जोशी ने शिरकत की। जबकि प्रकाश कटोच व तुलसी दास ने विशेष अतिथि बतौर शिरकत की । उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर की जीवनी में प्रकाश डाला और महिला मण्डलों व स्वंय सहायता समूह से आत्मनिर्भर बनने की अपील की। मुख्यातिथि गुर दास जोशी ने समाज मे हो रहे नशे के भयंकर दुष्परिणाम से बचने व महिला मण्डलों और स्वयं समूहों से गांव में होने वाले नशे के प्रभावी रूप को कम करने में अपनी सहभागिता देने की अपील भी की। युवा मंडल के प्रधान गोपाल चन्द ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद भी किया। उधर, भारतीय जनता पार्टी मण्डल निरमंड के कार्यकर्ताओं ने विकास खण्ड निरमंड के ग्राम पंचायत नोर के गांव शलाट में भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जंयती मनाई, जिसमें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा सामाजिक उत्थान के लिए किए गए महान कार्यों को याद किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी मंडल निरमंड के मण्डल अध्यक्ष नरोत्तम ठाकुर ने की जबकि कार्यक्रम में आनी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक लोकेंद्र कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।

# किसानों की बेदखली के खिलाफ आनी में होगा प्रदर्शन : प्रताप

**अनंत ज्ञान, आनी**

कुल्लू जिला के आनी उपमंडल मुख्यालय में किसान सभा और सेब उत्पादक संघ आनी ने प्रताप ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक की। बैठक में प्रदेश सरकार और वन विभाग द्वारा की जा रही किसानों की बेदखली के विरोध में प्रदर्शन की रणनीति बनाई गई।

दोनों संगठन 28 अप्रैल, 2025 को आनी में एसडीएम के माध्यम से सरकार को अपना मांग-पत्र सौंपेंगे। संगठनों का मुख्य मुद्दा वन संरक्षण अधिनियम 1980 में संशोधन की मांग है। आनी क्षेत्र के सभी किसान और बागबान इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। किसान नेताओं का आरोप है कि सरकार और वन विभाग बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए किसानों को बेदखल कर रहे हैं। इससे प्रभावित लोगों में भय का माहौल है। प्रदेश में गरीब किसानों की स्थिति चिंताजनक है। परिवार में बंटवारे के कारण उनके पास पर्याप्त जमीन नहीं है। आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश के करीब दस लाख किसान परिवारों के पास मात्र 10.7 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि है। 87 प्रतिशत किसान लघु और सीमांत श्रेणी में आते हैं। किसान और बागबान मांग कर रहे हैं कि वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन कर गरीब, लघु और सीमांत किसानों को कम से कम पांच बीघा भूमि दी जाए।

सरकारी भूमि का आवंटन भू राजस्व अधिनियम 1954 और धारा 163ए (2000) के तहत किया जाए। एफआरए 2006 कानून का पालन किया जाए। किसान संगठनों का कहना है कि सरकार और वन विभाग की कानूनी प्रक्रिया के विपरीत है।

## जंगल में नेपाली ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** पुलिस थाना ब्रौ के तहत पोशना जंगल में एक नेपाली ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंपकर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पनाशा निवासी काहन सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि जंगल में एक नेपाली ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को फंदे से उतारा। नेपाली लोगों ने शव की शिनाख्त से इंकार किया।

पुलिस जब पोस्टमार्टम के लिए शव को निरमंड अस्पताल ले गई तो वहां 3 नेपाली काली बहादुर मल्ल, पुष्प राज पुन और वीरेंद्र डांगी पहुंचे, जिन्होंने शव की पहचान की। मृतक की पहचान दलीप सिंह (45) निवासी छत्तेश्वरी ओड़ा नंबर 2 जिला सलयान आंचल रावती नेपाल के रूप में हुई है।

# एबीवीपी ने विक्रमादित्य को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ढालपुर ने हिमाचल दिवस के अवसर पर मुख्यातिथि लोक निर्माण विभाग एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मिला।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय की विभिन्न मांगो को लेकर लोनिवि मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इकाई अध्यक्ष अभिनव कश्यप ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्र हित, समाज हित व राष्ट्र हित के लिए कार्य करता आया है।

उन्होंने बताया कि छात्र हित कार्य का एक और उदाहरण देते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा लोक निर्माण विभाग एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह को महाविद्यालय की विभिन्न मांगो के लेकर ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि पहली मांग यह रही कि महाविद्यालय के भवनों का निर्माण जल्द से जल्द हो।

बीते वर्षों से महाविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन वर्षों बाद भी भवन का निर्माण कार्य अब तक पूर्ण होता नजर नहीं आ रहा है जिसके कारण छात्रों को बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दूसरी मांग छात्राओं के लिए एक सभागार का निर्माण करने के लिए रही ताकि छात्राओं का जीवन महाविद्यालय परिसर में और सरल हो सके। तीसरी मांग विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट पार्किंग की है, विद्यार्थी परिषद ने यह बात रखी के महाविद्यालय में अध्यापक, प्राध्यापक व शिक्षागणों के लिए तो पार्किंग की सुविधा है लेकिन विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट पार्किंग की व्यवस्था पर ध्यान देकर उस पर कार्य करने की आवश्यकता है। लोनिवि मंत्री ने उनकी मांगों को ध्यान से सुना और उनका सरकार की ओर से समाधान करवाने का आश्वासन भी दिया।

# विकास के प्रति सरकार हमेशा संवेदनशील : नेगी

**अनंत ज्ञान, केलांग**



जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास के प्रति प्रदेश सरकार हमेशा सवेदनशील रही है। जनजातीय जिला लाहौल स्पिति के मुख्यालय केलांग में आयोजित जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह के दौरान राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास एवं लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनता को संबोधित करते हुए यह बात कही। सर्वप्रथम उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया व परेड़ की सलामी ली। पुलिस, होम गार्ड व स्थानीय पाठशालाओं के बच्चों ने आकर्षक परेड़ का प्रदर्शन किया।

विधायक अनुराधा राणा विशेष रूप से समारोह में उपस्थित रही। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के कुशल नेतृत्व को याद करते हुए उन्होंने कहा कि जनजातिय क्षेत्रों में विकास हमेशा उनकी प्राथमिकताओं में रहा। उन्होंने वन अधिकार अधिनियम का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की समस्त समितियों के सदस्यों को कार्यशालाओं के माध्यम से नियम व शंकाओं के निवारण किया गए हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुवीर सिंह ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी एसडीएम रजनीश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों सहित भारी संख्या में लोग भी मौजूद रहे ।

### 153 करोड़ की देनदारियां चुकाई

**मंडी** मध्यस्थता योजना के अंतर्गत सरकार ने 153 करोड़ की देन दारियां चुकाई है। प्रदेश के अन्य जिलों की तरह ही इस जिला में भी विकास कार्यों को तीव्र गति प्रदान की जा रही है। लाहौल में एकलव्य आदर्श विद्यालय कुकमसेरी के शैक्षणिक व छात्रावास भवन निर्माण कार्य पर 40 करोड़ की धन राशि व्यय होगी।

### ये हुए सम्मानित

**कार्यक्रम** के दौरान जिला की टीवी मुक्त 16 ग्राम पंचायत के प्रधानों को भी प्रशस्ति पत्र व महात्मा गांधी की सिल्वर व कांस्य की प्रतिमाएं (बस्ट) भी प्रदान कर सम्मानित किया गया। बेटी है अनमोल योजना के पात्र 8 बालिकाओं को दस हज़ार की सावधि जमा पत्र प्रदान किए। स्थानीय महिला मंडलों व स्कूली बच्चों ने रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि जगत सिंह नेगी ने संस्कृतिक कार्यक्रम व परेड के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ-साथ जिला में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के सराहनीय कार्य को लेकर प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए।

### जिला में किए 810 इंतकाल

**नेगी** ने कहा की हर माह लोक अदालत के आयोजित कर जिला में 810 इंतकाल किए गए हैं तथा पर्यटन व्यवसाय को और मजबूती प्रदान की जा रही है। युवाओं को होमस्टे यूनिट्स वह होटल बनाने के लिए पांच प्रतिशत इंट्रस्ट सबसिडी दी जाएगी।

### पांच पुलों के होंगे निर्माण

**जिला** लाहौल स्पीति के पांच पुलों के निर्माण के लिए हाल ही में 36 करोड़ 45 लाख की धन राशि स्वीकृत की गई है। निर्माणाधीन मुद-भावा सड़क बनने से काजा से शिमला की दूरी 70 किलोमीटर कम हो जाएगी।

### अस्पताल भवन का निर्माण

**उदयपुर** अस्पताल के भवन निर्माण कार्य के लिए प्रदेश सरकार ने 20 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। काजा की 3 करोड़ 76 लाख की लागत से एंटी फ्रिज उठाऊ पेयजल योजना के संवर्धन कार्य को अगले वर्ष पूर्ण कर लिया जाएगा।

# वेटरनरी फार्मासिस्ट व कंप्यूटर कोर्सेस में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

राधे राधे वेटरनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान रिवाड़ी कुल्लू हिमाचल प्रदेश एक ऐसा संस्थान है, जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। प्रदेश के पांच जिलों कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, मंडी एवं शिमला के आधे क्षेत्र में एक मात्र संस्थान है जो ग्रामीण क्षेत्र में वेटरनरी फार्मेसी कोर्स का प्रशिक्षण दे रहा है।



संस्थान के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि संस्थान अपनी गुणवत्ता के साथ पिछले 2 सालों से ग्रामीण क्षेत्रो में प्रशिक्षण देने हेतु कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा की वेटर्नरी फार्मासिस्ट कोर्स सत्र 2025-2027 के लिए प्रक्रिया, हिमाचल प्रदेश सरकार के आदेश अनुसार मई महीने के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ कर दी जाएगी। सभी इच्छुक छात्र जो वेटरनरी फार्मासिस्ट का कोर्स करना चाहते हैं वे 1 मई से 24 मई तक प्रवेश हेतु आवेदन संस्थान में आकर कर सकते हैं जबकि ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 मई से शुरू कर दी जाएगी। डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस कोर्स के लिए पात्रता विज्ञान संकाय में जमा दो उतीर्ण दी गई है, जिसमें प्रार्थी के न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।

वेटरनरी फार्मासिस्ट कोर्स के अलावा राधे राधे संस्थान में कंप्यूटर कोर्स में डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स भी करवाए जा रहे है, जो की भारत सरकार के अंतर्गत चलाए जा रहे है 7 जिन कोर्स को करने हेतु इच्छुक प्रार्थी 15 अप्रैल से प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। संस्थान के चेयरमैन डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया कि राधे राधे वेटरनरी संस्थान में वेटनरी फार्मासिस्ट कोर्स में 2025-27 के लिए कुल सीटें 45 रहेंगी। जिसकी अबधि दो साल रहेगी। अत: सभी इच्छुक छात्रों से अनुरोध है की वह समय रहते प्रवेश ले सकते है।

**समस्या**

### बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में 9 माह बाद भी लकड़ी की पुलिया पर चल रहे लोग

# बच्चे और लोग जान जोखिम में डालने को मजबूर

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**





**विधायक लोकेंद्र ने किया प्रभावित क्षेत्र का दौरा**

निरमंड क्षेत्र में बादल फटने के बाद आई आपदा को गुजरे 9 महीने हो चुके हैं, लेकिन संवेदनशील होने का दावा करने वाली प्रदेश कांग्रेस सरकार अभी तक प्रभावित क्षेत्रों में एक पुलिया तक नहीं लगा पाई है। यह बात आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने आनी विधानसभा क्षेत्र के निरमण्ड उपमंडल के जुआगी और चायल पंचायत के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि बरसातें आने को है, लेकिन समस्या का कोई हल सरकार ने नहीं निकाला है। विधायक लोकेंद्र कुमार ने रोष जताते हुए कहा कि उन्होंने जाओं से लेकर सिंहगाड तक कि पैदल यात्रा की, लेकिन हैरानी जताई कि पिछड़ा विधानसभा क्षेत्र होने के नाते भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया, बल्कि यहां अभी तक ग्रामीणों द्वारा जुगाड़ कर लगाई गई लकड़ी की वैकल्पिक पुलिया के सहारे चायल और जवागी पंचायतों के तिंदर, जवागी, सिंहगाड, धाराबाग, प्रांगचा, ओडीधार आदि गांवों 175 स्कूली बच्चे और दर्जनों अन्य ग्रामीण हर दिन जान जोखिम में डालकर गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि लक्कड़ी की यह पुलिया क्षेत्र की दशा और दुर्दशा दर्शाने के लिए काफी है।

विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि आपदा के 9 महीनों के बाद भी न पुल बने न ही रास्ते बने हैं।

यह वही स्थान है जहां विश्व प्रसिद्ध और उत्तर भारत की कठितम धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव यात्रा का बेसकैम्प बनाया जाता है। यात्रा को शुरू होने में भी दो माह का समय ही बाकी बचा है, लेकिन रास्ते ऐसे हैं कि यहां स्थानीय लोगों का गुजरना दूभर है , देश विदेश के श्रद्धालु कैसे गुजरेंगे यह उर वाला ही जाने ।(अनंत ज्ञान)

### सरकार ने आनी विधानसभा क्षेत्र के साथ किया सौतेला व्यवहार

**आनी** के विधायक लोकेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार ने आनी विधानसभा क्षेत्र जो पिछड़ा क्षेत्र है, के साथ सौतेला व्यवहार करते हुए प्रभावितों के साथ भी भेदभाव किया है। उन्होंने सदन में भी चीख-चीख कर कहा कि बाढ़ में हमारे विधानसभा क्षेत्र में और साथ लगते शिमला जिला में भारी तबाही हुई है, लेकिन मुआवजा राशि देने वाली एजेंसी ने समेज और बागीपुल में 7 लाख मुआवजा राशि के बजाए 20 हजार और 50 हजार रुपये की राशि बांटी है। जबकि शिमला जिला में पूरा मुआवजा दिया गया है। विधायक लोकेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार को चाहिए कि इसकी जांच की जाए और आनी विधानसभा क्षेत्र में गत 31 जुलाई की रात को आई आपदा के बाद हुए नुकसान को दुरुस्त किया जाए। इस दौरान भाजपा मंडल निरमण्ड के अध्यक्ष नरोत्तम ठाकुर, जीवन चौहान, एलआर ठाकुर, भूपेंद्र आदि साथ थे।

## छोयल में मंडी के युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला कुल्लू के भुंतर में एक युवक ने फंदा लगाकर अपनी इहलीला खत्म कर दी है। पुलिस जानकारी के अनुसार मंडी जिले के



एक युवक ने भुंतर से सटे अप्पर छोयल में किराए के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवक ने कमरे में पंखे के हुक से फंदा लगाया है। पुलिस को अप्पर छोयल क्षेत्र से सूचना मिली कि एक युवक ने आत्महत्या की है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। युवक ने मफलर को फंदा बनाने के लिए इस्तेमाल किया था।

पुलिस ने शव को नीचे उतारा। मृतक के परिजनों ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया है। मेडिकल कालेज नेरचौक में पोस्टमार्टम करवाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान पंकित कुमार (20) पुत्र मान सिंह निवासी शिवाबदार जिला मंडी के रूप में हुई है। आईटीआई में ट्रेनिंग के बाद युवक अपने अन्य साथियों के साथ एचआरटीसी वर्कशॉप बाशिंग में प्रैक्टिस करने जाता था। बीते रोज यह वर्कशॉप में नहीं गया था। कमरे में बाल्टी रखी थी और मफलर के साथ इसने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर, एसपी कुल्लू डा. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि युवक के आत्महत्या करने के कारणों की जांच की जा रही है।

# वशिष्ठ में बैसाखी मेले की धूम



**अनंत ज्ञान, मनाली**

धार्मिक पर्यटन स्थल वशिष्ठ में बैसाखी मेले की धूम मची हुई है। देशी-विदेशी सैलानियों की पहली पसंद रहने वाली धार्मिक नगरी देव वाद्य यंत्रों से गूंज उठी है।

**आधा दर्जन से अधिक देवी-देवताओं ने की शिरकत**

गांव में घाटी के आराध्य देवी देवताओं ग्रामीणों को सुख व समृद्धि का आशीर्वाद दे रहे हैं। मेले में वशिष्ठ ऋषि वशिष्ठ, पराशर ऋषि कुलंग, कार्तिक स्वामी सिमसा, वीर नाथ कटराईं, गोशाली नाग गोशाल देवताओं ने शिकरत की। देवी देवताओं ने लोगों को सुख समृद्धि का आशीवार्द दिया। इस बीच देव कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। बैसाखी मेले के दौरान देवताओं के मिलन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों मेले का मुख्य आकर्षण रहे। वशिष्ठ पंचायत के पूर्व उपप्रधान चमन लाल व ग्रामीण एमसी ठाकुर ने बताया कि खेलों के अलावा देव मिलन आकर्षण का केंद्र रहा।

मेले में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। उनके अनुसार वालीबाल प्रतियोगिता रोचक दौर में पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों को सुख समृद्धि का आशीर्वाद देने के बाद शाम को देवताओं ने देवालयों का रुख किया।

# शिरगुल देवता के दर्शन के लिए वसूला जाएगा शुल्क

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार में स्थित शिरगुल देवता के दर्शन को जाने वाले श्रद्धालुओं से अब वन विभाग द्वारा शुल्क वसूलने की योजना बनाई गई है। यह शुल्क स्थानीय, हिमाचली और बाहरी राज्यों से आने वाले सभी श्रद्धालुओं पर समान रूप से लागू होगा।

इस संदर्भ में नौहराधार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ वन विभाग के कर्मी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विभाग ने प्रस्ताव रखा कि हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालुओं से 20 रुपए, जबकि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं से 50 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क वसूला जाएगा।



हालांकि इस प्रस्ताव का स्थानीय लोगों ने विरोध किया और सुझाव दिया कि हिमाचल के श्रद्धालुओं से केवल 10 रुपए, जबकि बाहरी राज्यों से आए श्रद्धालुओं से 20 रुपए प्रति व्यक्ति शुल्क लिया जाना चाहिए। वन विभाग का कहना है कि इस शुल्क से प्राप्त राजस्व का उपयोग श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने में किया जाएगा। इनमें नौहराधार से चूड़धार तक शौचालय, डस्टबिन, वर्षाशालिका (रेन शेल्टर) और अन्य संरचनाएं शामिल होंगी। साथ ही, रास्ते में पार्क जैसे विश्राम स्थल भी विकसित किए जाएंगे। टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से अधिकृत टेंट सेवा प्रदाताओं को अनुमति दी जाएगी, टेंट स्थापित कर श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे।

शुल्क वसूली की जिम्मेदारी चार स्थानीय युवकों को सौंपी जाएगी। इनमें से दो युवक निगाली नामक स्थान पर तथा दो तीसरी नामक स्थान पर तैनात रहेंगे, जहां वे प्रवेश शुल्क वसूली और एंट्री रजिस्ट्रेशन का कार्य संभालेंगे। वन विभाग का मानना है कि यह पहल चूड़धार यात्रा को व्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# राजगढ़ मेले की दूसरी संध्या दलजीत सिंह के नाम रही

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय शिरगुल देवता बैसाखी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में वॉयस ऑफ सिरमौर के खिताब से सम्मानित गायक दलजीत सिंह ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति से समां बांध दिया।

हिंदी और पहाड़ी गायकों के बीच दलजीत ने जब पंजाबी गीतों का तड़का लगाया तो दर्शक खुद को झूमने से रोक नहीं सके। सांझ के मुख्य आकर्षणों में शामिल स्टार कलाकार राजीव राजा ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोकप्रिय गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का प्रयास किया।

इसके अलावा वॉयस ऑफ



### मेले में पंजाबी गीतों पर खूब झूमे दर्शक

शिमला की अंजली नानक, वर्षा ठाकुर, कनक जोशी, सुमित प्रिंस, काकू चौहान, आशु तोमर , महक वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सुदर्शन दीवाना और महेंद्र हाबी जैसे कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दूसरी संध्या में अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी बतौर मुख्यातिथी शामिल हुए। उन्होंने राजगढ़ में बीते अपने बचपन को याद किया और क्षेत्र के हर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि मेले हमारी प्राचीन और समृद संस्कृति के परिचायक है और इन्हें सरंक्षण देना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि राजगढ़ क्षेत्र का अपना इतिहास है और आज इसका स्वरूप पहले की तुलना में बदल चूका है। यहां पर्यटन की बहुत संभावनाएं है और वह मुख्यमंत्री के समक्ष यहां की कुछ योजनाओं को रखेंगे।

एसडीएम राजगढ़ व मेला कमेटी अध्यक्ष राजुकमार ठाकुर ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योती साहनी, कांग्रेस नेत्री परीक्षा चौहान, विवेक शर्मा, दिनेश आर्य आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### कंपनी का सीमेंट बेचने के आरोप में ट्रक चालक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हंसराज सचिव दी मांगल लैंड लुजर्ज एवं इफैक्टिड परिवहन सहकारी सभा समिति ने थाना बागा में शिकायत दर्ज करवाई थी कि गाडी नं. 2625 इनकी उपरोक्त सभा के माध्यम से सोनू कुमार सुपुत्र रोशन लाल गांव पडयार के नाम से चलती है। 19 सितंबर, 2024 को गाडी को बिलासपुर तथा 23 और 24 सितंबर 2024 को 28 सितंबर 2024 को पवारी के लिए सिमेंट लेकर गई थी। मगर उपरोक्त स्थानों पर इस सीमेंट का भुगतान नहीं किया गया। जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना बागा में दर्ज किया गया था। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान 2025 को आरोपी चालक को गिरफ्तार किया गया था जिसने पुछताछ पर बताया था कि इसने उपरोक्त सीमेंट में से कुछ सीमेंट बिलासपुर निवासी संजय कुमार को बेच दिया था। जिस पर पुलिस थाना बागा की टीम द्वारा इस वारदात में शामिल रहे आरोपी संजय कुमार पुत्र शोभा राम निवासी गांव घमारड़ा जिला बिलासपुर उम्र 48 साल को नामजद किया है।

### अनिल और माही ने गुरुद्वारा साहिब में टेका माथा

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** पर्यटन नगरी चायल और इसके आस-पास के क्षेत्रों में इन दिनों वेब फिल्म एक अनाम की शूटिंग चल रही है। इस फिल्म के एक्टर और क्राईम पेट्रोल के एंकर अनिल सोनी और फिल्म निदेशक माही ने शूटिंग से समय निकालकर चायल के 1907 में बने ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब में माथा टेका। उन्होंने यंहा के ग्रंथी प्रीतपाल सिंह से गुरुद्वारा साहिब का इतिहास पूछा।




### शहनवाज शेख ने प्रदेश सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान, सोलन (नालागढ़)।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी शहनवाज शेख ने नालागढ़ में समुदाय के साथ बैठक करके सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाएं। इस मौके पर उन्होंने नालागढ़ के नव नियुक्ति पार्षदों को भी सम्मानित किया। बैठक का संचालन संयुक्त रूप से प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष मोहम्मद साजिद और प्रदेश कॉर्डिनेटर राहुल खान ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष इकबाल चौधरी, नगर परिषद अध्यक्षा वंदना बंसल, नत्थू राम शर्मा,जिला प्लानिंग बोर्ड सदस्य अंबाल खान, किशनपुर उप प्रधान अब्दुल गफूर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस मौके पर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष देवी शरण खुल्लर, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष फजल मुहम्मद, मनोनीत पार्षद मनीष राजदेव, रोहित आलम, हर्ष लता, पूर्व प्रधान साद मोहम्मद, पूर्व पार्षद अमित जैन, मनी जैन, पूर्व हज कमेटी सदस्य हुक्म दिन,प्रदेश संयोजक मस्त मुहम्मद, इत्यादि मौजूद रहे।

### दानपात्र से पैसे चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** गोपाल निवासी अर्की सोलन ने थाना अर्की में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि गांव डाडल (देव-मोढोड़) मंदिर में 12 अप्रैल, 2025 को मान सिंह तनवर जब सुबह मंदिर में पुजा करने गए तो पाया कि मंदिर के बाहर रखे दानपात्र का ताला टुटा हुआ है तथा मंदिर के अंदर रखे दानपात्र के ताले को भी तोड़ने की भी कोशिश की गई है, जिसकी सूचना मान सिंह तनवर ने इन्हें दी, जिस पर उपरोक्त अभियोग थाना अर्की में दर्ज किया गया। पुलिस थाना अर्की की टीम द्वारा इस वारदात में संलिप्त आरोपी देवराज पुत्र मस्त राम निवासी गांव नगरवाड़-भूमति तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 46 साल को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान पाया गया है कि इस आरोपी ने मंदिर के दानपात्र से करीब 1200 रुपए चुराए थे। आरोपी उपरोक्त को आज माननीय अदालत में पेश किया जा रहा है।



### 150 विद्यार्थी लेंगे स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बनिया देवी में क्लस्टर स्तरीय राज्य पुरस्कार स्काउट एवं गाइड कैंप का शुभारंभ हुआ। इसमें विद्यालय के प्राचार्य केके यादव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्हें स्काउट बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। कैंप में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के जवाहर नवोदय विद्यालय से 150 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इसमें 79 लड़के और 71 लड़कियों ने भाग लिया। छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए स्काउट एवं गाइड के विशेषज्ञ आमंत्रित किए गए थे, जो छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। यह शिविर 19 अप्रैल तक जारी रहेगा। मुख्यातिथि ने शिविर के सुचारू संचालन और इसके सीखने के परिणामों के लिए छात्रों और विशेषज्ञों को मार्गदर्शन दिया।

### कंडाघाट में अनियंत्रित होकर पलटा सेब से भरा ट्रक

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कंडाघाट के पड़ोथा में सेब से भरा ट्रक पलट गया। यह 650 पेटी सेब लेकर नारकंडा से कलकत्ता जा रहा था। इसमें ड्राइवर अकील पुत्र अख्तर चला था जोकि कंडाघाट से सोलन की और तीन किलोमीटर आगे अनियंत्रित होकर पलट गया। अकील ने बताया कि जैसे ही वह मोड़ काटने लगा ट्रक का प्रेशर पाइप फटने की वजह से ब्रेक नही लगी जिस वजह से हादसा पेश आया। इसमें चालक व परिचालक दो लोग सवार थे। परिचालक जहीर व चालक दोनों हरियाणा के नूह जिला के रहने वाले हैं। उन्हें कोई चोट नहीं आई है।



### ग्रीन एकादश ने जीती देव धारदूधार प्रीमियर लीग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** खनलग टुकाणा युवक मंडल के बैनर तले आयोजित देव धारदूधार प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला ग्रीन स्टार एकादश के नाम रहा। रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन्स एकादश ने निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए, जबकि ग्रीन स्टार एकादश ने निर्धारित लक्ष्य 8.2 ओवरों में 4 विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। मुकाबले में सचिन ने 25 गेंदों में 48 रन बनाए, जिन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। इसके अलावा आर्यन्स एकादश के खिलाडी सिप्पी मैन ऑफ द टूर्नामेंट रहे। युवक मंडल के सदस्य ललित, पिंकू और संजय चौहान ने बताया कि विजेता टीम को 35 हजार ट्रॉफी और उपविजेता टीम को 25 हजार की राशि व ट्रॉफी से नवाजा गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले दो सेमीफाइनल मुकाबले हुए। इसमें आर्यन्स एकादश ने स्टार स्ट्राइक को 20 रनों से जबकि ग्रीन स्टार ने महाकाल को 46 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। संजय चौहान ने बताया कि युवक मंडल द्वारा नशे से दूर रहने के लिए समय-समय पर खेलों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर मेदराम चौहान, अजय, जगत राम, लक्की समेत अन्य युवक मौजूद रहे।श्व

# ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करना जरूरी : हर्षवर्धन



**अनंत ज्ञान, सोलन**

उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोज़गार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योग, पर्यटन तथा ग्रामीण आर्थिकी को मज़बूत बनाकर हिमाचल प्रदेश में खुशहाली और तरक्की के नए युग का सूत्रपात करने के लिए कार्य कर रही है। हर्षवर्धन चौहान आज सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे।

उद्योग मंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा पुलिस, गृह रक्षा, एनसीसी, स्काउट्स एंड गाइड्स एवं विद्यालयों द्वारा आयोजित भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। पुलिस उप निरीक्षक विनय ठाकुर ने परेड का नेतृत्व किया। उन्होंने इससे पूर्व कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं जिलावासियों की और से शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंलि भी अर्पित की। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने 78वें हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार को प्रदेशवासियों की और से नमन किया। चौहान ने कहा कि समर्थ एवं आत्मनिर्भर हिमाचल के लिए ग्रामीण आर्थिकी को मजबूत करना आवश्यक है। प्रदेश सरकार ग्रामीण आर्थिकी को बल देने के साथ-साथ पर्यटन एवं उद्योग क्षेत्र को मजबूत बना रही है।

### सोलन में जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

चौहान ने कहा कि सोलन जिला उद्योग के साथ-साथ बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन में सभी को राह दिखा रहा है। सोलन आज देश का टमाटर जिला बनकर उभरा है। सोलन में विकास के नए मानक स्थापित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सोलन में 100 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन विश्व स्तरीय बहुविशेषज्ञ अस्पताल प्रदेश के तीन जिलों के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी लाइफलाइन सिद्ध होगा।

### हर्षवर्धन ने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

**उद्योग,** संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री ने सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी एवं वर्तमान में उपमंडलीय पुलिस अधिकारी परवाणू के पद पर तैनात मेहर पंवार तथा भारतीय पुलिस सेवा की अधिकारी एवं वर्तमान में धर्मपुर में कार्यकारी थाना प्रभारी के रूप में कार्यरत शुमायला चौधरी को बेहतर सेवाओं के लिए सम्मानित किया। अनुकरणीय सेवाओं के लिए थाना प्रभारी सोलन पुलिस निरीक्षक हंस राज, उप पुलिस निरीक्षक गोपाल सिंह थाना सदर सोलन और मनोज कुमार मुख्य आरक्षी थाना सदर सोलन को सम्मानित किया। उप पुलिस निरीक्षक दलीप सिंह, अतिरिक्त थाना प्रभारी धर्मपुर, उप पुलिस निरीक्षक धनवीर सिंह थाना प्रभारी कसौली, उप पुलिस अधीक्षक प्रताप सिंह थाना प्रभारी परवाणु और उपपुलिस निरीक्षक हरि सिंह थान प्रभारी बागा को सम्मानित किया। उन्होंने यातायात इकाई सोलन की प्रभारी उपपुलिस निरीक्षक दयावती को प्रशंसनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। विशेष जांच इकाई जिला सोलन में कार्यरत उपपुलिस निरीक्षक ज्ञान चंद, मुख्य आरक्षी दिनेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, आरक्षी नवीन कुमार एवं रोहित कुमार को अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। उन्होंने थाना सदर सोलन में कार्यरत मुख्य आरक्षी वीरेंद्र कुमार, शुभम, आरक्षी अमित कुमार और बालकृष्ण को सम्मानित किया। उन्होंने यातायात इकाई सोलन में कार्यरत मुख्य आरक्षी प्रवीण कुमार को अनुकरणीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। जिला पुलिस सोलन के साइबर सैल में कार्यरत आरक्षी सौरभ, सुरक्षा शाखा अर्की में तैनात आरक्षी दलीप चंद को सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय सोलन में सहायक वाचक के पद पर कार्यरत मानद सहायक उपनिरीक्षक ओम प्रकाश तथा आरक्षी मंदीप कुमार, पुलिस लाइन सोलन में वाहन चालक के पद पर कार्यरत सुखविंद्र सिंह, पुलिस लाइन सोलन में चीफ ड्रिल इंसट्रक्टर के पद पर कार्यरत मानद मुख्य आरक्षी रतन चंद, राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात व्यवस्था में कार्यरत आरक्षी आशीष कल्याण तथा पुलिस लाइन सोलन में सेवारत महिला आरक्षी सुमन देवी को सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया। वन बीट चवाल में कार्यरत वन रक्षक किशोरी को सम्मानित किया।

# हिमाचल दिवस पर डॉ. यशवंत सिंह और शहीदों को किया याद



हिमाचल दिवस पर भव्य परेड की सलामी लेते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला स्तरीय हिमाचल दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नाहन चौगान में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भव्य परेड की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार व शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने प्रदेश को अलग राज्य के रूप में स्थापित करने वाले जन नायकों व आंदोलनकारियों के साथ-साथ प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार व कर्मठ एवं ईमानदार प्रदेशवासियों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने प्रदेश को देश-विदेश में खास पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि 11 दिसंबर, 2022 में हमारी सरकार ने कार्यभार संभाला है कई चुनौतियों का सामना करने उपरांत मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में जन-जीवन को पटरी पर लाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा करने और उन्हें शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने के लिए सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीक से लैस राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे है। सिरमौर जिला में भी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

जिला स्तरीय हिमाचल दिवस कार्यक्रम में जिला के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मुख्यातिथि ने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक नाहन अजय सोलंकी, पूर्व विधायक अजय बहादुर, किरनेश जंग, उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा आदि उपस्थित रहे।

# सरकार सभी वर्गों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध : धर्माणी

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

हिमाचल दिवस समारोह किन्नौर जिला के मुख्यालय रिकांगपिओ के आईटीबीपी मैदान में साथ मनाया गया। जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की अध्यक्षता नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने की।

नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने ध्वजारोहण किया व भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। परेड का नेतृत्व हिमाचल पुलिस विभाग के उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार ने किया। भव्य परेड में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, हिमाचल



पुलिस पुरुष व एनएसएस व स्काउटस एण्ड गाईडस की टुकड़ियों ने भाग लिया। इससे पूर्व आईटीबीपी मैदान पहुंचने पर नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी का स्थानीय लोगों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों तथा जिला प्रशासन द्वारा पारम्परिक ढंग से भव्य स्वागत किया गया। राजेश धर्माणी ने इस अवसर पर कहा कि हिमाचल प्रदेश के गठन व पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के उपरान्त प्रदेश सहित किन्नौर जिला ने अभूतपूर्व विकास किया है।

उन्होंने विकास की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के प्रति वचनबद्ध है। (अनंत ज्ञान)

# एबीवीपी ने शिक्षा मंत्री को सौंपा मांग-पत्र, पीजी कक्षाएं शुरू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला सिरमौर इकाई ने मंगलवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को एक मांगपत्र सौंपा। इस मांग-पत्र में जिले के महाविद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और छात्र हितों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को शामिल किया गया है।

एबीवीपी ने विशेष रूप से स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में एमए, एमएससी और एमकॉम की कक्षाएं इसी शैक्षणिक सत्र से शुरू करने की मांग की है। परिषद ने यह भी आग्रह किया कि नाहन कॉलेज में बॉयज हॉस्टल की सुविधा शीघ्र उपलब्ध करवाई जाए, ताकि दूरदराज से आने वाले छात्रों को आवास संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

### कहा-महाविद्यालयों में रिक्त पदों को जल्द भरा जाए

परिषद ने जिला सिरमौर के अन्य कॉलेजों में भी आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर बल दिया। उनका कहना है कि कई संस्थानों में कक्षाओं, पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं और खेल सुविधाओं की कमी छात्रों की पढ़ाई और सर्वांगीण विकास में बाधा बन रही है। एबीवीपी ने यह भी मांग रखी कि महाविद्यालयों में रिक्त चल रहे शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक पदों को जल्द भरा जाए, ताकि शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावी ढंग से संचालित की जा सकें।

परिषद ने उम्मीद जताई कि शिक्षा मंत्री छात्रों की इन मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द सकारात्मक कदम उठाएंगे।

# नेशनल हाईवे चंडीगढ़-देहरादून पर सेनवाला में पलटा ट्राला

**अनंत ज्ञान, सिरमौर**

नेशनल हाईवे चंडीगढ़-देहरादून पर सेनवाला में मंगलवार को एक ट्राला अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसा इतना भयानक था कि ट्राले ने दूसरी दिशा में खड़े एक पेड़ को जड़ से ही उखाड़ दिया।

गनीमत रही कि सुबह करीब 3:00 बजे हादसा होने के दौरान कोई अन्य वाहन या राहगीर ट्राले की चपेट में नहीं आया अन्यथा यहां बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं ट्राला के चालक को हल्की चोटें बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिनों नेशनल



हाईवे पर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने के चलते वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं । ऐसे में हाईवे पर वाहन चलाना अब सुरक्षित नहीं रहा है तो दूसरी ओर स्थानीय लोगों में भी डर का माहौल है।

# राजगढ़ में दमकल केंद्र को मंजूरी : जीआर मुसाफिर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर ने बैसाखी मेले के दौरान आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि राजगढ़ क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार तेज होने जा रही है। उन्होंने बताया कि राजगढ़ शहर के लिए सीवरेज योजना हेतु 21 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जबकि बहुप्रतीक्षित दमकल केंद्र को भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंजूरी दे दी है।

मुसाफिर ने जानकारी दी कि राजगढ़ की 6 करोड़ रुपये की पेयजल योजना शीघ्र ही जनता को समर्पित की जाएगी। साथ ही, राजगढ़ मंडल और चंदौल के लिए

### मुख्यमंत्री सुक्खू जल्द करेंगे राजगढ़ का दौरा

### कई परियोजनाओं का शिलान्यास प्रस्तावित

25-25 करोड़ रुपए की दो बड़ी पेयजल योजनाएं भी तैयार की गई हैं। उन्होंने बताया कि 5 करोड़ रुपऐ की लागत से बनी पैरवी शलाणा योजना और 6 करोड़ रुपए से निर्मित टाली भुज्जल सड़क भी बनकर तैयार हो रही हैं।

इसके अलावा राजगढ़-बड़गला-यशवंतनगर सड़क पर 5 करोड़ 77 लाख रुपए और मरयोग-रावना सड़क पर 13 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। कवाल-बांदली सड़क को भी 2 करोड़ 85 लाख रुपए की लागत से पक्का किया गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शीघ्र ही राजगढ़ का दौरा करेंगे, जिसमें कई सड़कों, पेयजल परियोजनाओं और अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा

अंत में जीआर मुसाफिर ने क्षेत्रवासियों को शिरगुल देवता मेले की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि सरकार राजगढ़ क्षेत्र के समग्र विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विकास से लोगों को सुविधाएं मिलेगी।

# नियमों के तहत बनेंगे गाड़ियों के पास

**अनंत ज्ञान, सोलन।** परवाणू टोल बैरियर पर बाहरी राज्यों के वाहनों के सालाना पास नीति के अनुसार ही पास जारी किए जाएंगे।

टोल टैक्स के इंचार्ज रोबिन ने बताया कि बाहर के नंबर के वाहनों के महीने या सालाना पास उनके द्वारा दिए गए दस्तावेजों के सत्यापन व प्रदेश सरकार द्वारा जारी पॉलिसी के तहत ही जारी किए जाएंगे। उन्होंने जिला कराधान विभाग के डिप्टी कमिश्नर को पत्र भी लिखा है। कहा कि अभी तो लोगों अस्थाई पर्ची ही दी जा रही है ताकि लोगों को असुविधा न हो परंतु पक्के पास दस्तावेजों के सत्यापन के बाद में बनाए जाएंगे।

**मांग** 28 दिनों से धरने पर बैठे किसान, कोई कार्रवाई न होने पर आक्रोश

# मुआवजे के लिए सरकार से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, नाहन**

देहरादून-पांवटा-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-72 पर भूमि अधिग्रहण को लेकर पिछले 28 दिनों से धरने पर बैठे किसान अब टूटने लगे हैं। आंदोलनकारी किसानों का कहना है कि सरकार, स्थानीय प्रशासन और एनएचएआई की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जिससे आक्रोश और पीड़ा बढ़ती जा रही है।





खुले आसमान के नीचे महिलाएं, बुजुर्ग किसान और छोटे-छोटे बच्चे अपने घर और जमीन की लड़ाई लड़ रहे हैं। जिन जमीनों पर आज ये लोग धरने पर बैठे हैं, कभी वहां तीन मंजिला मकान हुआ करते थे। एक पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान से हर महीने 10,000 की आमदनी होती थी, वहीं एक अन्य परिवार को किराए से 30,000 तक की आय होती थी। अब तीन वर्षों से वे बेघर हैं और मुआवजे के नाम पर उन्हें 'ऊंट के मुंह में जीरा' जैसा व्यवहार झेलना पड़ रहा है।

### खुले आसमान के नीचे महिलाएं, बुजुर्ग किसान मांग रहे इंसाफ

किसानों का आरोप है कि एनएच निर्माण के लिए लगभग 200 परिवारों की जमीन अधिग्रहित की गई लेकिन उसके बदले उन्हें बेहद कम और असंगत मुआवजा दिया गया। उन्होंने कई बार प्रशासन और सरकार से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन अब तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है।

किसानों का कहना है कि उन्होंने सरकार को कोई औपचारिक ज्ञापन नहीं सौंपा है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि मीडिया के माध्यम से उनकी आवाज सरकार तक पहुंचेगी।

### व्यक्तिगत रूप से करेंगे मदद : हर्षवर्धन चौहान

**इस** पूरे मुद्दे पर जब प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों की ओर से अब तक कोई औपचारिक मांग सरकार को नहीं सौंपी गई है। उन्होंने कहा,नेशनल हाईवे का बजट केंद्र सरकार से आता है, राज्य सरकार इसमें सीधे तौर पर शामिल नहीं होती है। फिर भी यदि किसान मुझसे संपर्क करते हैं, तो मैं व्यक्तिगत रूप से उनकी मदद करने को तैयार हूं।

# शिविर में भाजपा कार्यकर्ता और युवाओं ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पांवटा साहिब विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुखराम चौधरी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल पांवटा साहिब द्वारा एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय युवाओं ने भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया।

यह शिविर भाजपा युवा मोर्चा पांवटा साहिब और देहरादून स्थित मान्य चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ज़रूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक सुखराम चौधरी के स्वागत और केक काटने के साथ हुई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। विधायक सुखराम चौधरी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, 'रक्तदान महादान है।

इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है और यह हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक भी है। समाज के युवाओं को ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।'

## न्यूज ब्रीफ

### पानी की बर्बादी के खिलाफ 180 नोटिस जारी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। नगर निगम चंडीगढ़ ने आज पेयजल की बर्बादी को रोकने के लिए अभियान शुरू किया और उल्लंघनकर्ताओं को 180 नोटिस जारी किए और उल्लंघनकर्ताओं के 8 चालान किए गए। नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस के आदेशों का पालन करते हुए सुबह 5.30 बजे से 8.30 बजे तक पेयजल के दुरुपयोग की जांच शुरू की। अभियान का यह पहला दिन था जब कई उल्लंघनकर्ता अपने घरों में पेयजल का दुरुपयोग करते पाए गए। चालान किए गए लोगों पर 5788 रुपए का जुर्माना लगाया गया। 15 अप्रैल से 30 जून तक वार्षिक अभियान के तहत लॉन, आंगन में पानी डालने, होजपाइप का उपयोग करके कार और अन्य वाहन धोने पर 500 रुपए का चालान किया जाता है। एमसीसी की टीमों द्वारा लीक टैंक, नल, पानी के मीटर और वाटर कूलर पाए जाने पर नोटिस जारी किए जाते हैं। नोटिस प्राप्त करने वालों को दो दिनों के भीतर लीकेज की मरम्मत करवाने को कहा गया है, बाद में चालान जारी किया जाएगा। अधिकांश उल्लंघनकर्ता अपनी कार और आंगन धोते हुए पाए गए। टीमों ने दस्तावेजी सबूत के तौर पर उल्लंघन की तस्वीरें भी खींची और वीडियो भी बनाए। कमिश्नर ने चंडीगढ़ के नागरिकों से पीने के पानी को बचाने और इसकी बर्बादी से बचने की अपील की। लोग अपने लॉन में पानी देने के लिए टीटी पानी का विकल्प चुन सकते हैं।

### भारतीय स्टेट बैंक ने स्कूल बस की दान



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। बैंक की सीएसआर पहल के तहत, भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल द्वारा आर्मी पब्लिक स्कूल, पठानकोट को एक स्कूल बस दान की गई और बस की चाबी आर्मी पब्लिक स्कूल, पठानकोट की प्रिंसिपल डॉ. अंजू सैनी को सौंपी गई। इस अवसर पर कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल, मनोरंजन पांडा, महाप्रबंधक और अरुणा ठाकुर, उप महाप्रबंधक, प्रशासनिक कार्यालय, मोहाली द्वारा स्थानीय प्रधान कार्यालय के स्टाफ सदस्यों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाई गई। आर्मी पब्लिक स्कूल, पठानकोट ने अकादमिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां, दोनों में उत्कृष्टता के लिए एक सुविख्यात प्रतिष्ठा बनाई है। उनके छात्रों की सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, उनके शिक्षकों के मार्गदर्शन और स्कूल के मजबूत नेतृत्व को दर्शाती है। इस प्रयास के माध्यम से बैंक ने उन संस्थानों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया है जो हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में मदद कर रहे हैं। यह पहल भारतीय स्टेट बैंक के सीएसआर प्रयासों का एक हिस्सा है, जो कि सामुदायिक कल्याण के लिए हमारी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### बढ़े हुए प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। चंडीगढ़ में तीन गुना बढ़ाए गए प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ कांग्रेस ने अब बड़ा मोर्चा खोल दिया है। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने कहा कि बीजेपी के राज में लगातार शहर की जनता पर कोई ना कोई बोझ डाला जा रहा है सीधे तौर पर बोला जाए तो जेब में डाका डाला जा रहा है। कभी कोलेक्टर रेट में वृद्धि, पानी में 5 सेस,तीन गुना प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाकर बीजेपी ने अपनी जनविरोधी नीति को उजागर किया है पिछले कई वर्षों से नगर निगम में काबिज रही बीजेपी के कुशासन से नगर निगम के वित्तीय हालात से निगम की वित्तीय स्थिति चरमरा गई है। बीजेपी जिसकी केंद्र में सरकार है वो नगर निगम के एक का बजट लाना तो दूर प्रशासन से ग्रांट इन ऐड भी ले पा रही है उसका सीधा बोझ शहर की जनता पर टैक्स लगाकर वसूल रही है जिसे कांग्रेस बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी। लक्की ने कहा कि बढ़ाए गए तीन गुना प्रॉपर्टी टैक्स के खिलाफ हम जनआंदोलन चलाएंगे। शहर के हर सेक्टर, कॉलोनी और गांव तक पहुंचाया जाएगा और भाजपा व प्रशासन को फरमान को वापस लेने के लिए मजबूर किया जाएगा।

### न्यूयॉर्क में 14 अप्रैल का दिन अंबेडकर दिवस घोषित

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने 14 अप्रैल के दिन को न्यूयॉर्क शहर में डॉ. बीआर अंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया है। मेयर कार्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। न्यूयॉर्क सिटी मेयर कार्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने यहां सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. रामदास अठावले की उपस्थिति में यह घोषणा की। अठावले ने डॉ. अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य भाषण दिया। अठावले ने 'एक्स' पर फोटो और वीडियो के साथ पोस्ट किया कि न्यूयॉर्क में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती को न्यूयॉर्क सिटी मेयर कार्यालय की ओर से आधिकारिक रूप से डॉ. बीआर अंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया गया।

### बेलगावी में मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे



बेलगावी। कर्नाटक में मंगलवार सुबह मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए। इस वजह रेल सेवाएं बाधित हुई हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह बेलगावी रेलवे स्टेशन में प्रवेश करते समय एक मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे इस मार्ग पर रेल सेवाएं बाधित हो गईं। फिलहाल किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। मालगाड़ी महाराष्ट्र के मिराज की ओर जा रही थी।

### अल्जीरिया और फ्रांस के बीच बढ़ा तनाव

अल्जीयर्स। अल्जीरिया ने फ्रांस के 12 अधिकारियों को 48 घंटे में देश छोड़ने का आदेश दिया है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अल्जीरिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि फ्रांस में एक अल्जीरियाई काउंसलर की गिरफ्तारी के बाद यह फैसला लिया है। इसके लिए फ्रांस के गृह मंत्री ब्रूनो रिटेलो जिम्मेदार हैं। दोनों देशों के बीच हालिया विवाद 11 अप्रैल को शुरू हुआ था जब फ्रांस ने तीन अल्जीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया था इनमें अल्जीरियाई काउंसलर भी शामिल थे।

### दक्षिणी कैलिफोर्निया में लगे भूकंप के झटके

कैलिफोर्निया। दक्षिणी कैलिफोर्निया में सुबह 5.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे सैन डिएगो के बाहर ग्रामीण सड़कों पर पत्थर गिरने लगे। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि दीवारें हिलने लगीं, लेकिन अधिकारियों ने किसी के घायल होने या अबतक किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं दी है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप स्थानीय समयानुसार सोमवार की सुबह 10.08 बजे आया और इसका केंद्र सैन डिएगो काउंटी में था, जो जूलियन से केवल 4 किलोमीटर दूर है।

# पीएम मोदी ने हरियाणा को दी विकास की ऐतिहासिक सौगातें

## यमुनानगर व हिसार की रैलियों पर बोले कृषि मंत्री, यह जनता का सच्चा समर्थन

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हरियाणा को एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से विकास की ऐतिहासिक सौगातें मिली हैं। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने यमुनानगर और हिसार में कई बड़ी परियोजनाओं की नींव रखकर प्रदेश की विकास यात्रा को नई रफ्तार दी। मोदी जी का यह दौरा हरियाणा के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा।



राणा ने कहा कि यमुनानगर में पंचवटी योजना और सिंचाई से जुड़े कार्य हों या हिसार में एम्स जैसी बड़ी स्वास्थ्य परियोजना, ये सब योजनाएं प्रधानमंत्री के हरियाणा के प्रति विशेष लगाव और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल योजनाओं का ऐलान नहीं, बल्कि हरियाणा को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का रोडमैप है, जिसका हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने राज्य के लोगों, विशेष रूप से किसानों और मजदूरों का धन्यवाद किया, जिन्होंने फसल कटाई के मौसम में समय निकालकर रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री मोदी को सुना। उन्होंने कहा कि राज्य के लोग प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर बहुत उत्साहित थे। कृषि मंत्री ने विशेष तौर पर उन हजारों लोगों, कार्यकर्ताओं और किसानों का भी आभार जताया, जो चिलचिलाती गर्मी और फसल कटाई के व्यस्त समय के बावजूद भारी संख्या में दोनों रैलियों में पहुंचे।

उन्होंने कहा कि यह नजारा दिखाता है कि जनता सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि देश के विकास की सहभागी बन चुकी है। मोदी के नेतृत्व में जो भरोसा और आशा जगी है, उसे हरियाणा की जनता ने अपने उत्साह से साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि ये रैलियां केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं थीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य को नई दिशा देने वाले ऐतिहासिक क्षण थे, जहां लोगों की भागीदारी ने स्पष्ट कर दिया कि हरियाणा मोदी जी की विकास यात्रा में पूरी ताकत से सहभागी है। कृषि मंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि जिन परियोजनाओं की घोषणा की गई है, उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा कर हरियाणा के हर गांव और हर किसान तक लाभ पहुंचाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# उपायुक्त की सड़क सुरक्षा पहलों की स्थिति पर की समीक्षा बैठक

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



शहरभर में विभिन्न सड़क सुरक्षा पहलों की स्थिति की समीक्षा और अद्यतन करने के लिए यूटी चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में 15 अप्रैल को जिला सड़क सुरक्षा समिति (डीआरएससी) की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में एसएसपी/यातायात और सुरक्षा और यूटी इंजीनियरिंग विभाग, नगर निगम, वास्तुकार विभाग, शहरी नगर नियोजन विभाग, राज्य परिवहन प्राधिकरण, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और सभी पुलिस उपाधीक्षक/यातायात सहित अन्य के प्रतिनिधि शामिल हुए।

समिति ने ऑटो रिक्शा पिकअप प्वॉइंट, साइकिल ट्रैक अलगाव, एटीसी सिग्नल इंस्टॉलेशन, सीसीटीवी मरम्मत, सड़क री-कार्पेटिंग, पैदल यात्री सुरक्षा उपाय, समर्पित भारी वाहन लेन, 'नो हॉर्निंग' जोन और प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक शांत करने के कार्यों सहित प्रमुख सड़क सुरक्षा पहलों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य रूप से पैदल यात्री और साइकिल चालक सुरक्षा को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें सभी प्रमुख स्थानों पर पैदल यात्री और साइकिल सिग्नल लाइट की स्थापना पर मुख्य जोर दिया गया। साइकिल ट्रैक, पैदल पथ, साइनेज और चिह्नों को बेहतर बनाने पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। यह निर्णय लिया गया कि पूर्व मार्ग को एक समर्पित साइकिल ट्रैक मिलेगा। चेयरमैन ने चंडीगढ़ नगर निगम के अधिकारियों को सेक्टर 5/8 की डिवाइडिंग रोड पर विज्ञान पथ के बीच में पीले रंग के निशान, प्लास्टिक बोलार्ड और उचित साइनेज जैसे सड़क बुनियादी ढांचे को स्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि इसे नो ओवरटेकिंग जोन के रूप में लागू किया जा सके। समिति ने सड़क दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित चिकित्सा प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए 112 आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना के तहत शहर में मौजूदा 6 से 12 तक एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।एसएसपी ट्रैफिक एंड सिक्योरिटी ने डीएसपी ट्रैफिक (आरएंडडी) के साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा हाल ही में आयोजित सड़क सुरक्षा संवाद-सह-कार्यशाला के निष्कर्ष प्रस्तुत किए।

# प्रत्येक नागरिक को बनाना होगा नशा मुक्त हरियाणा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हम सबका सांझा सपना-नशा मुक्त हो हरियाणा अपना-थीम के साथ ड्रग्स फ्री हरियाणा का संदेश देते हुए साइक्लोथॉन-2.0 मंगलवार को सोनीपत जिला में प्रवेश कर गई।

**नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देते हुए सोनीपत पहुंची साइक्लोथॉन**

जिला से निकलने वाली दो दिवसीय इस साइकिल यात्रा का भव्य स्वागत जिलावासियों द्वारा गरिमामयी ढंग से किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि साइक्लोथॉन-2.0 हिसार से 5 अप्रैल को शुरू की गई साइक्लोथॉन सामाजिक संदेश के साथ पूरे प्रदेश को कवर करेगी। उन्होंने कहा कि नायब सरकार प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास कराने के साथ ही युवा शक्ति को नशे जैसी कुरीति से दूर रखने सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने में भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से निभा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों से निकलने वाली यह साइक्लोथॉन नशा मुक्त हरियाणा का संदेश देने में अहम रहेगी। यह यात्रा प्रदेशभर में लोगों को नशाखोरी जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए प्रेरित करते हुए सिरसा में संपन्न होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को नशामुक्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना होगा और सरकार की सार्थक मुहिम में आहुति डालते हुए नशा मुक्त हरियाणा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सब को मिल कर नशाखोरी को खत्म करने के लिए युवाओं को प्रेरित करना है।

# नौकरी का ऑफर कॉल आने पर रहें सावधान

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। अगर आपके पास किसी एयरलाइंस में नौकरी का ऑफर कॉल आए, तो सावधान हो जाइए। हो सकता है, आपके सपनों की उड़ान आपको साइबर ठगी की गिरफ्त में ले जाए। चंडीगढ़ पुलिस की साइबर क्राइम टीम ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दिल्ली और गाजियाबाद में दबिश देकर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई एसपी साइबर, गीतांजलि खंडेलवाल (आईपीएस) के नेतृत्व में, डीएसपी ए. वेंकटेश और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रोहताश यादव की निगरानी में अंजाम दी गई। इस मामले की शुरुआत हुई चंडीगढ़ के सेक्टर 20-ए निवासी राज कुमार से, जिसे 23 सितंबर 2024 को विस्तारा एयरलाइंस में नौकरी का झांसा देकर फोन आया, फिर वीडियो कॉल पर इंटरव्यू हुआ, एक आकर्षक ऑफर लेटर मिला और कहा गया कि ज्वाइनिंग से पहले कुछ औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। कैबिन और फ्लैट रेंट तक के नाम पर 1.40 लाख से ज्यादा की रकम के जरिए ठग ली गई।



# गांवों, कॉलोनियों और स्लम क्षेत्रों का जल्द होगा समग्र विकास

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़



नगर निगम चंडीगढ़ की गांव, कॉलोनियों एवं स्लम विकास समिति की पहली बैठक कुलजीत सिंह संधू की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य हरजीत सिंह, मनोज सोनकर एवं लखबीर सिंह के साथ-साथ नगर निगम के संबंधित अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी की।

बैठक के दौरान नगर निगम चंडीगढ़ के अधिकार क्षेत्र में आने वाले गांवों, कॉलोनियों एवं स्लम क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति ने एमसीसी के अंतर्गत विलय किए गए गांवों में किराए की दुकानों की संख्या की समीक्षा करने तथा निगम द्वारा निर्धारित किराए का आकलन करने का निर्णय लिया। इस पर विस्तृत रिपोर्ट अगली बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। यह संकल्प लिया गया कि गांवों में शामलात भूमि सामुदायिक विकास उद्देश्यों जैसे सामुदायिक केंद्रों, खेल के मैदानों एवं अन्य आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं की स्थापना के लिए निर्धारित की जाएगी।

समिति ने संबंधित विभागों को गांव, कॉलोनी और झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाकों में तत्काल विकास कार्यों के लिए 15 लाख रुपए तक के अनुमान तैयार करने के निर्देश दिए। इन अनुमानों को विचार और मंजूरी के लिए अगली बैठक में रखा जाएगा। समिति ने समावेशी शहरी विकास और अपने दायरे में आने वाले सभी इलाकों में रहने की स्थिति में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## देश-विदेश

# संशोधित वक्फ अधिनियम मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नहीं : रिजिजू

एजेंसी, कोच्चि

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि वक्फ अधिनियम में संशोधन मुस्लिम समुदाय को लक्षित करके नहीं किया गया है, बल्कि इसका उद्देश्य 'अतीत की गलतियों' को सुधारना है।



केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार का इरादा यह सुनिश्चित करना है कि भारत में किसी के लिए भी किसी की जमीन 'जबरन और एकतरफा' छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि वक्फ कानून में संशोधन किया गया, क्योंकि इसके कुछ प्रावधानों ने 'वक्फ बोर्ड को अभूतपूर्व शक्ति और अधिकार' दे दिए थे। रिजिजू ने कहा कि 'इसका लक्ष्य मुस्लिम समुदाय नहीं है। इसका उद्देश्य अतीत की गलतियों को सुधारना है।' इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि किसी भूमि को मनमाने ढंग से वक्फ संपत्ति घोषित नहीं किया जा सकेगा। यह बयान संशोधन के खिलाफ विभिन्न मुस्लिम समूहों की ओर से किए जा रहे प्रदर्शनों के बीच आया है, जो पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में हिंसक हो गया है। संसद की ओर से पारित वक्फ विधेयक को 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हो गई।

## जयपुर में पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के घर ईडी की रेड

जयपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को राजस्थान कांग्रेस के नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के परिसरों की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। खाचरियावास ने कहा कि यह राजनीति से प्रेरित कार्रवाई है, क्योंकि वह सरकार के खिलाफ बोलते रहे हैं। उन्होंने अपने घर के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वह ईडी से डरते नहीं हैं। ईडी की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही उनके समर्थक उनके आवास के बाहर पहुंच गए और उनके समर्थन में नारे लगाने लगे।

# खाद्य वस्तुओं के सस्ते होने से थोक मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 2.05 फीसदी

एजेंसी, नई दिल्ली



खाद्य वस्तुओं के सस्ते होने से थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 2.05 प्रतिशत रह गई, जो फरवरी में 2.38 प्रतिशत थी। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में वार्षिक आधार पर वृद्धि हुई है। मार्च 2024 में यह 0.26 प्रतिशत थी।

उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मार्च 2025 में मुद्रास्फीति सालाना आधार पर खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, खाद्य वस्तुओं, बिजली व कपड़ा विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 3.38 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.57 प्रतिशत रह गई। सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट इसकी मुख्य वजह रही। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 3.07 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 2.86 प्रतिशत थी।

# अदालत ने बांसुरी स्वराज को चार सप्ताह में जवाब देने को दिया समय

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली की अदालत ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को, उनके खिलाफ मानहानि के आरोप में मुकदमा चलाने के 'आप' नेता सत्येंद्र जैन के अनुरोध वाली याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। जैन ने स्वराज के खिलाफ उनकी शिकायत पर संज्ञान लेने से इनकार करने वाले अधीनस्थ अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने 22 मार्च को स्वराज को नोटिस जारी किया था। जैन की पुनरीक्षण याचिका पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय देने के अनुरोध वाली स्वराज की याचिका को स्वीकार कर लिया और मामले में सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख तय की।

## कांगो की राजधानी में भारी बारिश से 70 से अधिक लोगों की मौत

किंशासा। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के कई प्रांतों में भारी बारिश और बाढ़ आई है, जिसमें राजधानी किंशासा सबसे अधिक प्रभावित हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, किंशासा में 11 स्वास्थ्य क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, तथा 5,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण कम से कम 72 लोगों की मौत हो गई है और 170 अन्य घायल हो गए हैं।

# नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने की फायरिंग, 40 लोगों की मौत

एजेंसी, नाइजीरिया

नाइजीरिया में हिंसा की मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देश के उत्तर-मध्य भाग में एक ईसाई किसान समुदाय पर मुस्लिम बंदूकधारियों ने हमला किया है, जिसमें करीब 40 लोगों की मौत हुई है। चारवाहों के रूप में आए बंदूकधारियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। वहीं, नाइजीरियाई की राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने लोगों की हत्या पर दुख जाहिर किया है। टीनुबू ने इस हत्याकांड को लेकर कहा कि उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को इस मामले की गहन जांच करने और इस हिंसक कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने का निर्देश दिया है। मानवाधिकार संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' के मुताबिक, इस हमले में मारे गए लोगों में बच्चों और बुजुर्ग भी शामिल है।

# बहराइच में भीषण हादसा: एक ही परिवार के छह लोगों की मौत



एजेंसी, बहराइच

यूपी के बहराइच में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत की सूचना है, जबकि आठ से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना पुलिस को दी गई है। हादसा गोंडा-बहराइच मार्ग पर खुंटेहना चौकी के कांटिलिया के पास हुआ।

बताया जा रहा कि मृतक और घायल हुजूरपुर थाना क्षेत्र के हीरापुर गांव के रहने वाले हैं। वह ऑटो बुक करके पयागपुर थाना क्षेत्र के कोलहवा गांव में एक रिश्तेदार के घर वलीमा में शामिल होने जा रहे थे।

## सिंगापुर में संसद भंग, आम चुनाव के लिए मार्ग प्रशस्त

सिंगापुर। सिंगापुर की संसद मंगलवार को भंग कर दी गई, जिससे यहां आम चुनाव का मार्ग प्रशस्त हो गया। सिंगापुर में लंबे समय से सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के नेतृत्व में आगामी चुनाव में अपना प्रभुत्व मजबूत करने का प्रयास करेगी। उम्मीद है कि चुनाव विभाग दोपहर बाद मतदान की तारीख तय करेगा। 1965 में सिंगापुर की आजादी के बाद से ही वहां का नेतृत्व करने वाली पीएपी की जीत चुनाव में लगभग तय है। हालांकि, पिछले साल मई में सिंगापुर के चौथे नेता के रूप में शपथ लेने वाले वोंग एक मजबूत जीत हासिल करना चाहते हैं, क्योंकि सरकार के प्रति मतदाताओं के बढ़ते असंतोष के कारण 2020 के चुनाव में पीएपी को झटका लगा था।

# वक्फ की जमीनों पर बनवाएंगे मकान: योगी

एजेंसी, हरदोई

- **लातों के भूत बातों से नहीं मानते, सिर्फ डंडे से ही मानेंगे**
- **जिसे बांग्लादेश पसंद, वे वहां चला जाए**

यूपी के सीएम योगी ने मंगलवार को कहा कि वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे। निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा।



वक्फ कानून के विरोध में बंगाल में हो रही हिंसा पर सीएम ने हरदोई में कहा कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। दंगाई डंडे से ही मानेंगे। उन्होंने कहा कि जिसे बांग्लादेश पसंद है, वह बांग्लादेश चला जाए। बंगाल जल रहा है, लेकिन वहां की मुख्यमंत्री के साथ-साथ सपा और कांग्रेस भी चुप हैं। ममता बनर्जी दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं और सेक्युलरिज्म के नाम पर उन्हें खुली छूट दे दी है। इस तरह की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। वहां की कोर्ट को धन्यवाद दूंगा। जिसने वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है। योगी मंगलवार को माधोगंज स्थित रुइया गढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपत सिंह के विजय दिवस समारोह में भाग लिया।

## एसबीआई का होम लोन 0.25 फीसदी सस्ता

नई दिल्ली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने लोन की ब्याज दरों में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के बाद एसबीआई से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो गया है। अब एसबीआई की होम लोन की ब्याज दर सालाना 8 फीसदी से शुरू होंगी।

आरबीआई ने हाल ही में रेपो रेट को 6.25 फीसदी से घटाकर 6.00 फीसदी किया है, जिसके बाद बैंकों ने भी एफडी और लोन की ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। इससे पहले पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक ने भी लोन की ब्याज दरों में कटौती की थी।

# रिपोर्ट : भारत में एआई पर खर्च में 2028 तक होगा 35% का इजाफा

एजेंसी, नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर खर्च भारत में 2028 तक 35 प्रतिशत बढ़कर 9.2 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इंटरनेशनल डेटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) की ओर से जारी नए रिसर्च पेपर पर तैयार की गई क्यूलिक की रिपोर्ट में बताया गया कि बढ़ता हुआ खर्च एआई की क्षमता को अधिकतम करने के लिए बेहतर डाटा गुणवत्ता, प्रशासन और क्लाउड माइग्रेशन की आवश्यकता को दिखाता है।

रिपोर्ट में बताया कि 51 प्रतिशत भारतीय कंपनियां क्लाउड पर एआई सॉल्यूशंस होस्ट कर रही हैं। हालांकि, खराब गुणवत्ता एक चुनौती बनी हुई है। रिपोर्ट में बताया गया कि गुणवत्तापूर्ण डेटा एक बड़ी समस्या बनी हुई है। भारत में 54 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 40 प्रतिशत और आसियान में 40 प्रतिशत और एपीएसी में 50.4 प्रतिशत कंपनियां, इसे चुनौती मानती हैं।

62 प्रतिशत भारतीय संस्थाओं ने डाटा गवर्नेंस और प्राइवेसी पॉलिसी में सुधार की आवश्यकता को पहचाना है, जबकि 28 प्रतिशत एआई डाटा पूर्वाग्रह की चुनौती जूझ रही थी।

इन चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय कंपनियां एआई-तैयार डाटा रणनीतियों को स्थापित करने के लिए डाटा एकीकरण, एमएल प्लेटफॉर्म और एनालिटिक्स में निवेश कर रही हैं।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
357




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
12




सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 05 | 04 | 01 | 08 |
| 2. | गुजरात | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 3. | बेंगलुरु | 06 | 04 | 02 | 08 |
| 4. | लखनऊ | 07 | 04 | 03 | 08 |
| 5. | कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 06 |
| 6. | पंजाब | 05 | 03 | 02 | 06 |
| 7. | मुंबई | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 8. | राजस्थान | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 04 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन में उनकी दीर्घकालिक सेवा और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए मंगलवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलेयर के अनुसार, ''राष्ट्रमंडल खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रावधान है और इसलिए डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में अगली महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है।'' जेनकिंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''खेलों को आगे बढ़ाने और विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए मुझे जो अवसर दिए गए, उन पर मुझे विशेष रूप से गर्व है। मैं राष्ट्रमंडल खेल संघ के अपने सहयोगियों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।'' अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रुकारे ने कहा, ''मैं इस पद पर अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार हूं और मुझ पर विश्वास करने के लिए बोर्ड को धन्यवाद देता हूं। हम अपने खेलों के इतिहास में एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजरे हैं और अब हम 2026 में ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों के सफल आयोजन की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं।''

### जडेजा अपनी पत्नी रिवाबा के साथ

**नई दिल्ली।** भारतीट क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा जैसे अपनी घातक गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। ठीक वैसे ही उनकी पत्नी रिवाबा जडेजा एक फेमस पॉलिटिशियन हैं। रिवाबा की लाइफस्टाइल राजशाही है।



### नेपोली ने एम्पोली को हराकर इंटर मिलान पर दबाव बढ़ाया

**एजेंसी, नेपल्स (इटली)।** स्कॉट मैकटोमिने के दो गोल और रोमेलु लुकाकु के एक गोल की मदद से नेपोली ने एम्पोली को 3-0 से हराया और इस तरह से इटली की फुटबॉल लीग सीरी ए में इंटर मिलान की बढ़त को तीन अंकों तक सीमित कर दिया। स्कॉटलैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मैकटोमिने ने इस सत्र में नेपोली की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 18वें मिनट में टीम की तरफ से पहला गोल किया। लुकाकु ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही स्कोर 2-0 कर दिया, जबकि इसके पांच मिनट बाद मैकटोमिने ने अपना दूसरा गोल दागा। इस जीत से नेपोली के 32 मैच में 68 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इंटर मिलन 32 मैच में 71 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है।

**आईपीएल** दिल्ली कैपिटल्स अपने मैदान पर जीत का स्वाद चखने के लिए तैयार

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आज उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सत्र की शानदार शुरूआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स इस झटके को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में फिर जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया। इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है । संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करुण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाए। एक समय दिल्ली का स्कोर 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन था, लेकिन इसके बाद 74 रन के भीतर आखिरी नौ विकेट गंवा दिए। उसके तीन बल्लेबाज 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर रन आउट हुए और 12 रन से पराजय का सामना करना पड़ा।



दिल्ली के पास इस हार का दुख मनाने का समय नहीं था, क्योंकि दो दिन के भीतर ही उसे रॉयल्स के खिलाफ कल खेलना है। दिल्ली के लिए एक बार फिर सफलता की कुंजी स्पिनर साबित हो सकते हैं। पिछले मैच में हार के बावजूद कुलदीप यादव और 20 वर्ष के विपराज निगम ने शानदार प्रदर्शन किया। अक्षर हालांकि, उतना प्रभावित नहीं कर सके हैं और छह मैचों में 14 ओवर डालकर भी उन्हें विकेट नहीं मिली है । इसके अलावा उन्होंने 10 से अधिक की दर से प्रति ओवर रन दिए हैं।

बल्लेबाजी में भी वह छाप नहीं छोड़ पाए हैं । पिछले सत्र में आक्रामक प्रदर्शन करने वाले जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय में नहीं हैं और अभी तक सिर्फ 46 रन बना पाए हैं। फाफ डु प्लेसी चोट के कारण बाहर है और नायर की जगह टीम में पक्की लग रही है। मध्यक्रम में केएल राहुल ने दारोमदार संभाल रखा है। उनका साथ देने के लिये ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और निगम हैं। दूसरी ओर रॉयल्स की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है। यशस्वी जायसवाल सिर्फ पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ अर्द्धशतक बना सके हैं। कप्तान सैमसन अभी तक एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाए, जबकि रियान पराग और ध्रुव जुरेल का बल्ला भी खामोश है। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर महंगे साबित हुए हैं। संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी गेंदबाज रनगति पर अंकुश नहीं लगा पाया है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**दिल्ली कैपिटल्सः** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), जेक फ्रेजर-मैकगुर्क, करुण नायर, फाफ डु प्लेसी, डोनोवन फरेरा, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स (विकेटकीपर), समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, दर्शन नालकंडे, विप्रज निगम, अजय मंडल, मनवंत कुमार, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, मिशेल स्टार्क, टी नटराजन, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव ।

**राजस्थान रॉयल्सः** संजू सैमसन (कप्तान), रियान पराग, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, कुणाल राठौड़, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, नितीश राणा, युद्धवीर सिंह, जोफ्रा आर्चर, महेश थीक्षाना, वानिंदु हसरंगा, आकाश मधवाल, कुमार कार्तिकेय सिंह, तुषार देशपांडे, फजलहक फारूकी, क्वेना मफाका, अशोक शर्मा, संदीप शर्मा।

## मुंबई इंडियंस की रणनीति पर पड़ रहा रोहित शर्मा के खराब फॉर्म का असर : अंजुम

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है।

मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पांच मैचों में 0, 8, 13, 17 और 18 स्कोर बनाया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है ।अंजुम ने कहा,''आप खराब फॉर्म में हो सकते हैं । यह कोई अपराध नहीं है, लेकिन इससे टीम को मदद नहीं मिल रही। इससे मुंबई को वह शुरूआत नहीं मिल सकी जो मिलनी चाहिये थी।''

उन्होंने कहा,''उनके पास विकल्प है। रोहित को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेज सकते हैं। ऐसा नहीं है कि रोहित शर्मा फॉर्म में नहीं हैं , कई बार आपको टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत नहीं मिल पाती जिससे बतौर बल्लेबाज या बतौर खिलाड़ी आप पर असर पड़ता है।'' अंजुम ने कहा,''खेल में यह होता है। हम टूर्नामेंट देख रहे हैं, आईपीएल हो या विश्व कप, लेकिन मुझे बताइए कि विश्व कप में क्या आप नहीं चाहेंगे कि आपका सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज फॉर्म में हो। इस तरह के प्रदर्शन में काफी ऊर्जा की जरूरत होती है।'' उन्होंने कहा,''कई लोग उससे उबर जाते हैं और अगले टूर्नामेंट में ढल जाते हैं। उसे उस तरह की शुरुआत आईपीएल में मिल नहीं सकी, लेकिन हमें पता है कि वह किस दर्जे का खिलाड़ी है और किस तरह से मैच जिता सकता है।''

## केकेआर ने पंजाब को सस्ते में निपटाया

**एजेंसी, मुल्लांपुर**



आईपीएल का 31वां मैच पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह स्टेडियम में मंगलवार को खेला गया। पंजाब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी जो उसके लिए नुकसानदेह साबित हुई। ओपनिंग बल्लेबाजी करने आए प्रियांश आर्य ने तेजी से खेलने की कोशिश की और उन्होंने 3 चौके व एक छक्का जड़ा, लेकिन 22 रन के स्कोर रमनदीप के हाथों कैच हो गए, वहीं प्रभसिमरन सिंह ने भी 3 छक्के जड़े हो और 30 रन के स्कोर पर चलते बने। उसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर शून्य पर आउट हो गए। वहीं, इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने जोश इंग्लिस को बोल्ड कर दिया। उसके बाद नेहाल वढेरा भी जल्दी ही आउट हो गए। नेहाल ने 9 गेंदों में 10 रन बनाए। ग्लेन मैक्सवेल (7) को वरुण चक्रवर्ती ने बोल्ड किया। कोलकाता की टीम ने पंजाब किंग्स को संभलने का मौका ही नहीं दिया और किसी भी खिलाड़ी को ज्यादा देर तक क्रीज पर टिकने नहीं दिया। केकेआर के गेंदबाज पंजाब पर पूरी तरह से हावी थे। समाचार लिखे जाने तक पंजाब ने 11 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 89 रन बना लिए थे। शशांक (8)जेवियर बार्टलेन (2) रन बनाकर खेल रहे थे।



## श्रेयस अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**एजेंसी, दुबई**

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।



अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, ''मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।'' उन्होंने कहा, ''प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।'' यह लगातार दूसरा महीना है, जबकि किसी भारतीय खिलाड़ी ने यह पुरस्कार हासिल किया। इससे पहले शुभमन गिल ने फरवरी महीने के लिए यह पुरस्कार जीता था। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी में बीच के ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करके पारी को संवारने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण साझेदारियां निभाई जिससे भारत इस टूर्नामेंट में अपने सभी मैच जीतने में सफल रहा था।

## सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे सिंधू-सेन



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे। अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैंपियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है। भारत को ग्रुप डी में पूर्व चैंपियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है।

भारत की 14 सदस्यीय टीम में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भी चोट से उबरकर वापसी हुई है। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी। उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा महिला युगल वर्ग में उतरेंगे। वहीं पुरुष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में कहा,''चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। हम जीत के लिए एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं है। हमें यकीन है कि यह टीम पदक जीतकर इतिहास रचेगी।'' सेन के अलावा पुरूष एकल में एच एस प्रणय भी होंगे जबकि महिला एकल में सिंधू के साथ दुनिया की 45वें नंबर की खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय उतरेंगी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो चुनौती पेश करेंगे।

## पहले मिनट में किए गए गोल से बोर्नमाउथ ने फुलहम को हराया

**बोर्नमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नमाउथ ने पहले मिनट में किए गए गोल के दम पर सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर फुलहम को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में छह मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की। बोर्नमाउथ की तरफ से एंटोनी सेमेन्यो ने पहले मिनट में ही गोल कर दिया था। घाना के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने एलेक्स स्कॉट से पास पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से बोर्नमाउथ 32 मैच में 48 अंक लेकर आठवें स्थान पर पहुंच गया है और उसने अगले सत्र में यूरोपीय लीग में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी है। फुलहम के भी 32 मैच में 48 अंक हैं लेकिन गोल अंतर के कारण वह बोर्नमाउथ से एक स्थान पीछे है।

## जूलियन अल्वारेज ने पेनल्टी पर दागे दो गोल एटलेटिको ने खिताब की उम्मीद रखी जीवंत

**एजेंसी, मैड्रिड**

जूलियन अल्वारेज के पेनल्टी पर किए गए दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने वलाडोलिड को 4-2 से हरा दिया और इस तरह से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा को जीतने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी।

एटलेटिको के इस जीत से 31 मैच में 63 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 अंक है जबकि रियाल मैड्रिड 31 मैच में 66 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अल्वारेज ने 25वें और 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला।

एटलेटिको की तरफ से उनके अलावा गिउलिआनो शिमोन (27वें मिनट) और अलेक्जेंडर सोरलोथ (79वें) ने एक एक गोल किया। पिछले 11 मैच में से 10 मैच में हार का सामना करने वाले वलाडोलिड की तरफ से मामादोउ सिल्ला ने 21वें मिनट में पेनल्टी पर जबकि जावी सांचेज ने 56वें मिनट में मैदानी गोल किया।

## बिश्नोई ने पंत का किया बचाव

**एजेंसी, लखनऊ**

लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई इस बात को लेकर निश्चित नहीं हैं कि अच्छे स्पैल के बावजूद उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का मौका क्यों नहीं मिला, लेकिन उन्होंने अपने कप्तान ऋषभ पंत के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में कुछ खास योजनाएं थीं।

**कहा- कप्तान के दिमाग में कुछ खास थी योजना**



चेन्नई को जब 30 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी तथा महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे खेल रहे थे, तब पंत ने स्पिनर की बजाय तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करवाने का विकल्प चुना लेकिन उनका यह दाव नहीं चल पाया और धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मेरी वास्तव में इसको लेकर उनसे (ऋषभ पंत) कोई बात नहीं हुई। मैं दो बार विकेट पर आया लेकिन शायद उनके दिमाग में कुछ और योजनाएं थी। शायद उनका नजरिया कुछ और था।'

उन्होंने कहा, ''एक कप्तान परिस्थितियों का बेहतर आकलन कर सकता है तथा विकेट के पीछे खड़े होने के कारण वह चीजों को अच्छी तरह से समझ सकता है। इसलिए मेरा मानना है कि उन्होंने वही फैसला किया जो उन्हें बेहतर लगा।'' बिश्नोई ने कहा, ''मेरा चौथा ओवर करवाने को लेकर उनसे कोई बात नहीं हुई। उनका नजरिया स्पष्ट था कि वह क्या करना चाहते हैं। इस तरह की तनावपूर्ण स्थितियों में यही बेहतर होता है कि कप्तान अपनी सोच के साथ आगे बढ़े, ताकि वह बेहतर फैसला कर सके।''

**आग्रह** धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का किया आग्रह

## हमें बेहतर पिच पर खेलने की जरूरत: धोनी

**एजेंसी, लखनऊ**



महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का आग्रह किया है, जिससे उनके बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके, क्योंकि वह चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स निर्भीक क्रिकेट खेले।

धोनी की 11 गेंदों में 26 रन की पारी ने चेन्नई को लखनऊ सुपर जायंट्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से पांच बार के चैंपियन ने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया, जिसमें घरेलू मैदान पर तीन हार भी शामिल हैं।

पिछले छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले धोनी ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, ''एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है।'' उन्होंने कहा, ''शायद हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की जरूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। हम निर्भीक होकर खेलना चाहते हैं।''

धोनी ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा ,'' जीतकर अच्छा लग रहा है। बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढा है। यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है। उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी।''

धोनी ने कहा,''पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे, लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की। हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी । शायद चेन्नई की विकेट के कारण। उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे।''

### इस जीत से बनेगी लय

**लखनऊ** सुपर जाइंट्स पर पांच विकेट से जीत के बाद लगातार पांच मैचों में हार का क्रम तोड़ने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने उम्मीद जताई कि इस जीत से टीम की लय बनेगी। धोनी ने मैच के बाद कहा,''जीतकर अच्छा लग रहा है। बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके, लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढ़ा है। यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है। उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी।'' उन्होंने कहा,''पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे, लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की। हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी । शायद चेन्नई की विकेट के कारण । उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे।''